सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:12
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-156 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 27 नवम्बर 2024

24 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



### भारतीय संविधान का 75वां वर्ष : सुप्रीम कोर्ट में पीएम मोदी ने कहा

# संविधान हमारा मार्गदर्शक है : मोदी

**संबोधन**

- हर आतंकी संगठन को देंगे मुंहतोड़ जवाब
- संविधान ने आपातकाल देखा व सामना भी किया



**नई दिल्ली।** भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उच्चतम न्यायालय के प्रशासनिक भवन परिसर के सभागार में संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व का जब हम स्मरण कर रहे हैं, तब ये भी नहीं भूल सकते कि 26 नवमबर को मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है। इस हमले में जिन व्यक्तियों का निधन हुआ, उन्हें मैं श्रद्धांजलि देता हूं। मैं देश का यह संकल्प भी दोहराता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले हर आतंकी संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। मोदी ने कहा कि हमारे संविधान निर्माता ये जानते थे कि भारत की आकांक्षाएं, भारत के सपने समय के साथ नई ऊंचाई पर पहुंचेंगे। वो जानते थे कि आज़ाद भारत की और भारत के नागरिकों की ज़रूरतें बदलेंगी, चुनौतियां बदलेंगी। इसलिए उन्होंने हमारे संविधान को महज़ कानून की एक किताब बनाकर नहीं छोड़ा, बल्कि इसको एक जीवंत, निरंतर प्रवाहमान धारा बनाया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान देश की हर अपेक्षा और जरूरत पर खरा उतरा है। यह संविधान की ताकत ही है कि आज जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब का संविधान पूरी तरह से लागू हो सका है। पहली बार जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस मनाया गया। कहा कि आज भारत परिवर्तन के एक बड़े दौर से गुजर रहा है और भारत का संविधान हमें राह दिखा रहा है। यह हमारे लिए मार्गदर्शक बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान, हमारे वर्तमान और हमारे भविष्य का मार्गदर्शक है। आज हर देशवासी का एक ही ध्येय है- विकसित भारत का निर्माण। उन्होंने कहा कि भारतीयों को त्वरित न्याय मिले, इसके लिए नई न्याय संहिता लागू की गई है।

## हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है संविधान : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को देश का सबसे पवित्र ग्रंथ बताते हुए मंगलवार को कहा कि इस प्रगतिशील और जीवंत दस्तावेज के माध्यम से राष्ट्र ने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लक्ष्यों को हासिल किया है। संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा, हमारा संविधान हमारे लोकतांत्रिक गणतंत्र की सुदृढ़ आधारशिला है। हमारा संविधान जीवंत और प्रगतिशील ग्रंथ है। हमारे संविधान के माध्यम से हमने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लक्ष्यों को प्राप्त किया है।

# चार राज्यों में राज्यसभा की 6 सीटों पर मतगणना 20 को

**घोषणा**




**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को चार राज्यों में राज्यसभा की रिक्त छह सीट के लिए 20 दिसंबर को उपचुनाव कराने की घोषणा की है। नतीजे भी उसी दिन शाम या रात तक घोषित कर दिए जाएंगे। आंध्र प्रदेश में तीन रिक्तियां तब पैदा हुई थीं, जब वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सदस्य वेंकटरमण राव मोपीदेवी, बीड़ा मस्तान राव यादव और रयागा कृष्णैया ने अगस्त में उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

राज्यसभा सदस्य के रूप में यादव और कृष्णैया का कार्यकाल 21 जून, 2028 को समाप्त होना था, जबकि मोपीदेवी को 21 जून, 2026 को सेवानिवृत्त होना था। ओडिशा में एक रिक्ति तब हुई, जब सुजीत कुमार ने अपनी सीट छोड़ दी। इसके बाद उन्हें बीजू जनता दल द्वारा निष्कासित कर दिया गया था। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल, 2026 को समाप्त होना था। तृणमूल कांग्रेस के जवाहर सरकार ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के बाद अप्रैल में इस्तीफा दे दिया था। वह अप्रैल 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कृष्ण लाल पंवार ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में विधायक चुने जाने के बाद हरियाणा से राज्यसभा की अपनी सीट छोड़ दी थी।

हाल के विधानसभा चुनावों के बाद, आंध्र प्रदेश में तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) और ओडिशा में भाजपा का राज्यसभा उपचुनाव में पलड़ा भारी रहेगा।

## न्यूज डायरी

### पीएम से मिले सोरेन

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) गठबंधन सरकार बनाने वाला है। झामुमो की जीत के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ दिल्ली दौरे पर हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी से मिलने से पहले हेमंत और उनकी पत्नी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने संसद भवन पहुंचे थे।

### अखिलेश जाएंगे संभल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को संभल जाने से रोके जाने से नाराज सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एलान किया है कि अब वह खुद संभल जाएंगे। अखिलेश ने कहा कि पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संभल में पीड़ित और परेशान लोगों से मिलने के लिए जाना चाहता था लेकिन सरकार ने उसे वहां जाने से रोक दिया है। 'अब पार्टी का प्रतिनिधिमंडल तो संभल जाएगा ही, मैं खुद भी जाऊंगा। समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवारों की मदद भी करेगी।

### फडणवीस बन सकते है सीएम

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन को भारी जीत दिलाने के बाद अब मुख्यमंत्री पद को लेकर हलचल तेज हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि एकनाथ शिंदे ने मंगलवार सुबह सीएम पद से अपना इस्तीफा दे दिया। अब माना जा रहा है कि देवेंद्र फडणवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री बन सकते हैं। हालांकि, शिंदे ने भी अपनी दावेदारी नहीं छोड़ी है। चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 288 सदस्यीय विधानसभा में 235 सीटों पर भारी जीत हासिल की। दो परिदृश्य हैं जिन पर काम किया जा रहा है। पहले परिदृश्य में, एकनाथ शिंदे पूरे पांच साल के लिए देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री रहेंगे।

# ट्रंप वापस ले सकते हैं अदाणी के खिलाफ रिश्वतखोरी मामला

- अमेरिकी वकील का दावा



**न्यूयॉर्क।** भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिका की ओर से लगाए गए आरोपों को लेकर भारतीय अमेरिकी वकील रवि बत्रा ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद अदाणी के खिलाफ रिश्वतखोरी के मामले को वापस ले सकते हैं।

रवि बत्रा ने कहा कि हर नए राष्ट्रपति के पास एक नई टीम होती है। डोनाल्ड ट्रंप 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर किसी भी ऐसे मुकदमे और मामलों को निष्प्रभावी कर सकते हैं जो विरोधी को निशाना बनाने के लिए कानून का सहारा लेने पर आधारित है। कानून का अपने विरोधियों को निशाना बनाने के लिए इस्तेमाल करना अमेरिका के संघीय संविधान द्वारा दी गई कानून के समान संरक्षण की गारंटी के लक्ष्य को नकारता है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को गौतम अदाणी भारतीय सरकार के साथ उठा सकते हैं और अनुरोध कर सकते हैं कि वह इस पर ट्रंप प्रशासन से बात करे। यदि आपराधिक या दीवानी आरोपों को बेबुनियाद या दोषपूर्ण माना जाता है तो राष्ट्रपति ट्रंप का नया न्याय मंत्रालय और एसईसी (प्रतिभूति और विनिमय आयोग) आपराधिक और दीवानी मामलों को वापस ले सकता है।

# कांग्रेस ने घोंटा संविधान का गला : योगी

**संविधान दिवस**

- संविधान में नहीं थे सेक्युलर और समाजवादी शब्द : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उसने संविधान की उद्देशिका से छेड़छाड़ की थी। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान दिया था, उसमें 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्द नहीं थे। जब यह देश के नागरिक अधिकार निरस्त किए गए थे, इमरजेंसी थी, तब कांग्रेस ने चोरी छिपे तब इन दो शब्दों को संविधान में जोड़कर उसकी आत्मा का गला घोंटने का काम किया था।

योगी ने संविधान दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर की अगुवाई में बनी संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी ने न्याय, समता और बंधुता जैसे मूल्यों को संविधान में शामिल कर देश को एक सशक्त भविष्य दिया। संविधान हर जाति, मत और मजहब के व्यक्ति को समान मताधिकार देता है। भाजपा सरकार ने संविधान के प्रति लोगों की आस्था को मजबूत किया है। जो लोग देश की जनता को गुमराह करते हैं, उनकी भावनाओं के बारे में देश की जनता को जानना जरूरी है। इनका चेहरा वास्तव में लोकतांत्रिक नहीं है। ये तानाशाही, फासीवादी मानसिकता के साथ काम करने वाले लोग हैं। जब भी अवसर मिलेगा, ये अपनी हरकत से बाज नहीं आएंगे। दलित, अति पिछड़ी जाति के लोगों को मिले संवैधानिक अधिकारों के बारे में किस प्रकार की टिप्पणियां ये करते हैं, किसी से छिपा नहीं है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत कई मंत्री, विधायक और अधिकारी उपस्थित रहे।



### महिलाओं को दी मताधिकार की शक्ति

सीएम ने कहा कि भारत ने सबसे पहले महिलाओं को मताधिकार की शक्ति दी। पीएम मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करके विधायिका में एक तिहाई सदस्य महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया। यह भी दुनिया में सबसे पहले भारत में हुआ है। हमारा सौभाग्य है कि हम आजादी के अमृत काल में संविधान के अमृत महोत्सव को मना रहे हैं।

### झांसी अग्निकांड

## जांच कमेटी ने शासन को भेजी रिपोर्ट

**लखनऊ।** झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 बच्चों की मौत मामले में शासन की ओर से गठित कमेटी ने जांच रिपोर्ट सौंप दी है। शासन को भेजी गई रिपोर्ट में कई स्तर पर खामियां मिली हैं। ऐसे में कार्यवाहक प्रधानाचार्य सहित कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई होना तय है। महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में 15 नवंबर को आग लगने से 10 बच्चों की मौत हो गई थी। जबकि इस अग्निकांड में झुलसे आठ बच्चों की भी अलग- अलग दिन मौत हो गई है। पूरे मामले की जांच के लिए शासन की ओर से चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशक किंजल सिंह के नेतृत्व में चार सदस्यी कमेटी गठित की गई। कमेटी ने मौका मुआयना करने के बाद विस्तार से रिपोर्ट तैयार की है। यह रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से 26 नवम्बर, 2024 को उनके सरकारी आवास पर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा ने शिष्टाचार भेंट की।

### बांग्लादेश में चिन्मय दास की गिरफ्तारी पर भारत ने जताई चिंता

# हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो: विदेश मंत्रालय

**हिंसा का विरोध**

- देशद्रोह का मुकदमा हो चुका दर्ज
- शेख हसीना की सरकार जाने के बाद से बढ़े हमले



**ढाका।** बांग्लादेश की एक कोर्ट ने हिंदू संगठन सम्मिलित सनातनी जोत के नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया। इससे पहले बांग्लादेश पर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन करने पर इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास प्रभु पर कार्रवाई की गई थी। उनको देशद्रोह और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में बांग्लादेश पुलिस ने ढाका एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया था। इसके खिलाफ हिंदू समुदाय के लोग ढाका की सड़कों पर उतर पड़े थे और जाम लगा दिया था। कई जगह से हिंसा की खबरें भी आई थीं।

इस पर अब भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, हमने बांग्लादेश सम्मिलित सनातनी जोत के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और जमानत न दिए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। यह घटना बांग्लादेश में चरमपंथी तत्वों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर कई हमलों के बाद हुई है। हम बांग्लादेश के अधिकारियों से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं, जिसमें शांतिपूर्ण सभा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उनका अधिकार भी शामिल है। इससे पहले 30 अक्तूबर को बांग्लादेश में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में देशद्रोह अधिनियम के तहत चिन्मय कृष्ण दास प्रभु समेत 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। आरोप है कि 25 अक्तूबर को चटगांव के लालदीघी मैदान में सनातन जागरण मंच ने आठ सूत्री मांगों को लेकर एक रैली की थी। इस दौरान एक चौक पर स्थित आजादी स्तंभ पर कुछ लोगों ने भगवा ध्वज फहराया था। इस ध्वज पर आमी सनातनी लिखा हुआ था। इसे लेकर चिन्मय कृष्ण दास पर राष्ट्रीय झंडे की अवमानना व अपमान करने का आरोप लगाया गया है। बीते अगस्त में एक छात्र आंदोलन के चलते शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

**संविधान दिवस**

### राहुल गांधी ने फिर दोहराई जातीय जनगणना की बात

# संविधान सिर्फ किताब नहीं : राहुल गांधी

**कार्यक्रम**

- राहुल गांधी ने बोलना शुरू किया, तभी माइक हो गया बंद

**नई दिल्ली।** संविधान दिवस के मौके पर राहुल गांधी ने तालकटोरा स्टेडियम में एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया था। हालांकि जैसे ही राहुल गांधी ने बोलना शुरू किया, तभी उनका माइक बंद हो गया। जिसके बाद पार्टी नेताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी।

गौरतलब है कि राहुल गांधी कई बार संसद में उनका माइक बंद करने का आरोप लगा चुके हैं। अब खुद उनकी ही पार्टी के कार्यक्रम में माइक बंद होने पर राहुल गांधी भी मुस्कुराते दिखाई दिए।

माइक के चालू होने के बाद जब राहुल गांधी ने फिर से बोलना शुरू किया तो उन्होंने कहा कि इस देश में जो भी दलितों और पिछड़ों की बात करता है, उसका माइक इसी तरह से बंद हो जाता है। राहुल ने कहा कि चाहे कितने भी माइक बंद कर लो, लेकिन मुझे कोई भी बोलने से नहीं रोक सकता। कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने जातीय जनगणना की मांग फिर दोहराई। उन्होंने कहा कि देश के शीर्ष उद्योगपतियों में कोई भी दलित, पिछड़ा या आदिवासी वर्ग से नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले हमने तेलंगाना में जातिगत जनगणना से जुड़ा काम शुरू किया। इसमें जो सवाल पूछे जा रहे हैं, वो प्रदेश के दलितों, पिछड़ों, गरीबों ने मिलकर तय किए हैं।

मतलब तेलंगाना की जनता ने जातीय जनगणना का प्रारूप डिजाइन किया है। ये एक ऐतिहासिक कदम है। हमारी जहां भी सरकार होगी, हम इसी पैटर्न से जातिगत जनगणना करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है, ये हिंदुस्तान की हजारों साल की सोच है। इसमें गांधी जी, आंबेडकर, भगवान बुद्ध, फुले जैसे महान लोगों की आवाज है, लेकिन सावरकर की आवाज नहीं है। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि हिंसा का प्रयोग करना चाहिए। किसी को मारना या डराना चाहिए। झूठ बोलकर सरकार चलानी चाहिए।



### राहुल और ज्योतिरादित्य सिंधिया आमने-सामने आए

मंगलवार को संसद भवन में आयोजित हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम में सभी दलों के सांसद शामिल हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान सेंट्रल हॉल में एक अप्रत्याशित दृश्य देखने को मिला जब राहुल गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया आमने-सामने आए। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से हाथ मिलाया और कुछ देर तक आपस में बातचीत की। इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं और लोगों ने इसे लेकर तरह-तरह के कयास लगाने शुरू कर दिए। हालांकि, इस मुलाकात को लेकर न तो राहुल गांधी और न ही सिंधिया ने कोई टिप्पणी की है।

# कोविड का दौर अलग था, अब राशन की मुफ्तखोरी बढ़ती जा रही: सुप्रीम कोर्ट

- राशन कार्ड एक महत्वपूर्ण आधिकारिक दस्तावेज है जो किसी व्यक्ति की पहचान और अधिकार से जुड़ा होता है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राशन की मुफ्तखोरी को लेकर तल्ख टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राशन की मुफ्तखोरी बढ़ती जा रही है। कोविड का दौर अलग था, तब प्रवासी श्रमिकों को राहत देने के लिए मुफ्त राशन दिया गया था। मंगलवार को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सभी प्रवासी श्रमिकों के लिए मुफ्त राशन की मांग करने वाले एक एनजीओ की ओर दायर याचिका पर सुनवाई की।

एनजीओ के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी श्रमिकों को मुफ्त राशन और राशन कार्ड देने के निर्देश दिए थे, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। इस पर न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि राशन कार्ड एक महत्वपूर्ण आधिकारिक दस्तावेज है जो किसी व्यक्ति की पहचान और अधिकार से जुड़ा होता है। मुश्किल तब आती है जब हम मुफ्तखोरी में लिप्त हो जाते हैं। अब यह बढ़ रही है। कोविड का समय कुछ अलग था, लेकिन अब हमें इस पर विचार करना होगा। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिकाकर्ता के वकील भूषण की दलील पर आपत्ति जताई।



# कलेक्ट्रेट में मनाया गया संविधान दिवस कार्यक्रम कार्मिक हुए शामिल



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ ÷संविधान दिवस÷ मनाया गया। संविधान दिवस पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में संविधान की आत्मा उद्देशिका का पाठन किया गया। इस कार्यक्रम में एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम राजीव निगम, रत्नाकर मिश्रा, रेनू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम और उपस्थित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों के साथ भारत माता एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। राजधानी लखनऊ में संविधान दिवस पर आयोजित सीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को संविधान हमारे देश में लागू हुआ, लेकिन संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर, 1949 को ही संविधान अंगीकृत कर लिया गया था। संविधान की महत्ता एवं कर्तव्य बोध समझाने के उद्देश्य से व्यापकता के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आइए, राष्ट्रहित और लोकहित के दृष्टिगत हम सभी अपने संविधान के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लें।एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे प्राचीनतम लोकतंत्र है, और उस लोकतंत्र का प्राण हमारे संविधान में बसता है। संविधान निर्माताओं ने तमाम देशों के संविधानो का अध्ययन करने के उपरांत अपने देश की संस्कृति, चेतना और विरासत को समावेशित करते हुए इस संविधान का निर्माण किया है।

# गन्ना छिलाई करते समय खेतों में देखा गया बाघ

**लखीमपुर-खीरी।** वन रेंज क्षेत्र महेशपुर के गांव मूड़ा जवाहर में मंगलवार को गन्ना छिलाई करते समय खेतों में बाघ देखा गया। जिससे दहशत फैल गई। मुड़ा जवाहर में गन्ना छिलाई कर रहे रामकिशोर, अनिल को खेत में बाघ दिख गया। सभी जान बचाकर भागे। सूचना के बाद भी वन विभाग उदासीन बना है। उसे लोगों की जान की चिंता नहीं है। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा है कि अजान क्षेत्र के गांव इमलिया के अमरीश भारती और मूड़ा अस्सी के जाकिर अली को बाघ अपना निवाला बना चुका है। वन विभाग इंसान की कम कीमत आंक कर बाघ को पकड़ने के लिए तैयार नहीं है। श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा है कि अमरीश और जाकिर अली को बाघ के निवाला बनाये जाने के बाद राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के द्वारा वन रेंज महेशपुर का घेराव करने के बाद वन विभाग जागा था और बाघ की लोकेशन के लिए ड्रोन कैमरा की मदद ली गई थी और लोकेशन भी मिली थी, पर ट्रेकुलाइज नहीं कर सके थे,फिर हाथी भी मगाये। टीमें लगा कर लाखों रुपए खत्म कर दिए, किंतु बाघ नहीं पकड़ा गया। अब गन्ने की छिलाई और रवी फसल की बुवाई चल रही है। किसान न ही गन्ने की छिलाई करा पा रहे हैं और न ही गेहूं , मसूर , लाही आदि फसलों की बुवाई कर पा रहे हैं।

## मुख्य डाकघर में आधार कॉर्ड बनने शुरू

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के मुख्य डाकघर में कई माह बाद फिर आधार कॉर्ड बनने शुरू किए गए हैं मुख्य डाकघर में उच्च अधिकारियो के अधक प्रयासों के चलते अधार कार्ड बनना आरम्भ कर दिया गया है। आधार कार्ड बनवने बाले लोगों के लिये सुबह दस बजे से लेकर शाम पांच बजे तक कार्य अवधि तक नवीन आधार कार्ड,आधार कार्ड संशोधन,आधार कार्ड में मोबाइल नाम संशोधन आदि करने की योजना आरम्भ कर दी गई है। पिछले कई माह से डाक घर में आधार कार्ड नहीं बनाए जा रहे थे।

# अधिकारी पीड़ित और परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें : दुर्गा शक्ति नागपाल



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर जिला स्तरीय अधिकारियों-कर्मचारियों की एक दिवसीय आईजीआरएस संवेदीकरण कार्यशाला हुई। डीएम-एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में अधिकारी कर्मचारियों का संवेदीकरण हुआ। कार्यशाला में मुख्य रूप से डीएफओ, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि सभी अफसर प्राप्त शिकायतो के समाधान पर फोकस करते हुए गुणवत्तापरक निस्तारण कराए। सभी अधिकारी शिकायतकर्ताओं से बात कर उन्हें संतुष्ट अवश्य कर दें। उन्होंने आइजीआरएस पोर्टल की वर्किंग को बिंदुवार रेखांकित किया। प्रतिदिन 10 मिनट डेडिकेट आइजीआरएस पोर्टल को अनिवार्य रूप से दें। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई पोर्टल पर प्रतिदिन कोई भी संदर्भ डिफाल्टर न होने दें। सभी अधिकारी स्वयं भलि-भांति परीक्षण कर समयबद्धता के साथ सन्दर्भो का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराये। निस्तारण की कार्रवाई से फरियादी का संतुष्ट होना जरूरी है। शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए डीएम ने ज़िला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्वयं मौके पर जाकर फरियादी से वार्ताकर प्रकरणों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करे। अधिकारी पीड़ित और परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए। जनशिकायतों और समस्याओं से जुड़े आवेदन का संतोषप्रद निस्तारण किया जाये। सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि जिस स्तर पर शिकायत लंबित है या शिकायतकर्ता असंतुष्ट है, तो उसका कारण जानकर शीघ्र समाधान कराना सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाने पर जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाए। संवेदीकरण कार्यशाला में एसपी गणेश प्रसाद साहा ने आइजीआरएस पोर्टल की सभी बारीकियां को रेखांकित किया। निर्देश दिए कि पुलिस महकमे के अफसरो और कार्मिको को निर्देश दिए कि पोर्टल कि स्वयं नियमित मॉनिटरिंग करें, जो शिकायतें आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त हो रही हैं।

# संभल जाने की सूचना पर सपा जिलाध्यक्ष नजरबंद, घर के बाहर पुलिस बल तैनात



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संभल हिंसा की जांच के लिए एक प्रतिनिधिमंडल नियुक्त किया है। इसमें आंवला सांसद नीरज मौर्य और बरेली सपा जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप को भी शामिल किया गया है। संभल जाने की रणनीति बनाने से पहले ही सपा जिला अध्यक्ष को उनके घर कंधरपुर में पुलिस ने नजरबंद कर दिया। ऐसे में सपाइयों ने संविधान दिवस का कार्यक्रम भी जिलाध्यक्ष के घर पर ही मनाया। वहां सपा जिलाध्यक्ष के अलावा महानगर अध्यक्ष शमीम खान सुल्तानी और पार्टी के अन्य लोग पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान सपा जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि संभल में सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया गया। संभल लोकसभा की कुंदरकी सीट पर छह महीने पहले ही लोकसभा चुनाव में चालीस हजार की बढ़त से जीत मिली थी। वहीं अब डेढ़ लाख वोटों से सपा प्रत्याशी को हरा दिया गया है। ऐसे में उन्हें पूरा यकीन है कि सत्ता पक्ष ने पुलिस प्रशासन से मिलकर सपाइयों को वोट ही नहीं डालने दिए।

# भारतीय संविधान जन जन के मन का दस्तावेजः प्रो. सुभाष चन्द्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, एवं दर्शन शास्त्र के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर विजय प्रताप सिंह ने भारतीय संविधान की आवश्यकता एवं प्रस्तावना में निहित उसके मूल संदेश को स्पष्ट किया। दर्शन शास्त्र विभाग के विभाग प्रभारी प्रो. सुभाष चंद्रा ने कहा कि संविधान जन जन के मन का दर्पण है, एक ऐतिहासिक दस्तावेज है, सत्यम, शिवम, सुंदरम की भावना से ओतप्रोत है, अतः हमारा दायित्व बनता है कि हम संविधान का अध्ययन अवश्य करें। राजनीति



विज्ञान में परास्नातक के छात्र आदित्य कुमार ने संविधान के मुख्य अंशों का संक्षिप्त परिचय दिया। इतिहास विभाग की प्रभारी प्रो. नूतन सिंह ने किसी भी देश में बंचित वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए लिखित एवं मजबूत संविधान की आवश्यकता को रेखांकित किया। परास्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा गौसिया ने भारतीय संविधान निर्माण की यात्रा के प्रमुख पड़ावों का संक्षिप्त परिचय दिया। बी.एससी. पंचम सेमेस्टर की छात्रा काशिफा ने भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं पर संक्षिप्त भाषण दिया। राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी प्रो. संजय कुमार ने कहा कि एक सभ्य समाज में संविधान को एक पवित्र ग्रंथ की तरह देखा जाना चाहिए क्योंकि संविधान एक सांस्कृतिक बहुलता वाले देश में नागरिकों को आपस में जोड़ने वाली कड़ी है।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ) हेमन्त पाल ने अध्यक्षीय भाषण में सभा को संबोधित करते हुए संविधान दिवस का महत्त्व, पृष्ठभूमि और इसके निर्माण एवं प्रवर्तन हेतु स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को प्रतिपादित किया। इसी क्रम में उन्होंने माननीय राष्ट्रपति एवं प्रधानमन्त्री द्वारा विमोचित संस्कृतभाषा में भारत के संविधान के तृतीय संस्करण के अनुवाद में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य श्वेतांक भारद्वाज को बधाई देते हुए कहा कि यह मात्र महाविद्यालय के लिए नहीं अपितु पूरे जनपद के लिए विशेष उपलब्धि है। कार्यक्रम का सफल संचालन विजय प्रताप ने किया उक्त कार्यक्रम में प्रो. जे.एन.सिंह, प्रो. एस. के पाण्डेय, प्रो. नीलम त्रिवेदी, प्रो. ज्योति पंत, डॉ. इष्ट विभु, डॉ. ओ.पी. सिंह, डॉ. विनोद कुमार सिंह, डॉ. मनोज कुमार, मोहम्मद आमिर, विजय प्रताप सिंह, दीपक कुमार बाजपेयी, रचित कुमार, डॉ. कुमार सिंह, विनयतोष गौतम, मोहम्मद नज़ीफ, धर्म नारायण के साथ भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत धौरहरा द्वारा किया गया स्वच्छता जागरूकता का चित्रण



**लखीमपुर-खीरी।** आज दिनांक 26 नवंबर 2024 को नगर पंचायत धौरहरा जनपद-खीरी। द्वारा Clean Toilet Campaign 2024 के अंतर्गत Paint My Toilets Theme पर नगर में स्थित सामुदायिक शौचालय पर छात्र छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता जागरूकता का चित्रण किया गया एवं नागरिकों को सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

# वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना गोला पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 663/24 धारा 304(2) ब्हस थाना गोला से संबंधित वांछित अभियुक्त अमित तिवारी उर्फ राज पुत्र रामकिशन तिवारी निवासी मो0 गुटैया बाग निकट रेलवे स्टेशन लखीमपुर थाना कोतवाली सदर को 01 अदद मोबाइल व 2,400 रुपये तथा 01 अदद तंमचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ कोटवारा मोड से हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 663/24 धारा 304(2) ब्हस में धारा बढोत्तरी 3/25 आर्म्स एक्ट व 317(2) बीएनएस कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जीआरपी ने यात्री का नकदी और सामान से भरा बैग बरामद कर किया वापस

**लखीमपुर-खीरी।** गोरखपुर मैलानी एक्सप्रेस ट्रेन में लखनऊ से सवार होकर लखीमपुर आ रहे यात्री का ट्रेन में ही बैग रह गया। लावारिस बैग जीआरपी ने ट्रेन से बरामद किया। इसके बाद यात्री को नकदी और सामान से भरा बैग वापस करा दिया। ट्रेन संख्या 15009 गोमती एक्सप्रेस में अलीनगर थाना कृष्णानगर लखनऊ निवासी रविशंकर गुप्ता अपना पिट्ठू बैग ट्रेन में ही भूल गये। रविशंकर किसी काम से लखीमपुर आये थे। इनके बैग में सामान के सार 35000 रूपये की नकदी भी थी। लखीमपुर स्टेशन पर बर्थ के ऊपर ही रखा छोड़कर उतर गये। ट्रेन जाने के बाद वह जीआरपी के पास शिकायत लेकर पहुंचे। जीआरपी एसओ ने ट्रेन में जा रहे स्काट ड्यूटी के सिपाहियों को मामले की जानकारी दी। इसके बाद सिपाही रामबहादुर ने बैग बरामद कर लिया। इसके बाद बैग लखीमपुर जीआरपी थाना लाकर रविशंकर गुप्ता यात्री को वापस सौंप दिया गया।

# कर अधिवक्ताओ ने प्रमुख सचिव जीएसटी को सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर।** टैक्स एडवोकेट एसोसिएशन के बैनर तले कर अधिवक्ताओं ने प्रमुख सचिव जीएसटी को ज्ञापन सौंपकर जीएसटी में आ रही समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।स्थानीय दिल्ली रोड स्थित जीएसटी भवन में प्रमुख सचिव जीएसटी को सौंपे गए ज्ञापन में एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कपूर ने कहा कि जीएसटी के वादो के निस्तारण के लिए कम समय दिया जा रहा है।

# विभिन्न देशों से आए सिविल सेवकों के प्रतिनिधिमंडल ने ली जिला प्रशासन एवं पुलिस के कार्यों की जानकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** श्रीलंका, मलेशिया, मालदीव, कम्बोडिया, ओमान, कीनिया, तंजानिया, सेशल और म्यांमार से आए 30 सिविल सेवकों के प्रतिनिधि मण्डल को जिलाधिकारी मनीष बंसल ने प्रशासन, पुलिस एवं अन्य विभागों की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी दी। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में नेशनल सेन्टर फॉर गुड गवर्नेंस के सदस्यों द्वारा जिलाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को मोमेन्टो भेंट किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि मण्डल में शामिल सभी सिविल सेवकों को जनपद में काष्ठकला से निर्मित ओडीओपी उत्पाद भेंट किए। डीएम ने प्रतिनिधि मण्डल को संविधान दिवस 26 नवम्बर की विशेषता बताते हुए देश की स्वतंत्रता एवं संविधान निर्माण के बारें में जानकारी दी। उन्होंने जिले में डीएम की भूमिका के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि डीएम का जिले में अहम योगदान होता है। सरकार द्वारा जो भी आम जनता के लिए योजनाएं चलाई जाती है उन योजनाओं का आम जनता तक लाभ पंहुचे इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होती है। वह समय-समय पर सम्बंधित अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यो की समीक्षा करते है। उन्होंने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था, विभाग के अधिकारियों में आपसी तालमेल, विकास कार्यो को गति देना, जिले की हर जरूरी गतिविधियों को उच्च अधिकारियों को व मुख्यमंत्री तक पंहुचाना, जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों से लगातार सम्पर्क रखना, आम जनता की समस्याएं सुनकर अधिकारियों के माध्यम से उनका निराकरण करना जैसे बहुत से कार्य जिला प्रशासन के क्षेत्र में आते है। मनीष बंसल ने कहा कि चुनाव के समय भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी हो जाते है और उनकी देखरेख में जिला स्तर का चुनाव निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाया जाता है। प्रतिनिधि मण्डल को जिला मजिस्ट्रेट, जिला मजिस्ट्रेट को बीएनएसएस के द्वारा प्रदत्त किये गये अधिकार, प्रशासनिक एवं न्यायिक कर्त्व्यों, न्यायपालिका, जेल, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, रजिस्ट्रार, कानूनगो, लेखपाल के कर्तव्यों, भौतिक संरचना सहित सूचना का अधिकार की जानकारी उपलब्ध करवायी गयी। पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने जिले में पुलिस की भूमिका के बारे में भी प्रतिनिधिमण्डल को जानकारी देते हुए कहा कि जिले में कानून व्यवस्था की देखभाल पुलिस करती है।

# अधिकारियों ने जूस पिलाकर खत्म कराई भूख हड़ताल, मनाया गया संविधान दिवस



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** कांग्रेसियों द्वारा इस्लामनगर स्थित अंबेडकर पार्क में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन को लेकर किया जा रहा धरना प्रदर्शन,भूख हड़ताल को अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया। गौरतलब है कि बीते 20 नवंबर से कांग्रेसियों द्वारा जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह एवं इस्लामनगर नगराध्यक्ष यूनुस सकलैनी के नेतृत्व में इस्लामनगर के अंबेडकर पार्क में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन की मांग को लेकर कांग्रेसी धरने पर थे।धरना प्रदर्शन में पिछले तीन दिनों से तथा भूख हड़ताल भी शुरू कर दी गई थी।जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम तथा उप चिकित्सा अधीक्षक द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जल्द से जल्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि अधिकारियों द्वारा भूख हड़ताल में सम्मिलित लोगों को जूस पिलाकर प्रदर्शन को समाप्त कराया गया।

# सफाई सम्बंधी शिकायतों का हुआ तुरंत निस्तारण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम में आज अपर आयुक्त मृत्युंजय सहित सभी विभागों के अधिकारियों ने जनसुनवाई में आयी छह शिकायतों में से तीन शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया। इसके अलावा जनसुनवाई के दौरान आयी सड़कों व पुलिया आदि के निर्माण के संबंध में भी निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम में आज अपर नगरायुक्त मृत्युंजय सहित सभी विभागो के अधिकारियों ने शिकायतें सुनी। छह शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। इनमें चार शिकायतें सफाई सम्बंधी थी, तीन शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। वार्ड संख्या एक स्थित संत रविदास छात्रावास देहरादून रोड की साफ सफाई के लिए एक प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई कर्मचारी को भेजकर साफ



सफाई करा दी गयी। इसके अलावा वार्ड संख्या 28 डेरा संत भागमल जनकनगर में साफ सफाई कराने के लिए जयपाल सिंह तथा वार्ड 55 मिशन कम्पाउण्ड निवासी सुनील कुमार ने वार्ड में नालियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर नालियों की साफ सफाई करा दी गयी। इसके अलावा वार्ड 61 धोबी वाला आजाद कॉलोनी निवासी वसीम अंसारी ने कॉलोनी में पुलिया की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण कर सफाई कराने के निर्देश दिए गए। वार्ड 52 मंगल नगर निवासी सुधीर भारती ने पेड़ों की कंटाई-छंटाई कराने के लिए पत्र दिया। जिस पर उद्यान प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने को कहा गया। वार्ड 48 आवास कॉलोनी निवासी कमल मोहन ने अतिक्रमण हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़े दो शातिर लुटेरे, मोबाइल बरामद

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने दो शातिर लुटेरो को दबोचकर उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना जनकपुरी प्रभारी सतेन्द्र नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 8 नवम्बर को वादी सुरेश कुमार पुत्र सूरजमल निवासी तिवाया रोड छज्जपुरा थाना जनकपुरी की तहरीर पर तीन अज्ञात लड़कों के खिलाफ वादी का मोबाइल छीनकर भाग जाने के संबंध में थाना जनकपुरी पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे स्थित सड़क दूधली मार्ग से दो शातिर लुटेरो गौरव पुत्र सुन्दरलाल व सुमित उर्फ काला पुत्र रमेश निवासीगण ग्राम दाबकी गुर्जर थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा 50 हजार रूपये का ईनामी व पुलिस अभिरक्षा से फरार अभियुक्त

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने फरार चल रहे 50,000 रूपये के ईनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये बदमाश का चालान काटकर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि विगत् 3 जून को वादी व पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक विवेक वेदवान की तहरीर पर कांस्टेबल दीपक कुमार द्वारा पेशी पर लाये गये अभियुक्त वसीम उर्फ माडल पुत्र मोबीन निवासी खान आलमपुरा थाना जनकपुरी के पुलिस अभिरक्षा से फरार हो जाने की सूचना पर थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने घटना का संज्ञान लेते हुए फरार अभियुक्त पर 50,000 रूपये का ईनाम घोषित किया था। उन्होंने बताया कि कोतवाली सदर प्रभारी सूबे सिंह व स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक प्रमोद रावल के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर उड़ीसा के जनपद पुरी के थाना सत्यावादी क्षेत्र से फरार चल रहे 50 हजार रूपये के ईनाम बदमाश वसीम उर्फ माडल पुत्र मोबीन को गिरफ्तार कर लिया तथा 24 नवम्बर को गिरफ्तार अभियुक्त की न्यायालय से ट्रांजिट रिमाण्ड स्वीकृत कराकर जनपद सहारनपुर लाया गया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त स्कूटी संख्या एचआर 01 एएन-7243 को बरामद कर लिया। श्री मांगलिक ने बताया कि दबोचा



गया अभियुक्त वसीम शातिर किस्म व थाना जनकपुरी का हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी है। एसपी सिटी श्री मांगलिक ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये अभियुक्त वसीम उर्फ माडल उर्फ जोन ने खुलासा किया कि वह थाना मण्डी से हत्या के मुकदमें में जिला कारागार मे बन्द था। जिसमें उसे सजा होने वाली थी। जेल में मुलाकात के दौरान उसकी पत्नी उसे जेल से भागने का दबाव दे रही थी। जिस पर उसने जेल में मुलाकात के दौरान हुयी दोस्ती के चलते जीशान के सहयोग से पुलिस कस्टडी से भागने की योजना बनायी थी तथा उसी योजना के तहत जब 3 जून को जब वह हवालात से कोर्ट में पेशी के लिए जा रहा था तभी हवालात के बाहर से टीपू व सुहेल ने उसे घेर लिया था। इस दौरान वह अपने हाथ से हथकड़ी निकालकर कैटीन की तरफ भाग गया था तथा वह कोर्ट के बाहर मोहसीन व टीपू की मदद से फरार हो गया था।

## सैनिक बंधु की बैठक हुई सम्पन्न



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर मजिस्ट्रेट गोरखपुर की अध्यक्षता में सैनिक बंधु की बैठक जिलाधिकारी सभागार में मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारी सदस्य एवं भूतपूर्व सैनिकों का स्वागत कर्नल अनिल कुमार सिंह जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी एवं बैठक सचिव के द्वारा किया गया। बैठक में पिछले माह हुई की बैठक की समीक्षा की गई तदोपरांत बैठक की अगली कार्रवाई प्रारंभ की गई। बैठक में पांच भूतपूर्व सैनिकों के प्रार्थना पत्र को नगर मजिस्ट्रेट ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु तुरंत प्रेषित किया । इसके बाद उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों का कोई बिंदु न होने के कारण धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

## जातिगत जनगणना की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** ओबीसी महासभा जातिगत जनगणना कराने पर जोर दे रही है। इसके साथ साथ आरक्षण जैसी प्रमुख मांगों को लेकर ओबीसी महासभा ने राज्यपाल और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया है। ओबीसी महासभा विधानसभा क्षेत्र माधौगढ के अध्यक्ष माधव सिंह कुशवाहा के साथ असित कुशवाहा, हिमांशु पटेल, मनोज कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा, मुलायम कुशवाहा आदि ने एसडीएम ज्योति सिंह को ज्ञापन देकर कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 258 के अनुपालन में ओबीसी वर्ग की जातिगत जनगणना कराई जाए।

## संगठन महापर्व में 44 में 26 बूथों का गठन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** भाजपा में संगठनात्मक चुनाव को लेकर कवायद चल रही है जिसमें 30 नवंबर तक नगर के सभी बूथों की कमेटियों का गठन पूरा करना है। बताया गया है कि अभी तक नगर के कुल 44 बूथों में से 26 का गठन पूरा कर लिया गया है, शेष बूथ भी जल्द गठित कर लिए जाएंगे। संगठन महापर्व के तहत भाजपा में संगठनात्मक चुनावों का दौर जारी है। इसके लिए पार्टी संगठन की एक बैठक नगर चुनाव अधिकारी नरेंद्रपाल सिंह जादौन की मौजूदगी में शिविर कार्यालय पार्टी नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अब तक संपन्न बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समिति निर्वाचन की समीक्षा की गई। निर्वाचन अधिकारी जादौन ने बूथ संख्या 463 पटेल नगर में बूथ अध्यक्ष पद के लिए सुभाष चंद्र पहारिया से नामांकन प्राप्त किया एवं अन्य कार्रवाई पूरी कर एकल नामांकन के चलते उन्हें बूथ अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। संचालन नगर महामंत्री डॉ. आशुतोष मिश्रा ने किया।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक हुई संपन्न



**नजीबाबाद अवधनामा संवाददाता।** नजीबाबाद के लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला व जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला ने कहा जनपद की हर विधानसभा में ब्लॉक स्तर पर जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ के द्वारा अध्यक्षों की नियुक्ति होने जा रही है जल्द ही घोषणा होगी घोषणा होते ही पूरे जनपद को कार्यकर्ताओं से कार्यकर्ताओं को मजबूती मिलेगी और सभी को जन चौपाल लगाने की सलाह दी जाएगी। बैठक में जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़, जिला संगठन मंत्री, भूपेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष चौधरी नेपाल सिंह, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा विनीत चौधरी रेनू, मोहिनी सिंह, चंद्रपाल सिंह, आजाद जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति बलवंत सिंह, पंवार जिला मीडिया प्रभारी लोकेंद्र सिंह, अनू मलिक सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएपी व यूरिया के लिए घूम रहे किसान






**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सिर पर रबी की बुआई का सीजन और उर्वरक की घोर किल्लत से किसान हलकान हैं। न डीएपी मिल रही है और अब तो यूरिया के लिए भी लंबी लंबी लाइनें लग रही हैं। इसके बावजूद खाली हाथ लौट रहे किसानों में व्यवस्था को लेकर भारी गुस्सा है। इधर, बीज के लिए भी गोदाम पर किसानों की भीड़ उमड़ रही है। मिली जानकारी के मुताबिक पीसीएफ केंद्र पर डीएपी की गाड़ी आने की खबर किसानों को लग गई तो सुबह से ही किसानों की भारी भीड़ पीसीएफ केंद्र पर लग गई और डीएपी खाद के लिए मारामारी शुरू हो गई। केंद्र प्रभारी कमलेश कुमार ने किसानों की भारी भीड़ देखी तो उनके हाथ पांव फूल गए। इस स्थिति में उन्हें पुलिस को बुलाना पड़ा तब कहीं जाकर खाद के लिए किसानों की लंबी लंबी लाइन लगाकर खाद बंटना शुरू कराया गया। किसानों की भीड़ के सापेक्ष डीएपी की कम उपलब्धता की वजह से सैकड़ों किसानों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। दिलचस्प यह भी है कि अभी तक डीएपी खाद के लिए ही किसान परेशान हाल भटक रहा है, लेकिन दूसरी ओर अब यूरिया खाद के लिए भी लंबी लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गई हैं। नदीगांव रोड पर कृषक भारतीय सेवा केंद्र पर यूरिया खाद के लिए लंबी लंबी लाइनें लगीं नजर आईं। इधर, बीज गोदाम पर भी बीज के लिए किसानों की भीड़ लगी है। गोदाम पर बिक्री वाली सरसों भी खत्म हो गई है। मिनी किट की मसूर फ्री वितरण के लिए लगभग बीस कुंतल बची है।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अखिलेश पासवान पुत्र विजय पासवान, सा. पकड़ी चौराहा, पोस्ट-महुलानी, थाना- उसका बाजार, जनपद- सिद्धार्थनगर का निवासी हूँ। मेरी उम्र लगभग 22 वर्ष है। मेरा नाम पासपोर्ट में अखिलेश कुमार दर्ज हो गया है, उसको बदल कर अखिलेश पासवान किया जाय, जो सही है।

**अखिलेश पासवान पुत्र विजय पासवान सा0 पकड़ी चौराहा, पोस्ट-महुलानी, थाना- उसका बाजार, जनपद- सिद्धार्थनगर**

# संविधान राष्ट्रीय प्रगति और सामाजिक समरसता का मार्गदर्शक : सीडीओ



- संविधान की उद्देशिका का हुआ वाचन, ली गई शपथ
- संविधान दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** भारतीय संविधान के 75 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज विविध विधायी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता के अमृतकाल के अंतर्गत, संविधान के महत्व और इसके आदर्शों पर जोर दिया गया। प्रदेश स्तर पर मुख्य कार्यक्रम लखनऊ स्थित लोक भवन के सभागार में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसका सजीव प्रसारण जनपद के विभिन्न कार्यालयों में किया गया।

जनपद में संविधान दिवस का मुख्य कार्यक्रम विकास भवन के गांधी सभागार में किया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के प्रसारण के पश्चात, मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय ने संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने संविधान निर्माण से जुड़े समस्त महान विभूतियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को संविधान के उद्देशिका की शपथ दिलाई। उन्होंने भारतीय संविधान को मौलिक अधिकार, कर्तव्य और स्वतंत्रता का महान विधान बताते हुए इसके पालन की आवश्यकता पर बल दिया। सीडीओ ने कहा कि संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति और सामाजिक समरसता का मार्गदर्शक है। इसका अनुसरण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार, डीसी मनरेगा आलोक पांडेय सहित विभिन्न अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद थे। संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ जहाँ अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया और शपथ दिलाई। उन्होंने संविधान के 75 गौरवमयी वर्षों को प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार राय सीआरओ जेआर चौधरी सहित विभिन्न अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के धन्वंतरि सभागार में सीएमओ डॉ. राजेश झा ने संविधान के निर्माताओं के योगदान को याद करते हुए इसे राष्ट्रीय एकता, समानता, और अखंडता का प्रतीक बताया। सभी वक्ताओं ने नागरिकों से संविधान के आदर्शों को जीवन में अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

## सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं में संविधान की दिलायी गयी शपथ

**गोरखपुर।** संविधान दिवस पर सहजनवां तहसील,थाना तथा सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षक संस्थान में संविधान का शपथ दिलाया गया। तहसील सभागार में मंगलवार को एसडीएम दीपक गुप्ता ने डा. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान का शपथ दिलाया।इस दौरान उन्होंने कहां संविधान देश का गौरव होता है। उसी संविधान से देश चलता है। हम सभी को संविधान के अनुसार ही काम करना चाहिए। गीडा थाने पर थानेदार विजय सिंह, सहजनवां में थानाध्यक्ष विशाल उपाध्याय, हरपुर बुदहट थानाध्यक्ष महेश चौबे ने शपथ दिलाई। उधर सेन्ट जेवियर्स स्कूल भीटीरावत, कमला सिंह बालिका इंटर कालेज रहीमाबाद ,पीएन सेन्ट्रल एकेडमी, आशा पब्लिक स्कूल, टीएन मेमोरियल पब्लिक स्कूल, परिषदीय विद्यालयो में शपथ दिलाई। विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भी किया। शिक्षकों ने बच्चों को देश के संविधान के बारे में जानकारी दिया। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, नायब तहसीलदार भानुप्रताप सिंह,बार अध्यक्ष केके त्रिपाठी, मंत्री राघवेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नन्हें वैज्ञानिकों ने दिखाया हुनर, हेलमेट से चलती बाइक का मॉडल रहा श्रेष्ठ

**अवधनामा संवाददाता**

- राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**रायबरेली।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में किया गया। ब्लॉकों से जीतकर आए 'नन्हें वैज्ञानिकों' का हुनर देखते ही बन रहा था। 'नन्हें कलॉमों' की खोज का हुनर कुछ इस तरह से था कि मॉडल देखकर हर कोई तारीफकर रहा था। जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में नन्हे वैज्ञानिकों ने दी प्रस्तुती सभी के आकर्षण का केंद्र रही।

जीआईसी परिसर में आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित आकर्षक मॉडल सजाए। पांच विजेताओं को राज्य स्तर के लिए चुना गया। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी और राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रत्नेश श्रीवास्तव ने किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ करने के बाद उन्होंने सभी ब्लॉकों से आए बच्चों के मॉडल का अवलोकन किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे बीईओ रोहिनया डॉ. सत्य प्रकाश यादव व बृजलाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जीतने के बाद अब सीधे ही बच्चे राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# भारत में महज एक पुस्तक नहीं संजीवनी है संविधान: पाण्डेय



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** भारत में संविधान महज एक पुस्तक नही बल्कि संजीवनी है। इसमे देश की आत्मा है। लेकिन मौजूदा सरकार पुलिस और संवैधानिक संस्थाओं को आगे कर कदम कदम पर संविधान की हत्या करने पर आमादा है। आज बाबा साहब डा. अम्बेडकर की आत्मा रो रही है, क्योंकि देश सुरक्षित हाथों में नही है और संवैधानिक परंपरायें टूट रही हैं। यह बातें कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' ने कही। वे संविधान दिवस पर पार्टी दफ्तर पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुये अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होने कहा संवधिन का सम्मान और सुरक्षा देशवासियों का कर्तव्य है। संविधान रहेगा तो देश रहेगा और हमारे अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे। हमे लोगों को जागरूक करना होगा कि ऐसी सरकारों और एजेंडे को दरकिनार कर दें जो संविधान में विश्वास नही करती। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा संविधान संकट मे है। देश में जबरिया विभाजनकारी विचारधारा लागू की जा रही है। देश की जनता को गुमराह कर पहले सत्ता हासिल की और आम आदमी के अधिकार एक एक कर छीने जा रहे हैं। संविधान की रक्षा के लिये संघर्ष करना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता मो. रफीक खां ने किया। उन्होने कहा शासन सत्ता में बैठे लोग संविधान का सम्मान नही कर रहे हैं।

## एंजेलिक प्ले वे स्कूल में कला, शिल्प और विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को एंजेलिक प्ले वे जूनियर हाई स्कूल में कला शिल्प एंव विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में स्कूल के छात्रों द्वारा रचनात्मक और विशेष प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों के साथ उनके अभिभावकों ने भी प्रदर्शनी को देखा और बच्चों के प्रयासों की सराहना किया। इस प्रदर्शनी में प्रत्येक वर्ग के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छोटे बच्चों ने कला और शिल्प के अनोखे नमूने प्रस्तुत किए, जिनमें कागज के केटर पिलर, गुलदस्ता, टेडी बियर, डेकॉर आइटम्स, फर्स्ट एड बॉक्स, बर्ड फीडर, फोटो फ्रेम और घड़ी जैसे सुंदर कृतियां शामिल थीं। वहीं बड़े बच्चों ने विज्ञान के विभिन्न नमूने बनाए, जैसे प्रदूषण का प्रभाव, सौर मंडल, ग्लोबल वार्मिंग, ज्वालामुखी विस्फोट आदि। इस आयोजन में बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। उनके अभिभावकों और शिक्षकों का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे यह कार्यक्रम सफल रहा। यह प्रदर्शनी बच्चों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने का एक अद्भुत प्रयास था।

## संतोष स्मारक महाविद्यालय दोदराजपुर में संविधान दिवस मना

**नगीना।** मां सरस्वती शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित संतोष स्मारक महाविद्यालय दोदराजपुर में 26 नवंबर मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। अध्यक्ष डॉ संदीप शर्मा द्वारा संविधान निर्माता डॉ बी आर अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। संविधान दिवस के विषय में बताया गया। उन्होंने कहा हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा ओर लिखित संविधान है, जिसके आधार पर भारत नित नए आयाम प्राप्त कर रहा हैं। छात्रा कुमारी परविंदर कौर ने डॉ बी आर अम्बेडकर के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला, कुमारी नेहा ने संविधान में वर्णित अनुच्छेद ओर अनुसूचियों के विषय में बताया ओर बताया कि कब कब संविधान में संशोधन किए गए। डॉ संदीप शर्मा ने संविधान में वर्णित मूल अधिकार और कर्तव्यों पर प्रकाश डाला और कहा अगर हम अधिकार चाहते है तो कर्तव्यों का निर्वहन करना भी हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ संदीप शर्मा तथा संचालन रोहिताश सिंह ने किया।

# जिला कारागार फतेहगढ़ में प्रस्तावना की शपथ दिलाकर संविधान दिवस मना

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित जिला कारागार फतेहगढ़ में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश पर मा.जिला जज विनय कुमार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में संविधान दिवस का आयोजन जेल में सभी स्टाफ और बंदियों के मध्य बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार एडीजे / सचिव डीएलएसए ने दीप प्रज्वलित कर एवं संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया ।कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र राणा, सहायक चीफ डिफेंस काउंसिल द्वारा बखूबी किया गया। श्री शिवनरेश सिंह चीफ डिफेंस काउंसिल, रघुवीर दास अधिवक्ता, वैभव कुशवाह उप कारापाल और महिला जेल वार्डर नगमा ने संविधान दिवस के संदर्भ में अपने विचार प्रकट किए।वैभव कुशवाह ने संविधान के निर्माण के संदर्भ में बाबा साहेब के योगदान बड़े ही ओजस्व पूर्ण तरीके से परिभाषित किया। नगमा द्वारा संविधान में महिला अधिकार पर अपनी बात रखी। अन्य वक्ताओं द्वारा भी संविधान उल्लेखित मूल अधिकारों, शिक्षा के अधिकार , स्वच्छ हवा पानी भोजन के अधिकार पर प्रकाश डाला। सुरेंद्र राणा द्वारा डीएलएसए द्वारा बंदियों के हित में किए जा रहे कार्यों और सुविधाओं के बारे बताया। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने संविधान में उल्लेखित कानून में समानता के अवसर पर बताते हुए बताया गया कि वर्तमान सरकार द्वारा समयपूर्व रिहाई पर बहुत कार्यवाही की का रही इसलिए सभी कैदी बंदी जेल के नियमों का पालन करते हुए इसका लाभ ले सकते है। बंदियों से अनुरोध किया कि जेल में ऐसा कोई गलत काम ना करे जो उनकी समयपूर्व रिहाई में बाधा उत्पन्न करे। मुख्य अतिथि श्री संजय कुमार एडीजे/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वैभव कुशवाह डिप्टी जेलर एवं नगमा महिला जेल बार्डर के विचारों को प्रशंसा की गई।

## आबकारी विभाग ने शराब की दुकानों का निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, फ़र्रुख़ाबाद श्री जी0 पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 26/11/2024 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफ एंव थाना-कायमगंज पुलिस बल द्वारा संदिग्ध ग्राम-श्यामनगर में दबिश दी गयी।लगभग 200 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया।15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर दो अभियोग पंजीकृत किए गए। आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, आनलाइन पेयमेंट, सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## डीएम-विधायकों की मौजूदगी में संविधान दिवस मना



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर व जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विधायकगण, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा डॉ0 भीम राव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रनिधिगण,अधिकारियों व कर्मचारियों ने लखनऊ में लोक भवन में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना। संविधान दिवस के अवसर पर माननीय विधायक गण एवं जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका/नगर पंचायत एवं ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को कंबल एवं मिष्ठान देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। स्थानीय निकाय के कुल 11 सफाई कर्मियों व प्रत्येक विकासखंड से एक-एक कुल 07 अच्छे सफाई का कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, जिला विकास अधिकारी व कलेक्ट्रेट व विकास भवन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अजय भारतीय ने माला पहनकर संविधान दिवस मनाया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत रायपुर खास के ग्राम भगौतीपुर में आज संविधान दिवस के मौके पर प्रधान पुत्र पूर्व प्रधान अजय भारती ने भगौतीपुर स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाकर कार्यक्रम संपन्न कराया कार्यक्रम में गिरीश चंद राहुल गौतम राछपाल गौतम सतीश चंद सचिन कुमार सूर्य प्रकाश प्रेमदास आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रा. विद्यालय टिलियां में संविधान दिवस मनाया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय टिलियां में 75 वां संविधान दिवस मनाया गया कक्षा 4 एवं कक्षा 5 की एनएटी परीक्षा के मौके पर एआरपी जसविंदर सिंह गंगवार द्वारा निरीक्षण किया गया गंगवार ने विद्यालय के संचालन की भूर भूर प्रशंसा की इस मौके पर विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति 55 पाई गई संविधान दिवस के अवसर पर प्रधानाध्यापक विनोद गंगवार एवं सहायक अध्यापक राहुल कुमार द्वारा भारत माता एवं भीमराव अंबेडकर की चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और बच्चों को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाकर मिष्ठान वितरण किया गया।

## नायब तहसीलदार ने प्रा. विद्यालयों का किया निरीक्षण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शासन की मंशा के अनुरूप नायब तहसीलदार पाली दुर्गेश चौरसिया ने पाली ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रन्दौली उर्फ़ मठिया, भरपही, महराभारी, कुसमौल, मुहम्मदपुर मे विद्यालयों का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने अध्यापको की उपस्थिति रजिस्टर, रसोई मे खाने की गुणवत्ता आदि का गहन जांच की जिसके उपरान्त इन विद्यालयों मे 4 शिक्षामित्र जो की बिना किसी पूर्व सूचना ने गायब मिले उनपर कड़ा रूख अख्तियार करते हुए एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया।

# सुप्रीम कोर्ट ने फिजिकल बैलेट सिस्टम शुरू करने की मांग वाली जनहित याचिका की खारिज

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** सुप्रीम कोर्ट ने इंजील वादी डॉ. के.ए. पॉल द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) खारिज कर दी, जिसमें भारतीय चुनावों में फिजिकल बैलेट पेपर से मतदान फिर से शुरू करने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान डॉ. पॉल ने तर्क दिया कि संयुक्त राज्य अमेरिका सहित अधिकांश देशों ने फिजिकल वोटिंग सिस्टम को चुना है। उन्होने कहा कि अधिकांश देश फिजिकल बैलेट सिस्टम का पालन करते है और भारत को भी इस पर विचार करना चाहिए। न्यायमूर्ति नाथ ने डॉ पाल के सवाल पर हस्तक्षेप करते हुए कहा कि ''हमें अन्य देशों का अनुसरण क्यों करना चाहिए। न्यायमूर्ति नाथ ने दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि ''जब राजनीतिक नेता हारते है तो वे दावा करते है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है, जब वे जीतते है तो वे कुछ नहीं कहते' यह अदालत ऐसे काल्पनिक दावों पर विचार नहीं कर सकती'। पीठ ने अंततः निष्कर्ष निकाला कि जनहित याचिका में पर्याप्त योग्यता नहीं है और इसे खारिज करते हुए सुनवाई समाप्त कर दी।

# भाकियू ने राष्ट्रपति को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** संयुक्त किसान मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय आवाहन पर जनपद अयोध्या में महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी अयोध्या के माध्यम से भेजा गया जिला अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्रा द्वारा ज्ञापन लिया गया। भारतीय किसान यूनियन जनपद अयोध्या का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में जिलाधिकारी अयोध्या के प्रतिनिधि नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्रा से मिलकर महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन सौपकर सभी फसलों पर ष्ट2 +50 के आधार पर एमएसपी लागू करने, श्रम संहिताओं को निरस्त करके आउटसोर्सिंग और ठेकाकरण को समाप्त करने,सभी श्रमिकों के लिए 26000 रुपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन दिलाने, किसानों की आत्महत्या रोकने हेतु ऋण माफी करना, मनरेगा के अंतर्गत 200 दिन के काम के साथ ?600 प्रतिदिन मजदूरी दिलाना, छुट्टा जानवरों से फसलों को बचाना, 60 वर्ष के अधिक आयु के व्यक्तियों को?10000 प्रतिमाह पेंशन दिलाने की मांग किया गया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर संविधान में निहित न्याय और समानता के आधार पर देश की राष्ट्रपति महोदय से समस्याओं के समाधान की मांग की गई।ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, उपाध्यक्ष भागीरथी वर्मा, तहसील अध्यक्ष संतोष वर्मा ,ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, देवी प्रसाद वर्मा ,शिवबरन वर्मा ,दुर्गेश कुमार, राम बुझावन, उर्मिला निषाद आदि लोग शामिल रहे।

# संविधान दिवस के अवसर पर मां शांति सेवा फाउंडेशन ने प्राचार्य को संविधान पुस्तक किया भेंट

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन ने संविधान दिवस के अवसर पर संस्थापक बसंत राम एवं संस्था सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से पूर्वांचल के सबसे बड़े साकेत महाविद्यालय अयोध्या के प्राचार्य प्रोफेसर दान पति तिवारी को पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया एवं संविधान पुस्तक सप्रेम भेंट किया। प्राचार्य ने कहा कि संविधान भारत के नागरिकों के प्रति सम्मान का सूचक है और संविधान के द्वारा भारतवर्ष में संपूर्ण वैधानिक कार्यक्रम संचालित हो रहा है इसलिए संविधान के प्रति हमारी गहरी आस्था है और मैं उसका सम्मान करता हूं। संस्था संस्थापक बसंत राम ने बताया कि सभी ग्रंथों की तरह संविधान भी सभी भारतीयों के लिए पवित्र है सभी भारतीयों को संविधान का सम्मान करना चाहिए कार्यक्रम में प्रोफेसर आशुतोष त्रिपाठी, प्रोफेसर अजय कुमार सिंह, प्रोफेसर अनुराग मिश्रा, इंद्रजीत, ऋषि शंकर शुक्ला, सुभाष श्रीवास्तव, सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## समाजसेवी राजेश सिंह मानव की मोटरसाइकिल चोरी

**अयोध्या।** समाजसेवी राजेश सिंह मानव की मोटरसाइकिल रामपथ कचहरी के पास से चोरी हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजेश सिंह मानव अपनी काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (नं. क्क्42ड्ड8289) को लगभग 4ञ्00 बजे कचहरी के बाहर खड़ी कर किसी जरूरी कार्य से कचहरी में गए थे। जब वे वापस लौटे, तो उनकी मोटरसाइकिल गायब थी। इसके बाद उन्होंने काफी खोजबीन की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला।राजेश सिंह मानव ने तत्परता से डायल 112 पर सूचना दी, और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने उनकी शिकायत पर चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली और मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राजेश सिंह मानव ने कहा कचहरी परिसर में किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं है बाहर तमाम लोगों के वाहन खड़े रहते हैं लेकिन कहीं भी सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया गया।

## अयोध्या में सियाराम्स ने लॉन्च किया अपना तीसरा देवो स्टोर

**अयोध्या।** देश के प्रमुख फैशन और परिधान ब्रांड सियाराम्स ने अयोध्या में अपने तीसरे देवो स्टोर का भव्य उद्घाटन किया। दिल्ली के लाजपत नगर और पीतमपुरा में पहले दो स्टोर्स की सफल शुरुआत के बाद, देवो ने अयोध्या में भारतीय पारंपरिक परिधानों और आधुनिक फैशन के संगम को एक नए मुकाम पर पहुंचाया है। इस अवसर पर सियाराम्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गौरव पोद्दार ने कहा की अयोध्या में देवो स्टोर खोलना हमारे लिए केवल एक स्टोर लॉन्च करना नहीं है, बल्कि यह भारत की समृद्ध विरासत और अयोध्या की पवित्रता का जश्न मनाने का प्रयास है। देवो का हर परिधान मेड इन इंडिया ही नहीं, बल्कि मेड ऑफ इंडिया है।यह नया स्टोर मेड ऑफ इंडिया÷की भावना को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है और आज के फैशन-प्रेमी भारतीय पुरुषों की जरूरतों के अनुरूप बनाया गया है।

## यातायात माह में भी लोग नही लगाते हेलमेट, पुलिस ने किया चालान



जैदपुर बाराबंकी। यातायात माह के तहत मंगलवार को जैदपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला पानी टंकी तिराहा पर पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट और सीट बेल्ट लगाए वाहनों का चालान किया और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को सख्त हिदायत दी। वहीं एसएसआई योगेंद्र मिश्रा ने बताया कि पानी टंकी तिराहे पर ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि मुख्य थाना चौराहे और पानी टंकी तिराहे पर सड़क पर खड़े वाहनों को हटाया जाएगा और सड़क जाम करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।एसएसआई ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे चार पहिया वाहनों में हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें, तीन सवारी न चलाएं, और तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं। साथ ही, वाहन पर काली फिल्म नहीं लगवाने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगामी समय में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और लोगों को सुरक्षित यात्रा के लिए चलाया गया है। इस दौरान एक दर्जन से अधिक मोटरसाइकिलों का चालान किया गया। अभियान में एसएसआई योगेंद्र मिश्रा के साथ कस्बा इंचार्ज विनय कुमार, उपनिरीक्षक जयचंद, सिपाही शैलेश यादव, पंकज राठौर और पंकज सिंह भी मौजूद रहे।

# भाकियू श्रमिक जनशक्ति ने राष्ट्रपति ने नाम डीएम व एसडीएम को सौपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** देश मे महगाई से परेशान जनता में त्राहि त्राहि मंची हुई है। संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर मोर्चे के घटक के रूप में भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव की अगुवाई में मंगलवार को सगठन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद अब्बास ज़ैदी के नेतृत्व में सैकड़ो किसानों ने 12 सूत्रीय मांग पत्र महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला अधिकारी को सौपा। मांग पत्र के माध्यम से बताया कि सभी फसलों के लिए कानूनी रूप से गारंटीकृत खरीद के साथ सी2+50त्न एमएसपी लागू किया जाए। जिलाध्यक्ष ने बताया कि चार श्रम संहिताओं को निरस्त किया जाए किसी भी रूप में श्रम का ठेकाकरण या आउटसोर्सिंग न हो। संगठित, असंगठित, स्कीम श्रमिकों और अनुबंध श्रमिकों और कृषि क्षेत्र सहित सभी श्रमिकों के लिए 26 हजार रुपये प्रति माह का राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन और 10 हजार रुपये प्रति माह पेंशन और सामाजिक सुरक्षा लाभ लागू करें। मोहम्मद अब्बास ने आगे बताया की ऋणग्रस्तता के कारण गरीबों के द्वारा की जा रही आत्महत्याओं को समाप्त करने के लिए किसानों और कृषि श्रमिकों के लिए व्यापक ऋण माफी योजना हो। किसानों और श्रमिकों को कम ब्याज दरों पर ऋण सुविधा सुनिश्चित की जाए।

## एसडीएम ने दिया आश्वासन जाँच के बाद करेंगे कार्यवाही

संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर धरना प्रदर्शन भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के तमाम किसान पदाधिकारी ने मंगलवार को कोठी उस्मानपुर में धरना प्रदर्शन किया गया। उस्मानपुर में एसडीएम और हैदरगढ़ सीओ कोठी इंस्पेक्टर और तमाम पुलिस कर्मी के मौजूदगी में ज्ञापन सौंपा गया और कुछ गांव की समस्या भी लेते हुए हैदरगढ़ एसडीएम ने किसानों को आश्वासन देते हुवे कहा कि हम जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही करेंगे और आपका ज्ञापन राष्ट्रीयपति को फॉरवर्ड कर देंगे और जो हमारे लायक का होंगा वो हम करेंगे।

## अवध विवि में शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने किया संविधान प्रस्तावना का पाठ

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में 26 नवम्बर को संविधान के 75 वें साल में कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर परिसर के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में प्रातः 10 बजे शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा संविधान प्रस्तावना का पाठ किया गया। वहीं दूसरी ओर राजभवन के निर्देशक्रम में परिसर के विभिन्न विभागों में संविधान दिवस के अवसर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विवेकानंद प्रेक्षागृह में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक ने सभी को संविधान उद्देशिका का वाचन कराया गया। इस प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी विधि संकायाध्यक्ष प्रो0 अशोक कुमार राय की देखरेख में विधि विभाग में संविधान की उद्देशिका पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें परिसर के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। मौके पर डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. सन्तोष कुमार, डॉ. विवेक सिंह एवं वन्दना गुप्ता अन्य शिक्षक मौजूद रहे। वहीं प्रो. गंगाराम मिश्र, विभागाध्यक्ष भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा शिक्षकों की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराया गया। वहीं डॉ. सुरेन्द्र मिश्र विभागाध्यक्ष, प्रौढ़ एवं सतत् शिक्षा विभाग के नेतृत्व में पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस अवसर वित्त अधिकारी पुर्णेन्दु शुक्ल, मुख्य नियंता प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, उपकुलसचिव डॉ0 रीमा श्रीवास्तव, दिनेश कुमार मौर्य, मोहम्मद सहील, प्रो0 गगाराम मिश्र, प्रो0 अनूप कुमार, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, प्रो0 फर्रूख जमाल, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, डॉ0 अनिल कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पुलिस व विभाग की मिलीभगत से बे ख़ौफ़ हो रहा ओवर लोड मिट्टी खनन, ग्रामीण परेशान



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** डीएम साहब यहाँ तो धड़ल्ले से हो रहा अवैध मिट्टी ओवर लोडिंग कर ढोया जा रहा है। खास बात ये है कि ओवर लोड डम्फर पुलिस चौकी के सामने से डंके की चोट पर निकल रहा है, लेकिन चौकी इन्चार्ज खामोश है। इतना ही नही इस काम मे कही न कही खनन अधिकारी भी शक के दायरे में आ रहे है। खास बात ये है कि मिट्टी ले जाते समय डम्फर ड्राइवरों को किसी तरह का कागज भी नही दिया जा रहा है। ऐसे में राजस्व को लाखों का चूना लगाया जा रहा है इसके बावजूद खनन विभाग मौन है। थाना सतरिख क्षेत्र अंतर्गत लखाइचा चौकी के समीप खनन माफिया बे ख़ौफ़ ओवरलोड डंपर से कराया जा रहा मिट्टी खनन, जिम्मेदार मौन क्या है कारण समझ में नहीं आता यहां पर सिर्फ एक कहावत याद आती है कि जब सैंया भाय कोतवाल तो डर काहे का क्या चौकी प्रभारी सैया की संज्ञा पर है और खनन माफिया बेखौफ तरीके से ओवरलोड डंपर कर मिट्टी ढो रहे हैं चौकी के ठीक सामने से डंपर निकल रहे हैं या रास्ता आमतौर पर गांव का रास्ता है जहां स्कूली बच्चों से लेकर ग्रामीणों का निकालना होता रहता है लेकिन डंपर की रफ्तार के आगे राहगीरों के मस्तक पर डर की लकीरें साफ नजर आ रही है। बताते चलें थाना सतरिख से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर चौकी है। इससे कुछ ही दूरी पर मिट्टी खनन बहुत तेजी से चल रही है और चौकी प्रभारी मूक दर्शक बनकर अपने चौकी सामने से ओवरलोड मिट्टी से लदी डंपर गुजरते देखते हैं ओवर लोड डम्फर के खिलाफ किसी भी तरह की कार्यवाही नही करते, आखिर क्यों चौकी प्रभारी के हाथ बंधे हुए हैं की मिट्टी खनन तो रजिस्टर्ड है लेकिन क्या ओवरलोड गाड़ियों का चालान नहीं किया जा सकता क्या है, इसका मुख्य कारण यह तो प्रशासन बखूबी जानता है। जनपद में जहाँ भी खनन का काम चलता है और आए दिन जो डंपरों से हो रहे एक्सीडेंट से लोगो की मौते हो जाती है। अगर प्रशासन कुंभकर्ण की नीद से नही जगा तो फिर कोई घटना घट सकती है। इस सम्बंध में जब खनन अधिकारी से बात की गई तो बताया गया की मैं दिखवाता हुँ।

## शादी समारोह से वापस लौट रहे ट्रैक्टर ने बाइक में मेरी टक्कर, एक मौत

**जैदपुर बाराबंकी।** तिलक समारोह में शामिल होकर मोटरसाइकिल से वापस जाते समय ट्रैक्टर चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मौके पर एक यूवक की दर्दनाक मौत हो गयी। जिसकी शिकायत भाई के द्वारा थाना जैदपुर में की गयी। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। बताते चलेकि लव-कुश पुत्र पप्पू लाल निवासी पैरी थाना सफदरगंज ने जैदपुर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि दिनांक 25/11/2024 को मेरा आई बिकेश रावत पुत्र पप्पूलाल उम्र 30 साल करीब निवासी ग्राम पैरी पोस्ट मौलाबाद थाना सफदरगंज बाराबंकी नाममऊ में बृजेश पुत्र रामचन्द्र रावत निवासी नानमऊ थाना सतरिख जनपद बाराबंकी के यहां तिलक में आये हुये थे। जहां से खाना खाने के पश्चात वह अपनी मोटर साइकिल यूपी41 बीएच 4946 HF Ridar से अपने घर वापस जा रहे थे। कि समय 8.40 बजे लगभग हरख स्थित स्वतंत्रता संग्रामी गेट के करीब मेन रोड पर बाराबंकी कि तरफ से अरहे ट्रक न0 यूपी 22 एटी 8421 द्वारा तेज व लापरवाही पूरवक चलाते हुये पिछे से टक्कर मार दी गयी जिसे मेरे भाई कि मौके पर ही मौत हो गयी है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## भदोही से बाराबंकी पहुंचे मानसिक विक्षिप्त किशोर को पुलिस ने परिजनों के किया हवाले

**बाराबंकी।** जनपद भदोही से रास्ता भटक कर बाराबंकी आए मानसिक विक्षिप्त किशोर को बाराबंकी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के ÷आपरेशन खोज÷ के तहत सी-प्लान एप की सहायता से परिजन का पता लगाकर सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। किशोर के सकुशल बरामद होने पर परिजनों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस का आभार प्रकट किया गया। जानकारी के मुताबिक दिनांक 24 नवंबर को एक मानसिक विक्षिप्त किशोर थाना लोनीकटरा क्षेत्रान्तर्गत सुलतानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर कस्बा भिलवल के पास भटकते हुए मिला।

## आईजीआरएस के निस्तारण को गंभीरता से ले अधिकारीः कमिश्नर



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** मंडलायुक्त गोरखपुर मंडल अनिल ढींगरा द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में निर्वाचक नामावली विशेष पुनरीक्षण-2025 और आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा सभी एसडीएम और संबंधित जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ की गई। मंडलायुक्त ने सबसे पहले जिलाधिकारी कार्यालय में सभी एसडीएम के साथ निर्वाचक नामावली विशेष पुनरीक्षण-2025 की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विधानसभावार मतदाताओं की संख्या, ईपी रैशियो, मतदाता लिंगानुपात, एज कोहार्ट सहित सभी बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन बूथों पर फॉर्म 06 के तहत मतदाता पंजीकरण हेतु 10 से कम प्राप्त हो रहे हैं और जिन बूथों पर फॉर्म 07 के तहत 10 से अधिक आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, उनकी विशेष समीक्षा करें। उन्होंने फॉर्म 07 के तहत मतदाता का नाम सक्षम प्राधिकारी के सत्यापन के उपरांत ही हटाने का निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने जनपद के मतदाता लिंगानुपात की जानकारी ली।

## रोडवेज बस की ठोकर से बाइक चालक युवक की मौत

**निचलौल( महराजगंज)।** निचलौल थाना क्षेत्र अंतर्गत निचलौल ठूठीबारी मार्ग पर मंगलवार को दोपहर में ओडवलियां के निकट रोडवेज बस और बाईक टकराव हो जाने के कारण दर्दनाक हादसा हो गया। घटना में बाइकसवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द निवासी तबरेज उर्फ चुन्नू पुत्र इब्राहिम 25 वर्ष अपने घर से किसी काम से बाइक से निचलौल की तरफ आ रहा था। अभी ओड़वलिया के निकट पहुंचा था कि निचलौल से ठूठीबारी जा रही तेज रफ्तार रोडबेज बस के चपेट में आ गया।घटना में युवक की मौके पर मौत हों गई। मौके का लाभ उठाकर रोडवेज बस चालक घटनास्थल से गाड़ी लेकर फरार हो गया।

# राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी ने मनाई भारतीय संविधान दिवस



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी जनपद महराजगंज के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार कन्नौजिया के अध्यक्षता में मंगलवार को जिला मुख्यालय के प्रांगड़ में राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री के दिशा निर्देश पर पूरे उत्तर प्रदेश में भारतीय संविधान दिवस के रूप में अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई के 194 वें जन्मदिन भी मनाया गया । बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जी ने जो भारत को आजाद कराने के लिए संविधान लिखा है उसे आज संविधान दिवस व अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई के 194 वें जन्म दिन के रूप में आज पूरे उत्तर प्रदेश में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में महराजगंज मुख्यालय के प्रांगड़ में भी मनाया गया। इस मौके पर जिला प्रभारी अरविंद मौर्य,जिला उपाध्यक्ष शकील अहमद , जिला उपाध्यक्ष देश दीपक पाल,,सुदर्शन भारतीय,नागेंद्र मौर्य,इंद्रेश पटेल,संतोष यादव, दुर्गेश कुशवाहा,सुनील कन्नौजिया,महेंद्र यादव,बृजेश कन्नौजिया,शैलेश विश्वकर्मा, निजाम अली,जैस अंसारी,नौतनवा अध्यक्ष हेमंत मौर्य,ध्रुव नारायण भारतीय,विजय प्रकाश कुशवाहा,राजू निषाद,जेली राठौर सहित आदि उपस्थित रहे

## प्रधानमंत्री ने रामलीला आयोजन पर भेजा शुभकामना संदेश



प्रधान मंत्री
Prime Minister
संदेश

**सिसवा बाजार।** नगर पालिका कस्बा स्थित हिंदू कल्याण मंच द्वारा विगत दिनों श्रीराम लीला महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंच टीम को पत्र के माध्यम से व्यवस्थित आयोजन की प्रशंसा करते हुए भविष्य की शुभकामना संदेश भेजा गया है। जिसे प्राप्त करने के पश्चात सभी सदस्यों ने प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हुए भविष्य में श्रीराम लीला महोत्सव कार्यक्रम के आयोजन को और बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने की बात कही गई। इस अवसार पर मंच के अध्यक्ष प्रमोद मद्धेशिया ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुभकामना संदेश हम सभी को प्राप्त हुआ, हम मंच के सभी सदस्यों द्वारा उनका आभार प्रकट करते हैं कि वह अपने व्यस्त समय मे से कुछ अनमोल समय निकाल हिंदू कल्याण मंच टीम के इस कार्यक्रम की सराहना की और बधाई संदेश भेज हमारा मनोबल बढ़ाया। जिसके लिए हम तथा हमारी पूरी टीम उनकी आभारी है। साथ ही इस शुभकामना संदेश से हमारे टीम की उत्साह और हौसला और बढ़ गया है। अब आगे हिंदू कल्याण मंच एक नए उत्साह के साथ बेहतर कार्य करेगा।

## सड़क सुरक्षा को लेकर छात्रों ने निकाली यातायात जागरूकता रैली

### जीवनदीप पब्लिक स्कूल में छात्रों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जीवनदीप पब्लिक परासखांड के छात्रों ने मंगलवार को यातायात जागरूकता रैली निकाली। छात्र-छात्राएं यातायात नियम लिखे स्लोगन की तख्तियां लेकर चल रहे थे और लोगों को यातायात के प्रति जागरूक कर रहे थे। जीवनदीप पब्लिक स्कूल से निकली रैली झुंगवा चौराहा, परासखांड, जोगा टोला होते हुए पुनः विद्यालय पर पहुंची, जहां गोष्ठी आयोजित की गई। उप निरीक्षक पंकज सिंह ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि यातायात नियमों का पालन खुद करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने छात्रों को यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंधक कमलेश शर्मा ने कहा कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक कराना है क्योंकि आए दिन सड़क पर दुर्घटना बढ़ती जा रही हैं। जागरूकता के अभाव में लोग सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना नहीं जानते हैं। उन्हीं नियमों को पालन कराने के लिए यह रैली निकाली गई। इस अवसर पर समाजसेवी रवींद्र जैन, आदित्य धारिया, संजीला , सलमा खातून, रेनू मौर्या, कविता साहनी, सनम, आसिया, अन्नू चौधरी, प्रियांशु शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन पार्क एवं मिनी स्टेडियम का औचक निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा मंगलवार को विकास खण्ड लोटन में ग्राम पंचायत बस्तिया में निर्माणाधीन पार्क तथा ग्राम पंचायत महथावल में निर्माणाधीन खेल मैदान/मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया गया।



बस्तियॉ पार्क निर्माण निरीक्षण के समय पार्क की बॉउंड्रीवॉल एवं गेट का निर्माण कार्य होता पाया गया।पार्क में मिट्टी पटाई एवं समतलीकरण व अन्य कार्य मनरेगा योजना से कराया जाना है। उनके द्वारा निर्देशित किया गया कि अतिशीध्र मिट्टी पटाई कार्य कराना सुनिश्चित करें। पार्क की बॉउंड्रीवॉल के नीव का कार्य सन्तोषजनक पाया गया। पार्क के समीप मन्दिर एवं अर्धनिर्मित पंचायत भवन तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय है। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि मन्दिर की तरफ एक छोटा गेट निर्माण कराया जाय। लोटन खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्धारित मानक के अनुसार कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत महथावल खेल मैदान निरीक्षण के समय महात्मा गांधी नरेगा योजना से खेल मैदान मिट्टी पटाई कार्य होता पाया गया।

कन्सल्टेन्ट इंजीनियर द्वारा बताया गया कि खेल मैदान में पाथ-वे बनाया जाना है। निर्देशित किया गया कि खेल मैदान में पाथ-वे का निर्माण न कराया जाय। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि खेल मैदान, शौचालय, योगा सेन्टर एवं सीढियॉ बनायी जायेगी। जिसमें बालीवालॅ एवं फुलबाट के साथ-साथ अन्य खेल आयोजित किया जा सकेगा। खेल मैदान के बाउण्डीवाल का निर्माण कार्य जिला पंचायत द्वारा कराया जायेगा। मिट्टी पटाई एवं समतलीकरण व अन्य कार्य धीमी गति से कराया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा

**समय से मानक के अनुसार कार्य पूर्ण करे मुख्य विकास अधिकारी**

निर्देशित किया गया कि अतिशीध्र मिट्टी पटाई कार्य कराना सुनिश्चित करें। खेल मैदान से मुख्य मार्ग तक कच्ची सड़क है, जिसका निर्माण कराने का निर्देश दिये गये।

खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्धारित मानक के अनुसार कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।निरीक्षण के दौरान बीडीओ ओम प्रकाश, एडीओ कापरेटिव युनुस अंसारी, आर एस जेई राकेश कुमार चौधरी, सचिव ईश्वर देव, ग्राम प्रधान चन्द्र बलि यादव, एपीओ सत्य प्रकाश वर्मा, प्रधान केदारनाथ गुप्ता, रोजगार सेवक सोनू चौरसिया तकनीकी सहायक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

## डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैश बोर्ड की हुई बैठक

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड व विकास कार्यो की प्रगति समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी व बेहतर ढंग से किया जाए। ताकि सरकार की योजनाओं से समस्त वंचित एवं पात्र लोगों को जोड़ा जा सके और उनकी समस्याओं का भी बुनियादी समाधान हो सके। जनता के हित में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर जन-जन को लाभान्वित किया जाए। प्रतिदिन सभी अधिकारी आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड पर अंकित प्रगति की स्वयं देखें। इस दौरान यदि उन्हें कोई भी समस्या या शिकायत लम्बित पायी जाती है, तो तत्काल निराकरण भी करें। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पर अपने विभाग की रैंकिंग में आपेक्षित सुधार लाएं। विकास कार्यक्रमों में तेजी लाकर जनपद की रैंकिंग बढ़ाने में अपनी महती भूमिका निभाएं।

## जनपद न्यायाधीश ने दिलाई संविधान की प्रस्तावना का शपथ



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर विरजेन्द्र कुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं जिला प्राधिकरण व जनपद न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण को संविधान की प्रस्तावना का शपथ दिलाया गया। साथ ही साथ जनपद न्यायाधीश के दिशा निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के मध्य संविधान दिवस के उपलक्ष्य में मौलिक कर्तव्य व संविधान के अन्तर्गत दायित्वों व अधिकारों के बारे मे जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया एवं संविधान की प्रस्तावना का शपथ दिलाया गया। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के सचिव मनोज कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## कम्पनी एम्पलाई द्वारा की जा रही जिला कृषि अधिकारी की बातों की अवहेलना

**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी एम्पलाई द्वारा जिले में यूरिया के साथ कम प्रचलित प्रोडक्ट ऊर्जा का टैग करके किसानों के जेब काटे जा रहे है कंपनी से जुड़े हुए होलसेलर ऊर्जा उठाने के लिए मजबूर किया जा रहा है जिसने ऊर्जा लेने से इनकार किया उसे यूरिया का आवंटन नहीं किया जा रहा है विश्वास सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस प्रकरण में कई बार जिला कृषि अधिकारी द्वारा कंपनी और होलसेलर की एक साथ मीटिंग करके कड़ी चेतावनी दी गई लेकिन कंपनी एम्पलाई मुकेश पांडे द्वारा अभी भी जारी है ऊर्जा का जबरदस्ती जिले में स्टॉक बढ़ाते हुए चले जा रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी द्वारा कई बार पत्राचार द्वारा इन्हें कड़ी चेतावनी देने के बाद भी अभी भी जारी है जबरदस्ती ऊर्जा की बिलिंग ज्यादा तक किसान यूरिया के साथ जिंक सल्फर फसल में डालना पसंद करता है लेकिन जब भी रैक लगती है उसके साथ ऊर्जा सभी ट्रैकों पर लोडिंग होकर फूटकर विक्रेता की दुकान पर जाता है जहां से किसान को जबरदस्ती ऊर्जा लेने के लिए मजबूर किया जाता है जिला कलेक्ट्रेट में डीएम साहब की बैठक में इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के एम्पलाई मुकेश पांडे को कड़ी चेतावनी दी गई लेकिन डीएम साहब की बातों को भी नजर अंदाज कर रहे हैं अब देखना है किस तरह जिला कृषि अधिकारी किसानों के साथ हो रहे ना इंसाफी को रोकने में सफल होते हैं।

## सीडीओ ने धान क्रय केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा राजकीय धान क्रय केन्द्र, बी पैक्स खखरा खुर्द विकास खण्ड लोटन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उमेश कुमार यादव सचिव उपस्थित थेद्य निरीक्षण के समय पाया गया कि भवन में फर्श एवं प्लास्टर की मरम्मत कार्य क्षेत्र पंचायत द्वारा कराय जा रहा है। गोदाम पर रेट लिस्ट लगा पाया गया। सचिव द्वारा बताया कि अब तक 4000 कुंतल लक्ष्य के सापेक्ष 26 कुन्तल क्रय किया गया। कम खरीद में सम्बन्ध में बताया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण कम क्रय किया गया है। केन्द्र पर कुल 250 बोरा उपलब्ध है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सचिव को निर्देशित किया गया कि क्रय के सम्बन्ध में किसान से सम्पर्क करें। इलेक्ट्रिक कांटा एवं नमी मापन यंत्र संचालित पाया गया। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निमार्ण कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से होना चाहिए।

## संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भाजपा जिला कार्यालय पर संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को संगोष्ठी का आयोजन कर पार्टी पदाधिकारियों ने संविधान के वास्तुकारों को नमन किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार कुंवर ने कहा कि भारत का संविधान ही वह शक्ति है, जिसने देश की विविधता को एकता में समाहित किया है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को एकता के सूत्रों की रोने वाले ग्रंथ को समर्पित संविधान दिवस की सभी जनपदवासियों को ढेरों शुभकामनाएं। क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शिवनाथ चौधरी ने कहा संविधान में हमारे जीवन, मूल्य और परंपरा का समावेश है और इसकी मजबूती के कारण ही हम एक भारत - श्रेष्ठ भारत की ओर अग्रसर है। संविधान दिवस के अवसर पर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी को कोटि-कोटि नमन। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य ने किया।जिला उपाध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, फतेबहादुर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद उपाध्याय, मंगल चौरसिया, पूर्व नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र, फूलचंद जायसवाल, मंडल अध्यक्षगण अमित उपाध्याय, रमेश मणि त्रिपाठी, सोनू गुप्ता, महेंद्र लोधी, मंडल महामंत्री अनुराग गगन, राजेश दुबे, कार्यालय प्रभारी रमेश पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## लंका में अंगद ने जमाया पाव नही हिला सका कोई योद्धा

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र ग्राम पंचायत चौखड़ा में चल रहे रामलीला कार्यक्रम में गत रात्रि दिखाया गया की लंका जलाने के बाद हनुमान जी सीता जी के पास पहुंचते हैं वह अपनी चूड़ामणि देती हैं, हनुमान जी समुद्र के इस पार आते हैं जहां अंगद जामवंत आदि वानर मिलते हैं। सभी लोग रामचंद्र जी के पास पहुंचे हैं हनुमान जी रामचंद्र जी को सीता जी के बारे में बताते हैं तथा कहते हैं कि एक महीने के अंदर लोग वहां नहीं पहुंचे तो सीता जी प्राण त्याग देगी सभी लोग लंका की तरफ चल देते हैं। उधर लंका में विभीषण रावण को समझाते हैं लेकिन रावण उन्हें लात मार कर निकाल देता है वह राम के शरण में आ जाते हैं सभी लोग समुद्र से प्रार्थना करते हैं लेकिन समुद्र कुछ नहीं बोलता है फिर रामचंद्र जी अग्निबाण उठाते हैं समुद्र प्रकट होता है तथा नल नील से पुल बांधने को कहता है पुल बांध देते हैं जहां शंकर जी का स्थापना श्री रामचंद्र जी करते हैं सभी लोग लंका में पहुंचते हैं यह होता है कि अब क्या किया जाए तब सुग्रीव कहते हैं कि अंगद को लंका में भेजा जाए रामचंद्र जी अंगद को लंका भेजते हैं जहां रावण से उनका संवाद होता है रावण अंगद को बहुत कुछ कहता है अंगद कहते हैं कि मैं अपना पांव पृथ्वी पर जमा रहा हूं यदि कोई योद्धा है तो मेरा पैर हटा दें सभी लोग परेशान हो जाते हैं पर नहीं हिला पाते हैं तब रावण उठता है अंगद जी पांव हटाने की बात कहता हैं तो अंगद जी कहते है कि तुम मेरे पांव नहीं बल्कि श्री राम के पांव को पकड़ो जहां से तुम्हारा कल्याण होगा लेकिन रावण ऐसा नहीं करता है और युद्ध करने की बात कहता है अंगद जी वापस चले जाते हैं वानर दलों द्वारा लंका पर आक्रमण किया जाता है। इस अवसर पर अरुण कुमार सिंह, मंगल हलवाई, गोपाल, विनोद, जिगर, अंतरिक्ष प्रताप सिंह, अंशुमान सिंह, जयशंकर मिश्रा, रबी, मोहित, प्रेम, सोनू, शिवम, मुन्ना, भानु ,विनोद, धीरू, गोपाल, धनेश यादव, बजरंग मिश्रा, विजय, गुड्डू यादव, कुलदीप सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## ईओ की अध्यक्षता में सामूहिक विवाह योजना की बैठक



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शासन एवं जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में नगर पंचायत डुमरियागंज में अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा सभी सुपरवाइजरों की बैठक की गयी. बैठक में सभी सुपरवाइजर को यह निर्देश दिया गया कि लगातार फील्ड में रहकर सामूहिक विवाह योजना से संबंधित वांछित लाभार्थियों के आवेदन पत्र लाभार्थियों के घर से प्राप्त करें तथा अपने वार्ड के सभासद से समन्वय स्थापित कर आवेदन पत्रों को प्राप्त करने में तेजी लाएं जिससे निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूरा किया जा सके। इस बैठक में अधिशासी अधिकारी द्वारा सभी सुपरवाइजरों को फैमिली आई0डी0 के सम्बन्ध में जारी निर्देशों को भी बताया गया तथा सुपरवाइजरों को निर्देश दिया कि समस्त वार्डों में जाकर फैमिली आईडी बनवाने हेतु नागरिकों को जागरूक करें तथा कार्य में तेजी लाएं। इस बैठक में महंत मिश्रा, मोहम्मद हैदर, जानिसार अख्तर, सहित समस्त सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## सपा विधायक त्रिभुवनदत्त की सुपुत्री के वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लेने आयेंगे अखिलेश



**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** बुधवार 27 नवम्बर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अंबेडकरनगर जिले में पहुंचेंगे। पूर्व सीएम अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव आलापुर के विधायक त्रिभुवन दत्त की सुपुत्री के शुभ विवाह कार्यक्रम में वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचेंगे। इस संबंध की जानकारी देते हुए युवा सपा नेता राहुल दत्त यशवर्धन नें बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार दोपहर महाविद्यालय परिसर में आयोजित शादी समारोह कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## नेयुके के तत्वावधान में संविधान दिवस पर रैली/ गोष्ठी का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार इकाई नेहरू युवा केंद्र सिद्धार्थनगर (माय भारत) के तत्वावधान में मंगलवार को जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम संविधान दिवस पर रैली/ गोष्ठी का आयोजन फायर स्टेशन पुरानी नौगढ़ ग्राम पंचायत लम्तिहवा विद्यालय में किया गया। संविधान दिवस कें अवशर पर मुख्य अतिथि प्रभाकर शुक्ल, प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं अमित कुमार द्विवेदी सहायक अध्यापक मौजूद रहे।

इस दौरान एन वाई वी रुपेश मिश्र ने कार्यक्रम में युवाओं को बताया की संविधान दिवस का उद्देश्य लोगों को संविधान की मूल बातें और इसके महत्व के बारे में जागरूक करना है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम





एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार और स्वतंत्रता प्राप्त हैं। कार्यक्रम कों संबोधित करते हुए विजय शंकर यादव ब्लाक समन्वयक स्माइल फाउंडेशन ने कहा की जब भारतीय संविधान को सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा लोगों को संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देने के लिए 26 नवंबर को ही संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पीएस श्री विद्यालय लम्तिहवा सें फायर स्टेशन तक रैली का आयोजन युवाओं में न राष्ट्र कें प्रति अपनें जिम्मेदारी का निर्वहन करने हेतु किया गया कार्यक्रम में आयोजन लोगों को चेतन्य करने हेतु आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्लान इन्डिया सें अमन शर्मा युवा मंडल सदस्य शिवपूजन यादव, मनोज पांडे, अशोक कुमार, ओम प्रकाश, विजय कुमार, आशू यादव, धर्मेंद्र कश्यप, धनराज यादव, राकेश कुमार गुप्ता सहित विभिन्न युवा मंडल के युवा उपस्थित रहे।

## प्रधानाध्यापिका ने अज्ञात पर लगाया धनउगाही करने का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बांसी अंतर्गत संचालित प्राथमिक विद्यालय सूपाराजा की प्रधानाध्यापिका जया साहनी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात व्यक्ति पर जिलाधिकारी कार्यालय के नाम पर धन मांगने का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी को सौंपे गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीते सोमवार को जिलाधिकारी द्वारा प्रातः 9:45 बजे प्राथमिक विद्यालय सूपाराजा का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति कम थी। जिसके सन्दर्भ में मुझे सायं लगभग 4 बजे एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया कि अभी आपके पास जिलाधिकारी कार्यालय से फोन आएगा तो ठीक से बात कर लीजिगा। फोन के तुरंत बाद एक फोन आया कि मैं जिलाधिकारी कार्यालय से बोल रहा हूं। डीएम साहब ने आपके विद्यालय की जाँच किया है, जिसमें



कमियां मिली हैं। 5 बजे मीटिंग है मुझे उसमे आपकी फॉइल ले जानी है। अगर आपकी फाइल मीटिंग में गयी तो आप बर्खास्त कर दी जाएंगी। इससे बचने के लिए रुपये तीस हजार गूगल या फोन पे कर दीजिए। प्रधानाध्यापिका ने उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि निरीक्षण की जानकारी समाचारों के माध्यम से कुछ ठगों को हुई होगी, जिसका फायदा उठाकर उन लोगों ने मुझे धमका कर ठगने का प्रयास किया है।

## नेपाल पुलिस ने बाघ के खाल के साथ किया गिरफ्तार



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नेपाल के कपिलवस्तु जिले की पुलिस ने शिवराज नगर पालिका के वार्ड 2 हल्ला नगर में एक व्यक्ति को बाघ के खाल के साथ गिरफ्तार किया है और पकड़े गए आरोपित पर विधिक कार्यवाही की जा रही है। कपिलवस्तु जिले के डीएसपी मोहन मणि अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रूपांदेही जिले के बुटवल वार्ड नं 5 गोलपार्क निवासी विष्णु प्रसाद भट्टराई को पुलिस ने बाघ के खाल के साथ शिवराज नगर पालिका से गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है वन्य जीव तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत गिरफ्तारी की गई है। बताया जाता है कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वन्य जीव तस्करी और अवैध कारोबार में सलंग्न उक्त आरोपित को प्रहरी निरीक्षक सुजान शाह के नेतृत्व में गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित के पास से बाघ का खाल, बाइक बरामद किया गया और अग्रिम कार्यवाही के लिए डिविजन वन कार्यालय चन्द्रौटां भेज दिया गया है।

## लोक नृत्य में बेगम खैर की बालिकाओं ने मारी बाजी





**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** राजकीय इंटर कालेज के बहुउद्देशीय हाल में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित मण्ड स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी एवं कार्यक्रम प्रभारी राधा गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी अरुण पांडेय व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दीपेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं को प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। युवा कल्याण विभाग हजारों युवाओं को सम्मान के साथ-साथ रोजगार भी मुहैया कराया है। कार्यक्रम प्रभारी व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राधा गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहां की बच्चों को प्रतिभा निखारने का अच्छा मंच है। समय-समय पर विभिन्न प्रकार के आयोजन होते रहते है। शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चो का भविष्य सवारने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में साइंस मेला, भाषण प्रतियोगिता, कविता व कहानी लेखन, सामूहिक लोक नृत्य व गीत, एकल लोक नृत्य व लोकगीत जैसी तमाम प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। माडल बार्डर पेट्रोलिंग रोबोट, एकल साइंस मेंला में सृष्टि, भाषण प्रतियोगिता में आलोक त्रिपाठी को प्रथम व संतकबीर नगर की अंजली पाठक को द्वितीय स्थान मिला। सामूहिक लोक नृत्य में बेगम खैर बालिका इंटर कालेज की छात्रों को प्रथम स्थान हासिल की।

## पद्मभूषण मौलाना डॉ कलबे सादिक की चौथी पुण्यतिथि पर मौलाना आज़ाद गर्ल्स कालेज की मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** मौलाना आज़ाद गर्ल्स इण्टर कालेज जलालपुर अंबेडकर नगर में समाज सुधारक, महान शिक्षाविद,शिया धर्मगुरु, इस्लामिक विद्वान, पदमभूषण, मौलाना डॉ सैयद कल्बे सादिक की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। कॉलेज में छात्राओं ने उन्हें याद करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और महान विद्वान को खिराज ए अकीदत पेश किया। उनका जन्म 1939 में लखनऊ में हुआ था और लंबी बीमारी के बाद 24 नवंबर 2020 को उनका निधन हो गया। उन्हें मरणोपरांत 2021 में पद्म भूषण के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मौलाना डॉ सैयद कल्बे सादिक साहब की प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ में हुई। मौलाना कल्बे सादिक साहब को उर्दू के साथ अरबी, फारसी,अंग्रेजी वह हिंदी में महारत हासिल थी। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय प्रबंधक मौलाना



मोहम्मद खालिद कासमी ने अपने संबोधन में कहा कि मौलाना डॉ सैयद कल्बे सादिक की पहचान आपसी भाईचारा और मोहब्बत का पैगाम देते शिया धर्म गुरु के रूप में रही है। देश-विदेश में ख्याति प्राप्त मौलाना डॉक्टर कल्बे सादिक शिक्षा और खासकर लड़कियों व गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए हमेशा सक्रिय रहे। यूनिटी कॉलेज और एरा मेडिकल कॉलेज के वह संरक्षक भी थे। मौलाना कल्बे सादिक साहब की पुण्यतिथि पर पैगाम फाउंडेशन अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद जमाल ने कहा कि वह केवल मुसलमान ही नहीं बल्कि मौलाना कल्बे सादिक इतने महान व्यक्तित्व के धनी थे कि उन्हें जाति धर्म के बावजूद लोगों द्वारा हमेशा याद किया जाता रहेगा।ऐसा इसलिए है कि डॉक्टर सादिक साहब ने हर मजहब के लोगों के दिलों को जीता है।मौलाना साहब को दुनिया आपसी भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम देते शिया धर्म गुरु के रूप में जानती हैं।उनके व्यक्तित्व को चंद शब्दों में कह पाना मुश्किल है।प्रधानाचार्या गुलिस्ता अंजुम ने कहा कि पदम भूषण जनाब मौलाना डॉ सैयद कल्बे सादिक साहब हिंदू मुस्लिम झगड़े के साथ मुस्लिम धर्म में शिया सुन्नी झगड़े को भी खत्म करने के लिए लगातार कोशिश करते रहे और उनको इसमें बहुत हद तक कामयाबी भी मिली। लखनऊ में शिया सुन्नी कई जगहों पर ईद की नमाज साथ ही पढ़ते हैं यह मौलाना की ही कोशिश थी, जिसके चलते आज शिया सुन्नी के झगड़े में कमी आई है। अनम मेराज, फरहाना अंजुम, शमा परवीन, कनीज सुगरा, सकीना जैनब, केसा जहरा, हानिया जैनब, अमतुज जहरा,इकरा फरीद, मुकद्दस फातमा, अदीबा सुलतान, मनतशा जैनब, सदफ जहरा, मुमताज जहरा, सबीहा जहरा को कॉलेज में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में प्रबंधक मौलाना मोहम्मद खालिद कासमी ने जनाब मौलाना डॉ सैयद कल्बे सादिक अवार्ड से सम्मानित किया।

## भारत स्काउट गाइड का प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नेशनल पब्लिक स्कूल तत्वाधान में शिविर संयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राकेश कुमार के संयोजन में तृतीय सोपान स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ जिसमें विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती रजनी देवी अग्रवाल द्वारा ध्वज फहराकर किया गया है इस शिविर में शिविर संचालक बलिराम राजभर और शिविर संचालिका निशात फातमा द्वारा पांच दिनों तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और साथ ही सहायक के रूप में ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट बादल विश्वकर्मा, ट्रेनिंग काउंसलर गाइड श्रद्धा शर्मा , आरती यादव व कोनल गुप्ता द्वारा प्रदान की जा रहा है तृतीय सोपान के इस प्रशिक्षण शिविर में नेशनल पब्लिक स्कूल के साथ साथ आदर्श जनता इंटर कॉलेज, तक्षशिला अकादमी, मिश्रीलाल आर्य कन्या इंटर कालेज, राजकीय विद्युत परिषद इंटर कॉलेज, जयराम वर्मा बापू स्मारक इंटर कालेज मिश्रीलाल सुंदरी देवी इंटर कालेज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टांडा बाबा राम शरण दास इंटर कॉलेज टांडा और एच टी इंटर कॉलेज के स्काउट गाइड पांच दिनों तक तृतीय सोपान का प्रशिक्षण लेंगे। इस शिविर में विशेष रूप से संजीव कुमार, पवन कुमार चौरसिया, भोलानाथ वर्मा, राजपति कन्नौजिया दिनेश कुमार उपाध्याय हर्षित गुप्ता, सिराज अहमद, सृष्टि साहू, खुशी गुप्ता, रागिनी आदि लोग उपस्थित रहे।

## ट्रम्प का ट्रम्प चल गया

131 साल बाद ट्रम्प ने इतिहास दोहरा दिया। कमला हैरिस पहली महिला राष्ट्रपति बनते बनते चूक गईं। जब चुनाव का कम्पेन चल रहा तो रूझान कमला की ओर लग रहा था। पर ट्रम्प का हौसला उनका जुझारू प्रयास मस्क के साथ ने चुनाव में उन्हें बनाये रक्खा मस्क पहले से ही ट्रम्प के जीत का उद्घोष करते रहे। मस्क को ट्रम्प ने जीनियस बताया। यह सच है अपना कैरियर गढ़ने में मस्क जीनियस रहे हैं। उनमें जूझने की बेमिसाल क्षमता है जब तक मिशन पूरा न हो जाये नीद और भूख भुला देते हैं। मस्क के सपोर्ट और साथ ने ट्रम्प को पाजिटिव बनाये रक्खा।

कमला जब चुनाव के मैदान में उतरी तो बाइडन अपनी उम्मीदवारी में लगे थे और प्रचार की हवा बना रहे थे। पर उनके सेहत के असर को देखते हुये उनकी पार्टी उन पर चुनाव से हटने का दबाव बना रही थी। बाइडन डटे रहे अपने गिरते स्वास्थ्य का प्रमाण देते हुये कुछ गलत शलत बोल देते थे। मतदाताओं का उन पर से विश्वास घटने लगा। दूसरे बाइडन के हटने का बाद कमला हैरिस को कम्पेन के लिये 2-3 महीने का ही समय मिला। ट्रम्प अपने को अमेरिकी हितों का रक्षक बताया और अपने को सबसे बड़ा अमेरिकी राजनेता बताते रहे। ट्रम्प अवैध प्रवासियों पर रोक लगाने की बात करते रहे। अमेरिकियों को भी लगा उनके टैक्स का हिस्सा प्रवासियों पर क्यों खर्च हो। अमेरिकी बइडन सरकार से खराब आर्थिक हालात को लेकर नाखुश थे। रंगभेद को लेकर गोरी महिलायें ट्रम्प की तरफदार रहीं। महंगाई का मुद्दा सभी को मथ रहा था। कहना पड़ेगा ट्रम्प के ट्रम्प का जादू चल गया। ट्रम्प के जीत के बाद सभी देश उनसे वापसी से उनके देश पर पड़ने वाले असर का अन्दाजा लगाने में व्यस्त हैं मोदी ने ट्रम्प को अपना दोस्त बताते हुये अपने लम्बे बातचीत का जिक्र कर ले हुये खुश हुये। अमेरिकी का भारत का सामरिक साझेदारी और मजबूत होने की उम्मीद है। ट्रम्प 2.0 में क्वैड और मजबूत होगा। ट्रम्प चीन के बदले दबदबे को रोकेंगे। जिसका फायदा भारत को मिलेगा। भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सरक्षा, काउन्टर टेररिज्म इन्टेलिजेन्स शेयरिंग की हिस्सेदारी और बढ़ेगी। ट्रम्प चीन साहित कई देशों के माल पर ज्यादा इम्पोर्ट ड्यूटी लगा सकते हैं। आटोमोबाइल्स और दवाओं का बड़ा निर्यात अमेरिका को होता है। ट्रम्प की चीन विरोधी नितियो की वजह से चीन के निवेशक भारत में निवेश करेंगे। 10 दिसम्बर 2024 को सभी राज्यों के मतदाता मिलेंगे। वे उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति का चुनाव करेंगे। वोट के साथ साइन सर्टीफिकेट सौपेंगे। 20 जनवरी 2025 को नये राष्ट्रपति शपथ ग्रहण करेंगे तब ट्रम्प पूरी तरह राष्ट्रपति बन जायेंगे। ट्रम्प की जीत से अमेरिकी कम्पनियों के शेयरों में तेजी आई। सेन्सेक्स में बढ़त आई। निफ्टी 270.75 अंक बढ़कर 24484.05 अंक पर बन्द हुआ। आर्थिक जगत में खुशहाली छाई। शेयर धारक गदगद हो रहे। ट्रम्प की जीत से भारत की सभी क्षेत्रों में सहयोग की उम्मीद बढ़ी है। खास कर मोदी और ट्रम्प की स्पेशल बाइडिंग से एक बात गौर करने की है। ट्रम्प पूंजीपती है। वह आर्थिक सामाजिक और सैनिक सहूलियत देने के बदले अपने हित में भी कड़ी वसूली चाहेगे। बहरहाल यूक्रेन को सबसे बड़ा झटका लगेगा क्योंकि ट्रम्प उसे दी जाने वाली सारी मदद को बन्द करने का एलान करते रहे है।

## शिक्षा के मंदिर में चलता कालेधन का कारोबार यह शिक्षा है या व्यापार!


प्रतिक संघवी

आजकल जहा देखो वहा शिक्षा का स्तर बहुत गिर रहा है। और लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी जैसी शिक्षा आज से 20 या 30 साल पहले सरकारी स्कूलों में मिलती थी वैसी नहीं मिल रही है। उसका सीधा अर्थ यही हे कि कही न कही सभी चीजों का निजीकरण के नुकसान अब दिखने का चालू हो गया है। अब सही तरह से सोचे तो डिग्री और शिक्षा एक पैसे का खेल बन गया हे। और हद तो तब हो जाती हे की जिसने पीएचडी की हो उसने किस विषय पे और किस थीसीश में पीएचडी की डिग्री ली हे वह तक पता नहीं। और उससे भी आगे जाए तो एक सीए की हुई लड़की ने सादी होने तक 7500 में जॉब की और वो जॉब न चली जाए इसके लिए माफी भी मांगी। यह सब आंखों देखी और मेरे सहपाठी के साथ घटी हुई सच्ची बाते हे और वह भी गुजरात में। तो आए जानते हे कि इसकी नींव कहा हे और क्यों ऐसा हो रहा है।

पहले तो यह शिक्षा का कारोबार कैसे चलता हे वह जानना पड़ेगा। ज्यादातर शहरों में अभी प्राइवेट स्कूलों के चलन बढ़ गए हे सामने सरकार ने भी सरकारी स्कूलों पे ध्यान नहीं दिया अब यह एक शिक्षण माफिया में परिवर्तित हो गया हे। जहां पैसे और बड़ी बड़ी बाते और बहुत सारे मार्क के अलावा कोई चीज नहीं होती है। पहले यह जानिए के 20 साल पहले बोर्ड में अव्वल नबर में 1 से 10 होते तो उसमें ज्यादा से ज्यादा 12 से 18 विद्यार्थी होते लेकिन अब वही संख्या 70 से 80 हो गई हे। यह भी इस खेल की ही एक कड़ी हे। ऐसे बहुत सारे खेल और तालमेल हे जो पैसे और बड़े बड़े नेताओं और शिक्षण माफिया लोगों और सिस्टम के साथ खेलता रहता है।

अब जानते हे की ज्यादातर प्राइवेट स्कूलों में एक ट्रस्ट के अंतर्गत आती हे। और वही ट्रस्ट से सारा संचालन होता हे। बस जब आप फीस जमा कराते हो तब ही यह सब कारोबार आपके सामने आ जाएगा। आप घोर से देखना की वहां स्कूल फि लिखा हे , डोनेशन लिखा हे या ट्यूशन फि, ऐसे अलग अलग कितने क्लॉज आने को चालू हो गए हे। जैसे की खेल, टूर, आउट डोर वगैरा। तो यह साफ हो गया हे कि कोई नियम हे जिसको ताक ताक करके इसको पैसे ऐंठने की पूरी छूट मिली हे। और वह बस दिन प्रतिदिन इसी कार्य में लगे रहते है। इससे आगे जाए तो कितनी शाला ए एसी भी हे जो अपने शिक्षकों को बैंक में पगार देके वापिस रोकड़ रूप में ले लेती है। वह एक शिक्षक की मजबूरी हे और यह शिक्षण माफियाओं का डर।! अब इन सब में जो रह जाता हे जो छूट जाता हे वह हे शिक्षण।

इन सभी शिक्षण माफिया गैंग रोज रोज नए तौर तरीको से पैसे ऐंठने के रास्ते ढूंढते हे। और सोची समझी साजिश की तहत लोग इसके शिकार बन गए हे। इसमें जो मूल भाव का शिक्षण हे वही गायब हो गया हे। और बस मार्क्स और स्कूलों की छवि चमकाने के लिए ही शिक्षण रह जाता हे। अब सोचो जिस शिक्षण की नींव हि काले धन और उसका सेटलमेंट करने के लिए बनी हे वहा पढ़ रहे बच्चो को क्या शिक्षण मिलता होगा? क्या यह संभव हे कि जहां शिक्षण संस्थानों खुद ही की नींव गलत हो वहा से कोई सही शिक्षा पा सके। क्या यह भी संभव हे के अगर आगे बढ़ भी गया तो यह नींव जानने के बाद वो आदमी अपने आपको एक सुरक्षित और भ्रष्टाचार मुक्त भारत दे सके।

शिक्षण संस्थान में होते शिष्टाचार से भ्रष्टाचार को अगर नहीं रोका गया तो अब नीचे लिखी लाइन ही सब बोलेंगे और कोई भी संस्थानों का कुछ भी महत्व नहीं रहेगा यह पक्का है। सोच समझ के ना की पढ़ाई जिसने, उसने जीवन बिगाड़ दिया। और सोच समझके की पढ़ाई जिसने, उसने भी क्या उखाड़ लिया। बस यही वाक्य अभी 10 फीसदी केसों में लागू होते दिख रहे हे अगर यही व्यवस्था से शिक्षण प्रणाली चली तो वह 90 फीसदी हो जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**अब तक ये रवायत रही है कि उप चुनाव सत्ता पक्ष के समर्थन वाला प्रस्ताव ले कर खामोशी से गुजर जाते हैं, लेकिन ये उपचुनाव शोरगुल मचाते हुए अखिलेश यादव और इंडिया गठबंधन के पीडीए और माई समिकरण पर भी सवालिया निशान लगा कर गुजरें हैं। कुंदरकी और करहल विधानसभा सीटों के नतीजे काबिले गौर हैं। सपा मुखिया की पुश्तैनी सीट करहल में 22 के चुनाव में सपा 64 हजार मतों से जीती थी, लेकिन इस बार जीत का अंतर केवल 14 हजार रहा। वहीं कुंदरकी जहां भाजपा तीन दशक से जीत के लिए तरस रही थीं, वहां सपा के मुस्लिम उम्मीदवार अपनी जमानत तक नहीं बचा सके।**

# महाराष्ट्र में क्यों कारगर नहीं हुआ संविधान बचाने का नारा


शाहिद नकवी



ये सत्य है कि हर हार के बाद भाजपा के नेता सबक लेते हैं।लेकिन हर जीत के बाद विपक्ष के गुब्बारे फूल जाते हैं। जैसा लोकसभा चुनाव के बाद देखने को मिला कि भाजपा जीत के बाद भी खामोश नहीं रही।जबकि विपक्ष सत्ता से दूर रहने के बाद भी रणनीतिक भूल करता रहा। यहां तक कि वह ठीक से गठबंधन धर्म भी नहीं निभा सका। उत्तर प्रदेश में सपा अपनी सफलता पर इतना इतराने लगी कि उसने उप चुनाव में कांग्रेस से बिना बात किए हुए ही नौ में से सात सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर दिए।ऐसे में कांग्रेस ने मैदान से हटना ही बेहतर समझा।राहुल गांधी एक बार भी यूपी नहीं आये।वह केरल और महाराष्ट्र में ही डटे रहे। लोकसभा की तर्ज पर इंडिया गठबंधन जाति जनगणना का कार्ड खेलता रहा।जबकि एनडीए ने योगी के नारे बंटेंगे तो कटेंगे के साथ एक हैं तो सेफ हैं जोड़ कर जातीय एकजुटता से इसकी काट निकाल ली।

नतीजे बताते हैं कि उत्तर प्रदेश से महाराष्ट्र तक वोटों की गोलबंदी में ये नारा रामबाण साबित हुआ। इसी नारे की बिना पर योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा के उपचुनाव में 7 पर भगवा फहरा गए।हां झारखंड में कांग्रेस भले ही गुब्बारे फुलाती रहे, लेकिन महाराष्ट्र और यूपी उप चुनाव के नतीजे कई साफ संदेश दे गए हैं। अब तक ये रवायत रही है कि उप चुनाव सत्ता पक्ष के समर्थन वाला प्रस्ताव ले कर खामोशी से गुजर जाते हैं, लेकिन ये उपचुनाव शोरगुल मचाते हुए अखिलेश यादव और इंडिया गठबंधन के पीडीए और माई समिकरण पर भी सवालिया निशान लगा कर गुजरें हैं। कुंदरकी और करहल विधानसभा सीटों के नतीजे काबिले गौर हैं। सपा मुखिया की पुश्तैनी सीट करहल में 22 के चुनाव में सपा 64 हजार मतों से जीती थी, लेकिन इस बार जीत का अंतर केवल 14 हजार रहा। वहीं कुंदरकी जहां भाजपा तीन दशक से जीत के लिए तरस रही थीं, वहां सपा के मुस्लिम उम्मीदवार अपनी जमानत तक नहीं बचा सके। जबकि यहां 65 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं।इस सीट पर सपा सहित 11 मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में थे, लेकिन वोटों का बंटवारा ऐसा नहीं हुआ जिससे सपा की हार होती।

भाजपा के रामवीर सिंह को 170371 वोट मिले और वह 144791 वोट के भारी अंतर से जीत गए।सपा के रिजवान को केवल 25580 वोट मिले।वोटों का अंतर बताता है कि यहां मुस्लिम वोट भाजपा के खाते में भी गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक रामवीर सिंह ने अरबी गमछा और मुस्लिम टोपी पहन कर मुस्लिमों के बीच जा कर बहुत समय बिताया। संघ और राष्ट्रीय मुस्लिम मंच भी यहां ढंग से सक्रिय रहा। फौरी तौर पर कोई नहीं मानता कि विपरीत परिस्थितियों के बाद भी मुसलमानों ने भाजपा को वोट दिया।लेकिन मतदान प्रतिशत और भाजपा उम्मीदवार को मिले मत ये साबित करते हैं कि बिना मुस्लिम समर्थन के रामवीर सिंह की इतनी बड़ी जीत सम्भव नहीं। इसी तरह करहल में सपा की जीत का अंतर कम होना ये बताता है कि उसके वोट बैंक में सेंधमारी उसके परम्परागत गढ़ तक पहुंच गई है। फूलपुर में भी सपा का पीडीए हवा में ही रहा, लोकसभा में यहां 18000 की बढ़त 11 हजार की हार में बदल गई। सपा पीडीए का नारा देती है और सुरक्षित सीट पर परिवार को प्रमुखता देती है,जाहिर है ये बात कार्यकर्ताओं के साथ मतदाताओं को भी खटकी होगी।ये भी काबिले गौर है कि महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भाजपानीत महा आघाड़ी की प्रचंड जीत और विपक्षी कांग्रेसनीत महाविकास आघाड़ी की दारूण पराजय एवं झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई में यूपीए की सत्ता में शानदार वापसी के मूल में कॉमन? बात इन राज्यों में सत्तारूढ़ सरकारों द्वारा महिलाओं को सीधा आर्थिक लाभ देना है।

मप्र से निकला फॉर्मूला अब रंग दिखा रहा यह बात शीशे की तरह साफ है कि महिलाओं को आर्थिक मदद देकर मतदाता के रूप में उनका समर्थन जीतने का जो गेमचेंजर प्लान मप्र में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने ईजाद किया था,वह न सिर्फ भाजपा बल्कि हर सत्तारूढ़ पार्टी के लिए जीत का शर्तिया नुस्खा साबित हो रहा है।यही कारण है कि महिलाएं बड़ी संख्या में वोट कर रही हैं और उस सत्तारूढ़ पार्टी के पक्ष में वोट कर रही हैं, जो हर माह उनके खाते में निश्चित राशि सीधे जमा कर रही है। सभी मुख्यमंत्री इस आर्थिक मदद को राज्य की बहनों को 'भाई का नेग' करार दे रहे हैं। बदले में बहनाएं उन पर वोट न्यौछावर कर रही हैं। महाराष्ट्र में यह कमाल युति सरकार की 'लाडकी बहिण' योजना ने तो झारखंड में झामुमो गठबंधन सरकार की 'मइया सम्मान योजना' ने किया। इसके पहले मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी भाजपा सरकारों की वापसी राह महिला आधारित योजनाओं ने बनाई थी। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले लाडकी बहिण योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत, 21 से 65 साल की उन महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये की मदद दी जाएगी, जिनकी सालाना कमाई 2.5 लाख से कम होगी इस योजना के तहत राज्य की एक करोड़ महिलाओं को फायदा मिलता है।महाराष्ट्र में 65.22 फीसदी महिला वोटरों ने वोटिंग की थी। इसी तरह झारखंड में भी सोरेन सरकार मंईयां योजना चलाती है। इसके तहत 21 से 50 साल की उम्र की महिलाओं को हर महीने 1 हजार रुपये की मदद मिलती है। हालांकि, ये मदद उन्हीं महिलाओं को मिलती है, जिनकी सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम है।इस योजना से 48 लाख महिलाओं को फायदा होता है। चुनाव से पहले सोरेन सरकार ने मंईयां योजना की राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर 2,500 करने का ऐलान किया।आंकड़ों के मुताबिक, कुल महिला वोटरों में से 70.46 फीसदी ने वोट डाला।महिलाओं की ये जबरदस्त वोटिंग सोरेन सरकार के लिए निर्णायक साबित हुई।यानी मंहगाई और बेरोज़गारी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर मुफ्त की रेवड़ी भारी है। खाद्य मंहगाई चरम पर है,लेकिन इसे किसी ने मुद्दा नहीं बनाया। जबकि बेरोज़गारी के आंकड़ों पर पहले ही ताला लगा है।नई सदी में महिलाएं पार्टियों का राजनीतिक भविष्य तय कर रही हैं। ये बात अलग है कि अभी कोई राजनीतिक दल राजनीति में महिलाओं को उनका वाजिब हक देने के लिए गम्भीर नहीं दिख रहा है। महाराष्ट्र में 21 और झारखंड में 12 महिलाएं ही विधानसभा पहुंच सकीं। जो विधानसभा की कुल संख्या के हिसाब से कम हैं। योगी आदित्यनाथ के 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे के बाद महिला धन योजना ने महाराष्ट्र में बहुसंख्यक वोटरों को महायुति और एनडीए के पक्ष में एकजुट होने को इस कदर प्रेरित किया कि महायुति के घटक अजित पवार की राकांपा और शिंदे द्वारा खड़े किए कुछ मुस्लिम उम्मीदवार भी इस लहर में जीत का सेहरा बांध गए।

# विश्व में भारत की साख बढ़ाने की मोदी प्रतिबद्धता


ललित गर्ग

**ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं। मोदी ने 14 बार विदेशी संसद में वहां के सांसदों को संबोधित किया। अमेरिका में मोदी ने दो बार संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फिजी, मॉरिशस, युगांडा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मालदीव की संसद को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने 7 बार, इंदिरा गांधी ने 4 बार, जवाहरलाल नेहरू ने 3 बार, जबकि मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने 1-1 बार विदेशी संसदों में संबोधन दिया है।**

दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की एक लम्बी शृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोच, नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है। इसी शृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' और गुयाना ने 'ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' से नवाजा।

भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका, गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं, वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया, इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है।

अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है। मोदी आश्चर्यों की वर्णमाला से गूंथित ऐसा व्यक्तित्व है जिसने अपने हर कीर्तिमान से भारत का मस्तक ऊंचा किया है। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं। मोदी ने 14 बार विदेशी संसद में वहां के सांसदों को संबोधित किया। अमेरिका में



मोदी ने दो बार संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फिजी, मॉरिशस, युगांडा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मालदीव की संसद को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने 7 बार, इंदिरा गांधी ने 4 बार, जवाहरलाल नेहरू ने 3 बार, जबकि मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने 1-1 बार विदेशी संसदों में संबोधन दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे तो सारे शासकीय प्रोटोकाल को तोड़ कर उस देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने न केवल मोदी का स्वागत किया साथ ही एयरपोर्ट पर सबके सामने मोदी के पांव भी छूए। यह अपने आप में अभूतपूर्व है कि विश्व के इतिहास में आज तक कभी भी किसी राष्ट्राध्यक्ष ने किसी दूसरे राष्ट्राध्यक्ष के पांव सार्वजनिक रूप से नहीं छूए हो।

भारत की जनता ने महानायक मोदी को एक नए भारत के शिल्पकार के रूप में देखा। मोदी की हर देश की यात्रा ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनी है। बात चाहे अमेरिका यात्रा की हो, वहां राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी गले तो मिले ही साथ ही बाइडेन का यह कहना अपने आप में अद्भुत है कि ''आप तो अद्भुत लोकप्रिय हो। मुझे तो आपके आटोग्राफ लेने चाहिए।'' आस्ट्रेलिया के सिडनी में जिस तरह से पूरा स्टेडियम वहां बसे भारतीयों ने ठसाठस भर दिया और पूरा स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठा। उसे देखकर तो आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस भी हैरान रह गए। दुनिया के बड़े नेता जहां मोदी को सर आंखों पर बैठा रहे हैं, वहीं भारत में मोदी की लगातार बढ़ती साख एवं सम्मान से समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ है। मोदी का जितना विरोध किया जा रहा है, उतनी ही उनकी प्रतिष्ठा एवं जनस्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। एक तरह से विरोध उनके लिये वरदान बन रहा है। इस युगनायक पर कीचड़ उछालने की जिस तरह की हरकतें की गई, वर्तमान में वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी है। पर इससे मोदी का वर्चस्व धूमिल होने वाला नहीं है। क्योंकि उनकी राजनीति एवं नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है।

आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है। मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण। जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह विलक्षण है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है। कठोर परिश्रम एवं अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने दुनिया को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयं सेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है। कई अवसर ऐसे आये जब श्री मोदी ने यह सिखाया और प्रयोग करके दिखाया कि कैसे धैर्य और विनम्रता सबसे भरोसेमंद साथी है। इनके सहारे कठिन चुनौतियों से निपटा जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी में समय के साथ चलने और समय के पार देखने की अद्भुत क्षमता है। इसीलिए उन्होंने अपने नेतृत्व में जितनी योजनाएं बनाई वे सब वर्तमान को मजबूत बनाते हुए भविष्य को सुरक्षित करने वाली योजनाएं हैं।

# शर्मनाक है 'विध्वंस' को महिमामंडित करना


तनवीर जाफ़री

**लियो टॉल्स्टॉय ने भी प्रेमचंद के लेखन को प्रभावित किया। उन्होंने टॉल्स्टॉय की नैतिक कहानियों का हिंदी में अनुवाद किया, जिससे उन्हें फ्रहिंदी टॉल्स्टॉयफ्र की उपाधि मिली। इसी तरह गुस्ताव फ़्लोबर्ट की कथात्मक शैली भी प्रेमचंद के सामाजिक यथार्थवाद पर ध्यान केंद्रित करने के समान है। मैक्सिम गोर्की ने भी विशेष रूप से निम्न वर्गों के संघर्षों के संबंध में प्रेमचंद के साथ विषयगत चिंताओं को साझा किया। इसी तरह शेक्सपियर हों या रविंद्र नाथ टैगोर, इन जैसे अनेक लेखकों व साहित्यकारों ने अपने लेखन में मानवीय संवेदनाओं का बखूबी ज़िक्र किया है।**

साहित्य, मानवीय अभिव्यक्ति का एक ऐसा रूप है जो 'संस्कृति' का प्रसार करता है। साहित्य को समाज का दर्पण भी कहा जाता है। साहित्यकार अपनी रचनाओं में समाज के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हैं। साहित्य, जीवन के प्रचलन के अनुसार गतिशील रहता है। गैर-काल्पनिक गद्य, काल्पनिक गद्य, कविता, नाटक, और लोक कथाएं आदि साहित्य के प्रमुख रूप हैं। साहित्यिक भाषा, किसी भाषा का वह रूप है जिसका उपयोग औपचारिक, अकादमिक, या विशेष रूप से विनम्र लहजे में लिखते समय किया जाता है। साहित्य समाज के मर्म का भी दर्पण है। यह साहित्य ही है जिसके द्वारा शब्दों के माध्यम से बड़े ही प्रभावी तरीक़े से अपनी बात कही और दूसरों तक पहुंचाई जाती है। हमारे देश में हिंदी व उर्दू साहित्य का एक सबसे प्रभावी नाम था मुंशी प्रेमचंद। उनके उपन्यासों व कहानियों में प्रायः ग़रीबी,सामाजिक अन्याय, सामाजिक व साम्प्रदायिक सद्भाव सहित तमाम मानवीय पहलुओं का ज़िक्र हुआ करता था। इसी तरह प्रेमचंद के समकक्ष अंग्रेजी साहित्य में भी ऐसे अनेक साहित्यकार हुये हैं जिन्होंने सामाजिक मुद्दों और यथार्थवाद को इसी तरह संबोधित किया। इनमें चार्ल्स डिकेंस को जहां गरीबों के संघर्षों के चित्रण और सामाजिक अन्याय की आलोचना के लिए जाना जाता है वहीं विशेष रूप से ओलिवर ट्विस्ट और डेविड कॉपर फ़ील्ड जैसी रचनाओं के लिये भी वे प्रसिद्ध हैं। इसी तरह मार्क ट्वेन के आख्यानों में अक्सर जाति और वर्ग के विषयों पर प्रकाश डाला जाता था, जैसा कि द एडवेंचर्स ऑफ़ हकलबेरी फिन में देखा गया है। वहीं टोनी मॉरिसन जोकि बेलव्ड जैसे उपन्यासों में अफ़्रीक़ी अमेरिकी अनुभवों और सामाजिक मुद्दों की उनकी खोज प्रेमचंद के हाशिए पर पड़े समुदायों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ प्रतिध्वनित होती है। प्रेमचंद की ही तरह इन लेखकों ने भी अपने आख्यानों का उपयोग सामाजिक मानदंडों और अन्याय की आलोचना करने के लिए किया।

लियो टॉल्स्टॉय ने भी प्रेमचंद के लेखन को प्रभावित किया। उन्होंने टॉल्स्टॉय की नैतिक कहानियों का हिंदी में अनुवाद किया, जिससे उन्हें ÷हिंदी टॉल्स्टॉय÷ की उपाधि मिली। इसी तरह गुस्ताव फ़्लोबर्ट की कथात्मक शैली भी प्रेमचंद के सामाजिक यथार्थवाद पर ध्यान केंद्रित करने के समान है। मैक्सिम गोर्की ने भी विशेष रूप से निम्न वर्गों के संघर्षों के संबंध में प्रेमचंद के साथ विषयगत चिंताओं को साझा किया। इसी तरह शेक्सपियर हों या रविंद्र नाथ टैगोर, इन जैसे अनेक लेखकों व साहित्यकारों ने अपने लेखन में मानवीय संवेदनाओं का



बखूबी ज़िक्र किया है। वैसे भी हमारा देश गांधी के सत्य अहिंसा के सिद्धांतों पर चलने वाले देश के रूप में विश्व प्रसिद्ध है। इसलिये यहाँ हिंसा, विध्वंस, नफ़रत, विद्वेष, साम्प्रदायिकता तबाही बर्बादी जैसे अमानवीय पहलुओं की कोई गुंजाईश नहीं होनी चाहिये।

परन्तु ब्रिटिश कंपनी जे सी बैमफ़ोर्ड एक्सकेवेटर लिमिटेड (जेसीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जेसीबी (इंडिया) जो ब्रिटिश कंज़र्वेटिव पार्टी के सबसे प्रभावशाली दान दाताओं में से एक रही है, इसी जेसीबी कंपनी ने लेखकों के लिए एक साहित्य पुरस्कार की स्थापना की है। ग़ौर तलब है कि यही जे सी बी कंपनी है जो इज़राइली रक्षा मंत्रालय के साथ एक अनुबंध के तहत फ़िलिस्तीन में मकानों को ध्वस्त करने और अवैध इस्राईली बस्तियों के विस्तार के लिए जेसीबी बुलडोज़र मुहैय्या करा रही है। इसी जे सी बी के बुलडोज़र ग़ज़ा में तबाही मचाये हुये हैं। भारत में भी सुप्रीम कोर्ट के दख़ल के बाद भले ही जे सी बी के बुलडोज़रों द्वारा ढहाए जाने वाले भवनों की संख्या में अब विराम लग गया हो। परन्तु गत एक दशक से देश के ख़ासकर भारतीय जनता पार्टी शासित अनेक राज्यों में सत्ता शक्ति का दुरूपयोग करते हुये धर्म व जाति-विशेष के लोगों को निशाना बनाया गया और शासन द्वारा अदालत की शक्तियों को अपनी हाथों में लेने की कोशिश की गयी, जिसने पूरे विश्व में मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया।

और इससे भी शर्मनाक बात यह है कि इसी विध्वंसकारी मशीन का भारत से लेकर अमेरिका तक इन्हीं दक्षिणपंथियों द्वारा महिमामंडन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस मशीन का विदेशों में प्रदर्शन किया गया। और हद तो तब हो गयी जब गाँधी के राज्य गुजरात में अप्रैल 2022 में तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ब्रिटिश जे सी बी कम्पनी का दौरा करते हैं और साथ ही बुलडोज़र पर खड़े होकर फ़ोटो कराते हैं। साथ ही अपने इसी दौरे में वे गाँधी जी के आश्रम में जाकर उनका चरखा भी चलाते हैं। सवाल यह है कि जो जे सी बी कंपनी भारतीय लेखकों की विविधता का जश्न मनाते हुए साहित्यिक पुरस्कार देने के घोषणा कर रही हो उसी कंपनी द्वारा ऐसी विध्वंसकारी मशीन का निर्माण व जनसंहारक उपयोग किया जाना जिससे कि वह दंड के रूप में लाखों लोगों के जीवन,उनके घरों व आजीविका को नष्ट करने में भागीदार हो, ऐसे दोहरेपन में आख़िर साहित्यिक पुरस्कार की क्या गुंजाईश? यही वजह है कि भारतीय लेखकों सहित विश्व के सौ से अधिक उपन्यासकारों, लेखकों, कवियों, अनुवादकों और प्रकाशकों ने ब्रिटिश बुल्डोजर निर्माता और एक साहित्यिक पुरस्कार की आयोजक कंपनी जेसीबी की आलोचना करते हुए एक खुला पत्र लिखकर साफ़ शब्दों में यह कहा है कि 'जेसीबी साहित्य पुरस्कार' कोई पुरस्कार नहीं बल्कि यह इस कंपनी का एक पाखंड है क्योंकि जेसीबी साहित्य पुरस्कार' की घोषणा करने वाली यही कंपनी भारत और फ़िलस्तीन में ग़रीबों तथा हाशिये पर पड़े ग़रीब लोगों की ज़िंदिगी 'उजाड़' रही है और जो 'दंड के रूप में इतने सारे लोगों के जीवन और आजीविका को नष्ट करने में भागीदार है।' लेखकों ने पत्र में यह भी लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विभिन्न राज्यों में मुसलमानों के घरों, दुकानों और उपासना स्थलों को ध्वस्त करने के लिए 'व्यवस्थित अभियान' में लगातार जेसीबी बुलडोज़र का इस्तेमाल किया है और इस परियोजना को 'बुलडोज़र न्याय' का नाम दिया गया है, जो बेहद परेशान करने वाला है। लेखकों ने अपने खुले पत्र में यह भी कहा है कि ''हम साहित्यिक समुदाय के समर्थन के ऐसे कपटपूर्ण दावों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# विभिन्नता इस देश को पूर्ण बनाती है: प्रो. एआर सिद्दीकी




**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय सेवा योजना इलाहाबाद विश्वविद्यालय के ईश्वर शरण महाविद्यालय केंद्र में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी एवं परिचर्चा में बोलते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. ए.आर. सिद्दीकी ने कहा कि स्वराज और आज़ादी हमें संविधान प्रदत्त है। यह भारत ही है जहाँ देश के सर्वोच्च पद पर कोई भी नागरिक पहुँच सकता है। विभिन्नता इस देश को पूर्ण बनाती है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न और लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए, सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय के लिए, अवसर की समानता के लिये हमारा संविधान ही शक्तिस्रोत है। ईश्वर शरण महाविद्यालय के एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. अरविन्द कुमार मिश्र ने कहा कि प्रतिष्ठा और अवसर की समानता, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता अखंडता को सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए संविधान बहुत बड़ी ताकत है। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शैलेश यादव,डॉ. रफ़ाक अहमद,डॉ. गायत्री सिंह, डॉ. आलोक मिश्र सहित डॉ. जागृति पाण्डेय एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# भारतीय संविधान भारत के लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिरूप: प्रो. बद्रीनारायण

**अवधनामा संवाददाता**




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में मंगलवार को संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम एवं प्रोफेसर बद्रीनारायण ने पूर्व कुलपति प्रो. एम. पी. दुबे द्वारा लिखित पुस्तक धर्म निरपेक्ष भारत संविधान के आईने की नजर से आजादी से अमृतकाल तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर बद्री नारायण, निदेशक, गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, झूंसी,प्रयागराज द्वारा 'भारतीय संविधान एवं दलित मुक्ति' विषय पर व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान में उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान भारत के लोगों के आकांक्षाओं का प्रतिरूप है। जिसमें समय के साथ परिवर्तन का होना इसकी गत्यात्मकता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि संविधान कानून के रूप में, फिर कानून नीति के रूप में परिवर्तित होता हुआ जन जीवन को प्रभावित करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एम. पी. दुबे, पूर्व कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की मूल भावना में निहित है। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता मात्र संविधान की प्रस्तावना में ही नहीं बल्कि संविधान के सभी भाग में समाहित हैं। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता की व्यापक परिभाषा बताते हुए कहा कि धर्मनिरपेक्षता धर्म से अलगाव नहीं है बल्कि सर्वधर्म समभाव का व्यवहार है। उन्होंने कहा कि भारतीय धर्मनिरपेक्षता पाश्चात्य धर्मनिरपेक्षता से अलग है। अध्यक्षीय उद्बोधन में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति आचार्य सत्यकाम ने कहा कि भारतीय संविधान स्वतंत्र भारत की आशाओं से निर्मित सर्वोच्च विधान है जो सभी विचारधाराओं को समाहित करते हुए आगे बढ़ने की बात करता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य सत्यकाम ने सभी को संविधान के प्रति निष्ठावान रहने की सामूहिक शपथ दिलाई। कार्यक्रम संयोजक डॉ आनंदानंद त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन एवं संचालन आयोजन सचिव डॉ त्रिविक्रम तिवारी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आनलाइन प्रसारण प्रयागराज स्थित मुख्यालय सहित सभी 12 क्षेत्रीय केन्द्रों प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, झांसी, बरेली, मेरठ, गाज़ियाबाद, वाराणसी, आजमगढ़, गोरखपुर एवं आगरा पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के निदेशकों, अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं शिक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# देश संविधान से चलेगा लाठी और गोली से नहीं: राकेश

**संविधान सभा के सभी सदस्यों को दी श्रद्धांजलि**

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** ज़िला समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में सांसद जौनपुर के नईगंज स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में संविधान दिवस के अवसर पर गोष्ठी आयोजित कर संविधान बचाने एवं संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है। संविधान हमें शांति, एकता और अखंडता का संदेश देता है।

धर्म निरपेक्षता और समाजवाद हमारे संविधान के सर्वोत्तम मूल्य हैं।लेकिन आज देश और प्रदेश की सत्ता लाठी डंडे के सहारे देश प्रदेश चलाना चाहती है।

जबकि देश संविधान से चलेगा। देश संविधान निर्माता बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर का सदैव ऋणी रहेगा। अंत में सपाजनों संविधान की मूल प्रस्तावना को पढ़कर संविधान बचाओ देश बचाओ का नारा लगाते हुए बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे के नारे लगाए। गोष्ठी को पूर्व अध्यक्ष ज़िला पंचायत राजबहादुर यादव, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, प्रदेश सचिव हिसामुद्दीन शाह, ज़िला उपाध्यक्ष गण महेंद्र यादव, श्यामबहादुर पाल, अशोक यादव, वीरेंद्र यादव, रामजतन यादव, रामू मौर्य, हरिश्चंद्र प्रभाकर, राजेश गौतम ने संबोधित किया। इस अवसर पर गुलाब यादव, निजामुद्दीन अंसारी, पवन मौर्य, दिलीप प्रजापति, अशोक नायक, विवेक यादव, धर्मेंद्र सोनकर, आनंद मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे। गोष्ठी का संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

# सामाजिक विज्ञान पर कार्यशाला का समापन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** लाटघाट स्थित जोकहरा गांव में शिवबली राय आवास पर सामाजिक विज्ञान विषय पर कार्यशाला का पांच दिवसीय आयोजन सोमवार को सम्पन्न हुआ।पूर्वांचल स्तरीय इस कार्यशाला में दिल्ली से आये ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव फोरम के राष्ट्रीय महासचिव अनिल राजिमवाले मुख्य प्रशिक्षक थे।प्रशिक्षण में भाग लेने वाले लोगों को मानव समाज का इतिहास और 18 वीं शताब्दी में सुरु हुई औद्योगिक क्रांति एवं समाजवाद के बारे विस्तार से चर्चा हुई। इसका आयोजन भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ (इस्कफ) आजमगढ़ ने किया। कार्यशाला के समापन के दिन अनिल राजिमवाले ने कहा कि आजमगढ़ से दूर जोकहरा गांव में हमें लोगों से प्रशिक्षक के रूप में संवाद करने का मौका मिला जो यादगार रहेगा। राजिमवाले ने कहा कि संविधान, लोकतांत्रिक अधिकार और प्रगतिशील विचारों की हमे रक्षा करनी चाहिए।उन्होंने जोर देकर कहा कि समाजवाद और धर्म निरपेक्षता भारत के संविधान का प्रमुख अंग है जिसका आदर भारत के जनगण को श्रद्धा और पूरी निष्ठा के साथ करना चाहिए। इस अवसर पर निजी प्रवास पर अपने गांव आये पूर्व आईपीएस, प्रख्यात स्तंभकार,प्रगतिशील लेखक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री विभूति नारायण राय ने कहा कि हमे खुशी है कि अनिल राजिमवाले का नाम सुने थे जिनसे हम अपने गांव में मिले।उन्होंने राजिमवाले को हरिऔध की कृति प्रिय प्रवास और राहुल सांकृत्यायन की पुस्तक तुम्हारी क्षय भेंट किया। श्री राय ने कहा कि दुनियां के सभी धर्मो के अपने अपने भगवान हैं।जिनके वर्चस्व को लेकर दुनियाभर में झगड़े और फसाद होते चले आ रहे हैं।वर्तमान में इजराइल के हालात रूस यूक्रेन युद्ध मानव जीवन को तहस नहस करने पर आमादा हैं।कट्टर इस्लामिक लोग मानते हैं कि सब कुछ अल्लाह की मर्जी पर हो रहा है।दुनियाभर में इस्लाम और यहूदियों का झगड़ा और भारत मे हिन्दू और मुसलमान का झगड़ा दुनियां की चर्चाओं में है।श्री राय ने आगे कहा कि भारत मे विश्व हिंदू परिषद ने वर्ष 1970 में पहली बार राम जन्म भूमि का नाम उछाला और उसके बाद दंगो की सुरुवात हुई।भारत मे हिन्दू मुसलमान के बीच नफरत के लिए कुछ खास बातें लोगों के दिल दिमाग मे बैठा दी गई हैं।जरूरत है गंगा जमुनी संस्कृति को मजबूत कर सौहार्द के रास्ते विकास करने की।संविधान और कानून के हिसाब से सबके साथ किसी भी तरह का भेदभाव न करके न्यायसंगत कार्य राज्य की प्रमुख जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता हरिमंदिर पांडेय, कमला सिंह तरकश, हिना देसाई, पद्मा राय, शिवधर राम, अशोक कुमार यादव, रामाज्ञा यादव, हरिगेन, श्यामा प्रसाद शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।इस्कफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र हरि पांडेय ने प्रशिक्षण में शामिल होने वाले लोगों और सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

# भाषा विवि में मनाया गया संविधान दिवस



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। ग़ौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को भारतीय संविधान दिवस मनाया जाता है। इसी श्रृंखला में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विधि अध्ययन संकाय के द्वारा 75वें संविधान दिवस का आयोजन माननीय कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। संविधान कार्यक्रम के इस आयोजन में माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। साथ ही शपथ को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। संविधान दिवस समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें भाषण, चित्रकला, रंगोली आदि का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. मसूद आलम, डॉ. नलिनी मिश्रा और डॉ. पूनम। चौधरी रहीं। शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, प्रो. चन्दना डे, डॉ. राम दास, डॉ लक्ष्मण सिंह और डॉ. शचींद्र शेखर सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भारतीय डाक विभाग ने मनाया 'संविधान दिवस'

**अवधनामा संवाददाता**



**संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर किया संविधान की उद्देशिका का पाठ और वाचन**

**लखनऊ।** भारतीय डाक विभाग द्वारा उत्तर गुजरात परिक्षेत्र के सभी डाकघरों और प्रशासनिक कार्यालयों में 26 नवंबर, 2024 को 'संविधान दिवस' मनाया गया। क्षेत्रीय कार्यालय, अहमदाबाद में पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ, संविधान की उद्देशिका का पाठ और वाचन किया, जिसे सभी ने दोहराते हुए संविधान में निहित मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि, भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान ही नहीं, विश्व के लोकतान्त्रिक इतिहास का अद्वितीय दस्तावेज है। हमारे संविधान का प्रत्येक अनुच्छेद हर नागरिक के अधिकारों की गारंटी है और कर्तव्य का पवित्र स्मरण है। श्री यादव ने कहा कि हमारा संविधान समानता के अधिकार और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण के साथ प्रगति व समृद्धि का रास्ता दिखाता है। संविधान में निहित भावना को अंगीकार करके ही हम लोगों का कल्याण कर सकते हैं। हमारा संविधान ही हमारा संकल्प है। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि, संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया था। संविधान सभा ने 2 साल 11 माह और 17 दिन की कड़ी मेहनत के बाद संविधान को तैयार किया था। इसको अंगीकृत किये जाने के समय, संविधान में 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियां थीं और इसमें लगभग 145,000 शब्द थे, जिससे यह अब तक का अंगीकृत किया जाने वाला सबसे लंबा राष्ट्रीय संविधान बन गया। कालांतर में सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को एक अधिसूचना में 26 नवंबर को हर साल 'संविधान दिवस' के तौर पर मनाने की बात कही। इस अवसर पर प्रवर डाक अधीक्षक अहमदाबाद और गांधीनगर पीयूष रजक, वरिष्ठ अधीक्षक रेलवे मेल सर्विस गोविंद शर्मा, आईपीपीबी क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल मंत्री, सहायक निदेशक एम. एम. शेख, रितुल गांधी सहित कई अधिकारियों-कर्मचारियों ने संविधान दिवस पर शपथ ली।

# भाषा विवि के छात्रों का अमूल बनास डेयरी का दौरा

**अवधनामा संवाददाता**




**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग विभाग के बी.टेक छात्रों ने किया अमूल बनास डेयरी का दौरा किया गया। विदित है कि विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय से विभिन्न शैक्षणिक दौरों का आयोजन होता है इसी श्रृंखला में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग विभाग के बी.टेक छात्रों ने औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत लखनऊ स्थित प्रसिद्ध अमूल बनास डेयरी का दौरा किया। अमूल बनास डेयरी की टीम ने छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें संयंत्र के संचालन, उत्पादन प्रक्रियाओं और गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र की जानकारी दी। छात्रों ने डेयरी संयंत्र के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया, जिसमें दूध प्रसंस्करण इकाइयां, पैकेजिंग लाइन, कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं आदि शामिल हैं। उन्हें उत्पादन और वितरण में उपयोग की जाने वाली उन्नत तकनीकों और मशीनों से परिचित कराया गया।

इस दौरे के बारे में बात करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. त्रिपाठी ने कहा, इस औद्योगिक दौरे ने हमारे छात्रों को डेयरी उद्योग में आधुनिक औद्योगिक प्रक्रियाओं और नवीन तकनीकों की व्यावहारिक समझ प्रदान की। अमूल बनास डेयरी के प्रबंधन ने भी अपनी स्थिरता प्रथाओं, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और ग्रामीण विकास में डेयरी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी साझा की। दौरे का समापन एक संवादात्मक सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने विशेषज्ञों के साथ करियर के अवसरों, नवीन प्रथाओं और डेयरी उद्योग में चुनौतियों पर चर्चा की। इस तरह के औद्योगिक दौरे भविष्य के पेशेवरों को गढ़ने और उन्हें अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## समाजवादी जिला पार्टी कार्यालय पर संविधान दिवस मनाया गया

**सोनभद्र।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि संविधान दिवस जिला पार्टी कार्यालय पर मनाया गया और संगोष्ठी की गई जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया। संविधान दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि हम, भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभु - संपन्न समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 ई0 में मिती मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी संवत 2006 विक्रमी को एतद द्वारा संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मप्रित करते हैं।

# कांग्रेसजनों ने उल्लास से मनाया संविधान दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में आज संविधान दिवस महानगर कार्यालय चौक घंटाघर प्रयागराज में उल्लास एवं हर्ष के साथ मनाया गया। तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कई वक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी।

महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संविधान को अपनी व्यापकता, समावेशिता और ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के कारण विश्व में विशेष और अनोखा माना जाता है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। भारतीय संविधान में सभी भारतीयों के लिए मौलिक अधिकारों की व्यवस्था की गई है जिसमें समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार , धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार ,शोषण के विरुद्ध अधिकार, सांस्कृतिक तथा शिक्षा संबंधित अधिकार ,संवैधानिक उपचारों के अधिकार मिले हैं। संविधान के द्वारा ही एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना होती है एवं संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा होती है जिससे गरीब, कमज़ोर वर्ग को न्याय मिलता है। राहुल गांधी ने देश के सभी नागरिकों को समान भागीदारी के लिए न्याय योजना एवं संपूर्ण भारत में समग्र जाति जनगणना कराने की पुरजोर मांग की है जिससे देश में ये पता चल पाए कि सरकारी नौकरी, राजनीति एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं तथा देश के विभिन्न सचिवालयों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति पिछड़े वर्ग आदिवासी गरीब किसान मजदूर तथा गरीब सामान्य वर्ग के कितने लोग कार्यरत हैं।

संविधान दिवस पर प्रमुख रूप महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन, राजेश राकेश, मानस शुक्ला, दिवाकर भारतीय, विनय पांडेय, अनूप सिंह, अनूप त्रिपाठी, विवेक पांडेय, शकील अहमद, अंजुम नाज़, फरहान खान, राजेंद्र अग्रवाल, इरशाद उल्ला, सौरभ चौधरी, प्रतिमा त्रिपाठी, संतोशानंद महाराज, नफीस कुरैशी, गुलशन नेता, अब्दुल सकूर, राजेंद्र श्रीवास्तव, राजू केसरवानी, रिज़वाना, रमेश सोनकर आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने गायों के लिए किया गुड़ बैंक का शुभारम्भ

**सुमेरपुर (हमीरपुर)** सुमेरपुर के कान्हा गौशाला में मंगलवार को जिलाधिकारी ने अन्ना गौबंशो के स्वास्थ्य लाभ के लिये नवाचारी पहल करते हुये गौशाला से गुड़ बैंक का शुभारम्भ किया। डीएम ने गौपूजन कर गायों को गुड़ व चना खिलाया। सुमेरपुर के कान्हा गौशाला में मंगलवार को दोपहर बाद जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने आकर गौशाला में संरक्षित गायो के खान पान की व्यवस्था देखी और अन्ना गौबंगो के स्वास्थ्य लाभ के लिये भवाचारी पहल करते हुये गौशाला से गुड़ बैंक का श्रीगणेश भी किया। जिलाधिकारी ने गौपूजन करके गायों को गुड़ व चना भी खिलाया। जिला अधिकारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक गुड़ एकत्र करना है और सभी गौशालाओं में संरक्षित गौवंश को शत प्रतिशत कवर करना है। इसके लिये उन्होंने कहा सरकारी अधिकारी, कर्मचारी व आम जनता अधिक से अधिक इस पहल में जुड़कर गुड़ का दान करें। गुड़ बैंक के अन्तर्गत लोग किसी भी गौशाला में गुड़ दान कर सकते है।

# सीएमएस छात्रों ने तीन गोल्ड मेडल समेत आठ पदक जीते

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस के मेधावी छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अन्तर-विद्यालयी ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड प्रतियोगिता में 3 गोल्ड मेडल समेत 8 पदक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन किड्स एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें गोल्ड मेडल अर्जित करने वाले सी.एम.एस. चौक कैम्पस के मेधावी छात्रों में शौर्य वीर शुक्ला, अग्रिम श्रीवास्तव एवं इंशा खान शामिल हैं। इसके अलावा,

5 छात्रों जैनब जैदी, अंजली धमीजा, अरहान अहमद, अथर्व तिवारी एवं इकरा हसीब ने सिल्वर मेडल अर्जित कर अपने ज्ञान-विज्ञान का परचम लहराया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सी.एम.एस. चौक कैम्पस के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने इन प्रतिभाशाली छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन सभी मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या का आभार व्यक्त किया है।

श्री खन्ना ने बताया कि यह प्रतियागिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। सी.एम.एस. अपने छात्रों को देश-विदेश में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु लगातार प्रोत्साहित करता रहता है।

## तीन सप्ताह बाद पकड़ में आया मगरमच्छ, गांव के एक तालाब में डाले था डेरा

**हमीरपुर।** ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव में पिछले तीन सप्ताह से देखा जा रहा एक मगरमच्छ अब ग्रामीणों के लिए राहत का कारण बन गया है। वन विभाग की टीम ने इस मगरमच्छ को पकड़कर बेतवा नदी में छोड़ दिया है, जिससे अब गांव में शांति लौट आई है। गांव के चरागाह के पास स्थित एक तालाब में पिछले 20 दिनों से मगरमच्छ देखा जा रहा था, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई थी। लोग तालाब की तरफ जाना बंद कर चुके थे, क्योंकि मगरमच्छ के डर से कोई भी वहां नहीं जा रहा था। इस मामले की सूचना सदर विधायक मनोज प्रजापति द्वारा भी वन विभाग को दी गई थी। मगरमच्छ को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने कई बार प्रयास किए, लेकिन वह हर बार आंखों से ओझल हो जाता था। इसके बाद, महोबा से भी एक और वन विभाग की टीम बुलाई गई, जिसने काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ लिया।

# इंद्रनील घोष राष्ट्रीय पेफी अवार्ड से सम्मानित

**राष्ट्रीय पेफी अवार्ड से सम्मानित होने वाले प्रयागराज के प्रथम खेल प्रशिक्षक/प्रबंधक बने**

**अवधनामा संवाददाता**




**प्रयागराज।** प्रयागराज के फुटबॉल प्रशिक्षक इंद्रनील घोष को सातवे राष्ट्रीय पेफी अवार्ड (फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया) में सर्वश्रेष्ठ टेक्निकल ऑफिसियल से सम्मानित किया गया। पेफी खेल एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा प्रमाणित एक राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संस्था है। पेफी ने एनडीएमसी कन्वेंशन हॉल नई दिल्ली में देश भर से शारीरिक शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहे 29 खेल शिक्षकों, प्रशिक्षकों, खेल प्रबंधक, स्पोर्ट्स टेक्निकल ऑफिशल्स को सम्मानित किया। खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव कुनाल रविवार को फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफ़ी) के सातवें राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि देश भर से आए शारीरिक शिक्षकों, खेल विशेषज्ञों और स्पोर्ट्स से जुड़े हुए लोगों को संबोधित करते हुए उन्हें सम्मानित किया। नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में टेकिन्कल ऑफिसियल एवं स्पोर्ट्स मैनेजर के रूप में राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली 2010, झारखण्ड राष्ट्रीय खेल 2011, एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप, जूनियर एशियाई टेनिस चैंपियनशिप 2012, सैफ (साउथ एशियाई) अंतराष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2011, 2015 में काम कर चुके है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुनाल, खेलो इंडिया के हाई परफॉरमेंस मेनेजर और अर्जुन अवार्डी यशपाल सोलंकी, द्रोणाचार्य अवार्डी डॉ. ए. के. बंसल एवं डॉ तपन कुमार पानीग्राही, डॉ ऐ के उप्पल (पूर्व कुलपति जीवाजी विश्विद्यालय एवं हेड लक्ष्मीबाई विश्विद्यालय एवं विभिन्न खेल पुरस्कारों से पुरस्कृत वर्तमान एवं पूर्व खिलाड़ी उपस्थित रहें।

# धनुष यज्ञ मेला की तैयारियां पूरी, संपन्न हुआ भूमि पूजन

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** बैरिया तहसील क्षेत्र के सुदिष्टपुरी स्थित संत सुदिष्ट बाबा आश्रम परिसर में छह दिसंबर से लगने वाले धनुष यज्ञ मेला के आयोजन के लिए मंगलवार को भूमिपूजन किया गया। मेला प्रबंधक व ग्राम प्रधान कोटवां वंदना गुप्ता व प्रधान प्रतिनिधि रोशन गुप्ता ने परंपरागत तरीके से पंडित के द्वारा मंत्रोच्चार के बीच धनुष यज्ञ मेला के लिए भूमिपूजन किया गया। संत सुदिष्ट बाबा की समाधि पर विधिवत पूजन कर निर्विघ्न मेला संपन्न कराने की प्रार्थना की गई। आश्रम परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में भी पूजा-पाठ किया गया। कोटवां पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि रोशन गुप्ता ने भूमिपूजन में उपस्थित अतिथियों को सम्मानित करते हुए कहा कि इस वर्ष मेला 06 दिसंबर से शुरू होकर 29 दिसंबर तक कुल 24 दिनों तक चलेगा। मेला के लिए किसानों से जमीन ले ली गई है। यहां नक्शे के अनुसार दुकानों के लिए जगह सुनिश्चित करना तथा रास्ते चौक-चौराहे आदि बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा। मेला के लिए दूरदराज से आने वाले व्यापारियों को बुलावा भेज दिया गया है। कल से व्यापारी यहां आकर अपनी जगह सुनिश्चित करा लेंगे। शुद्ध पेय जल के लिए नल लगाने का कार्य, प्रकाश, स्वच्छता की व्यवस्था मेला प्रबंधन के तरफ से की जाएगी। मेला में सुरक्षा के दृष्टिगत थाना मीना बाजार भी स्थापित किया जाएगा। भूमि पूजन के अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार मोर्या, जयप्रकाश साहू, विजय बहादुर सिंह, मिथिलेश सिंह (मुखिया) बच्चालाल गुप्ता, उमेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, लखन जी गुप्ता, शिवजी सिंह, अरविंद सिंह सेंगर, विनोद गुप्ता, प्रेम मिश्र, राजन सिंह, रामजी सिंह, अर्जुन चौधरी, शुभम गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## लाभार्थियों के नाम पोषण ट्रैकर एप पर एक्टिवेट किये

**मथुरा।** जनपद में कुल 13864 लाभार्थी का फ़ोन नंबर पोषण ट्रैकर ऐप पर सत्यापित नहीं किया जा सका है। जिला पोषण समिति की 25 नवंबर को आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी परियोजना अधिकारी और संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जिनके यहां लाभार्थियों का फ़ोन नंबर सत्यापन अभी बचा हुआ है, वह आगामी 20 दिनों में लाभार्थियों के फ़ोन नंबर का सत्यापन अनिवार्य रूप से कर लें। अन्यथा इसके बाद इन लाभार्थियों के नाम पोषण ट्रैकर ऐप से डीएक्टिवेट कर दिए जाएंगे और इनके लिए पोषाहार की आपूर्ति प्राप्त नहीं होगी। संबंधित लाभार्थी द्वारा अपना फ़ोन नंबर सत्यापन के लिए नहीं दिया जा रहा है, तो बाद में पोषाहार न मिलने की शिकायत पर संज्ञान नहीं लिया जाएगा। उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को यह भी चेतावनी दी कि जिन गांवों में अधिक संख्या में लाभार्थियों के फ़ोन नंबर का सत्यापन अवशेष है, वहाँ जाकर देखें कि सत्यापन क्यों नहीं हो रहा है।

# लखनऊ से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर पर विधायक विधान परिषद योगेश नौहवार , जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा संविधान दिवस 26 नवंबर के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। सजीव प्रसारण के उपरांत भारत माता व संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण / पुष्प अर्पण कर संविधान दिवस के अवसर पर प्रस्तावना का पाठन कर शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भारत के संविधान को अंगीकृत किए जाने की तिथि 26 नवम्बर को 'संविधान दिवस' के अवसर पर संविधान के संवैधानिक मूल्यों एवं मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विधायक जी द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर अपने सम्बोधन में सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन एक विशिष्ट दिन के रूप में याद किया जाता है। संविधान दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आज ही के दिन हमारा संविधान अधिनियमित, अंगीकृत किया गया था। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने औपचारिक रूप से भारत के संविधान को अपनाया था, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 26 नवंबर के महत्वपूर्ण दिन को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा आम जन के बीच लोकप्रिय बनाने का कार्य किया जा रहा है। हम सभी को भी संवैधानिक मूल्यों की स्थापना का प्रयास करना चाहिए, जिससे आम जनमानस के जीवन को बेहतर बनाया जा सके। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने संविधान दिवस के अवसर पर सभी जनपद वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि संविधान के उद्देशिका में निहित मूल्यों की स्थापना करना सभी अधिकारियों का प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने सभी को प्रस्तावना में निहित मूल्यों के अनुसार आचरण का अनुपालन करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में सदस्य विधान परिषद, उपस्थित अधिकारियों को कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना में निहित मूल्यों का सभी को अपने जीवन में अनुपालन करने की सलाह दी।

# भुने हुए चने खाने से महिला की भी हुई मौत

अवधनामा संवाददाता

**बुलंदशहर।** थाना नरसेना क्षेत्र के मोहम्मदपुर बरवाला गांव में सोमवार को एक बच्चे सहित दो लोगों की भूने हुए चने खाने से मौत हो गई थी। जबकि परिवार के अन्य दो सदस्यों की हालत गंभीर बनी हुई थी। मंगलवार को इलाज के दौरान एक और महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सभी ने भुने चने खरीदकर खाए थे। जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ी। एक बच्ची का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि 24 नवंबर की शाम पीड़ित परिवार ने भुने चने खाए थे और घर में बना हुआ खाना खाया था। जिसके बाद सोमवार सुबह 50 वर्षीय दादा कलुआ सिंह और 8 वर्षीय मासूम पोता लविश की मौत हो गई थी। मंगलवार को मृतक लविश की मां जोगेन्द्री की भी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे आलाधिकारियों ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है और मौत के कारण का पता लगाने में प्रशासनिक अधिकारी जुटे हुए हैं। सोमवार को मृतकों के परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए हुए ही दोनों के शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। लेकिन मंगलवार को मृतक महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। खाद्य विभाग के सहायक आयुक्त विनीत कुमार ने बताया कि घर में जो चने मिले थे उनका सैंपल लिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी से मना करने पर प्रेमी जोड़े ने लगाई फांसी

**बुलंदशहर।** खानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोस के युवक व युवती में प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों अपने परिजनों से शादी के लिए बात कर रहे थे। दोनों पक्ष के परिजनों द्वारा शादी न कराने का दवाब पड़ने से नाराज हो गए। युवती ने अपने बाग व युवक ने अपने घर में पंखे से फंदे से लटककर आत्महत्या की कोशिश की। फांसी लगाने की सूचना पर दोनो स्थानों पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को फंदे से नीचे उतारा। काफी समय लटका होने के कारण युवती की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, युवक की हालत गंभीर देख परिजन स्याना निजी अस्पताल ले गए। जहां, स्थिति नाजुक देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार युवक की हालत अभी नाजुक बनी हुई है। वहीं, युवती के परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

### संविधान दिवस के पर दिलायी शपथ



**बुलंदशहर।** ''संविधान दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में उपस्थित समस्त अधिकारीगण /कर्मचारीगण को भारत के संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी एंव संविधान में निहित मूल्यों और आदर्शों का स्मरण कराते हुए शपथ दिलाई गयी कि हम भारत के संविधान के प्रति हमेशा निष्ठावान रहेंगे और अपने कर्तव्यों का पालन भारतीय संविधान के दायरे में रहकर करेंगे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक /क्षेत्राधिकारी नगर ऋजुल, प्रतिसार निरिक्षक अजय कुमार श्रीवास्तव व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के प्रयास में कार्रवाई का आश्वासन

**बुलंदशहर।** खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र में एक मोहल्ला निवासी छात्रा के घर में घुसकर आरोपी युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर दुष्कर्म की कोशिश की। जब पीड़िता के भाई ने विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। मामले में पुलिस पर उचित कार्रवाई न करने का आरोप है। एसएसपी ने मामले में जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। खुर्जा के एक कॉलेज की छात्रा ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि 20 नवंबर की दोपहर को घर में बैठी थी, तभी एक कॉलोनी का युवक अपने साथी के साथ उसके घर में घुस गया और उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने लगा। आरोपी ने विरोध करने पर उससे अभद्रता करनी शुरू कर दी। शोर सुनकर उसका भाई मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके भाई पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। उसके भाई के सिर पर तमंचे की बट व धारदार हथियार से हमला कर दिया। लोगों को एकत्र होते देखकर दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोप है कि कोतवाली पुलिस द्वारा कराए गए मेडिकल में डंडे की चोट बताई गई है। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जबकि आरोपियों द्वारा उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा

**बलिया।** रेवती थाना क्षेत्र की दो सगी बहनों ने सुरेमनपुर के भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश पासवान के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा रेवती थाने में बीती रात दर्ज कराया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीते 23 सितम्बर की देर सायंकाल घटना के संबंध में आरोप लगाया गया है कि पुरुष सदस्यों की अनुपस्थित में गलत नियत से घर में घुसे तथा शोरगुल के बाद महिलाओं के इक्ट्ठा होने के बाद गाली-गलौज और धमकी देते हुए चले गए। घटना के बाद दोनों बहनों ने तहरीर देकर पुलिस को अवगत कराया था, लेकिन पुलिस प्रकरण की जांच के काम में जुटी थी।भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव का कहना है कि झगड़ा को अलग तरह से प्रस्तुत कर केस को मोड़ा जा रहा है। रेवती थाने के एसआई प्रभाकर शुक्ल ने कहा कि मुकदमा दर्ज होने के बाद वैधानिक कार्यवाही शुरु कर दी गई है।

# कांग्रेस का मेरी जान मेरा संविधान कार्यक्रम की शुरुआत की

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि की अध्यक्षता में आज 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस के अवसर पर ÷मेरी जान मेरा संविधान÷ 60 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने भाग लिया और भारतीय संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर भारत के संविधान के महत्व और इसके मूल्यों को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है।

÷उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हमारे देश की प्रगति और विकास का आधार है, जो हमें एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए प्रेरित करता है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा ने 60 दिनों की अवधि में संविधान रक्षक अभियान चलाने का फैसला किया है, जो संविधान में निहित वादों के प्रति प्रतिबद्ध है और संविधान की सुरक्षा और संरक्षण के लिए और भारत के लोगों को दिए गए अधिकारों को बहाल करने के लिए एक और प्रयास है। और भाजपा सरकार की कार्रवाइयों से यह स्पष्ट है कि वे अंततः संविधान के मूल सिद्धांतों को बदलना चाहते हैं और संविधान के मूल में सामाजिक न्याय के विचार से दूर जाना चाहते हैं।÷

इस अवसर पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मुकेश धनगर ने कहा कि

÷हमारे संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में उतारने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए। हमें देश के नागरिकों के मूल अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए, जैसे कि समानता, स्वतंत्रता और न्याय, अपने समाज में व्याप्त असमानताओं और सामाजिक अन्याय को दूर करने के लिए काम करना चाहिए। भाजपा नीत सरकार ने पिछले 10 वर्षों में, भारत के संविधान और इसमें निहित विचारों को कमजोर करने का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। भाजपा सरकार की कार्रवाइयों से यह स्पष्ट है कि वे अंततः संविधान के मूल सिद्धांतों को बदलना चाहते हैं और संविधान के मूल में सामाजिक न्याय के विचार से दूर जाना चाहते हैं।÷कार्यक्रम का संचालन मनोज गौड़ ने किया

कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख कांग्रेस नेताओं में सर्वश्री जिलानी कादरी प्रवीण गौड़ संजय पचौरी मानवेंद्र पांडव पार्षद संतोष पाठक अबरार कुरैशी राखी चौहान विवेक अग्रवाल दुर्गेश बघेल शाहिद कुरेशी उमाशंकर शर्मा विपुल पाठक अप्रतिम सक्सेना गौरव सिंह अर्जुन यादव गंगेश्वर सिंह महेश चतुर्वेदी शैलेंद्र चौधरी निषाद अहमद शहजादा बेग रवि वाल्मीकि कासन रिजवी पूरन सिंह मुस्लिम कुरैशी अनिल खरे अनवर फारुकी अशोक सैनी संदेश पाठक हर प्रसाद शर्मा इंद्रजीत गौतम नसरुद्दीन अब्बासी संजीव शर्मा सतीश चंद्र राजोरिया अरुण भारती एडवोकेट बुगाल पहलवान विपिन चौधरी अनूप गौतम अवनीत कुमार मशीन अनिल कुलश्रेष्ठ रामकुमार शर्मा वीरेंद्र सागर मोहम्मद दिलशाद चौधरी हर्ष कुमार सोनू वर्मा सुनील कुमार सैनी खुदा बख्श चिरागुद्दीन राजकुमार शर्मा हारून अहमद देवेंद्र कुमार लाला राकेश शुक्ला कुलदीप चतुर्वेदी हिमांशु चौहान शाहरुख खान खुदा बक्श सहित सैकड़ो की संख्या में कई अन्य कांग्रेसजनों ने भी भाग लिया और संविधान के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रदर्शन किया।

# समानता, स्वतंत्रता और न्याय पर जोर देता है संविधान : हरदयाल सिंह लोधी



**ललितपुर।** कचहरी प्रांगण में अधिवक्ताओं द्वारा भारतीय संविधान निर्माता (जनक) भारतरत्न डा.भीमराव अम्बेडकर के चित्र सम्मुख फूल माला पहनाकर संविधान दिवस मनाया। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी एड. ने कहा कि डा.भीमराव अम्बेडकर ने आज के ही दिन संविधान को लागू किया था। उनकी अध्यक्षता में इसी दिन वर्ष 1949 में भारत के संविधान को अपनाया गया था। कहा कि भारत का संविधान एक ऐसा दस्तावेज है, जिसने भारत को एक लोकतांत्रिक देश बनाया और 26 नवम्बर को संविधान को अपनाने की याद दिलाता है। जबकि 26 जनवरी इसके क्रियान्वयन का जश्न मनाया जाता है। कहा कि यह दोनों मिलकर समानता, स्वतंत्रता और न्याय के मूल्यों पर जोर देता है। भारतीय संविधान में सभी धर्मों, जातियों के व्यक्तियों को उनके अधिकार सुरक्षित हैं। उन्होंने आगे कहा कि संविधान को बनाने में दो साल ग्यारह माह और अठारह दिन लगे थे। इस दौरान हरदयाल सिंह लोधी एड., महेन्द्र कुमार पाराशर एड., कैलाश नारायण एड., अजय सिंह राजपूत एड., रविशंकर श्रीवास्तव एड., शशिकांत सिंह एड., दीपक सिंह एड., जानकी प्रसाद बौद्ध एड., अनुराग सिंह एड., अमित दरौनियां एड., अरूण सिंह राजपूत एड., इमरान खां एड., हरेन्द्र झां एड., भूपेन्द्र सिंह यादव एड., आनंद सिंह राजपूत एड., शैलेन्द्र सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज में एसपी ने संविधान के आदर्शों की शपथ दिलाई

**ललितपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने स्वायत्तशासी राजकीय मेडिकल कालेज में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर भारत के संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, विधायिका की संरचना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए संविधान में निहित मूल्यों और आदर्शों की शपथ दिलाई गई। एसपी ने संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, विधायिका की संरचना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए संविधान में निहित मूल्यों और आदर्शों की मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम कक्ष में उपस्थित मेडिकल फैकल्टी व मेडीकल के छात्र-छात्राओं आदि को शपथ दिलाई गई। संविधान निर्मात्री सभा के अध्यक्ष डा.बी.आर.अम्बेडकर के विचारों को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक ने ऑडिटोरियम कक्ष में उपस्थित मेडिकल फैकल्टी व छात्र- छात्राओं को भारतीय संविधान में निहित अधिकार व कर्तव्यों से अवगत कराते हुए उनका अपने जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया गया।

# लोकतंत्र बचाने के लिए संविधान की रक्षा जरूरी है : नेपाल सिंह



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर सपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी आयोजित हुई। जहां संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग पीडीए के खिलाफ हैं, उन्हें पीडीए की ताकत का एहसास कराना है। अब पीडीए की बात केवल नारे तक नहीं है, पीडीए की जो लड़ाई है वह आगे और बढ़ेगी।कहा कि भाजपा ने झूठ बोलकर जनता को छला है। किसानों को न बिजली मिल रही न खाद, किसान पूरी तरह से टूट चुका है। मंहगाई बढ़ी है, बेरोजगार सड़कों पर मारामारा घूम रहा है। देश में भय का माहौल है। यदि संविधान की रक्षा नहीं की गई तो स्थिति और खराब होती चली जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि लोकतंत्र बचाना है तो संविधान की रक्षा जरूरी है। इस दौरान जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय कुशवाहा समाज भजनलाल कुशवाहा, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन घायल, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अनवर खान, हरी सिंह यादव जिजयावन, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, ललितपुर विधानसभा अध्यक्ष मक्खन कुशवाहा, बाबूलाल पाल, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार, मजदूर सभा जिलाध्यक्ष मुलायम सिंह अहिरवार, पूर्व मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड प्रदेश सचिव रामप्रताप सिंह, छात्रसभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, बार ब्लाक अध्यक्ष सोन सिंह यादव, प्रमोद इमलिया, पूर्व लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष आकिब मंसूरी, रामनरेश यादव भरतपुरा, अंकित यादव नौहरखुर्द, शंकर यादव कलोथरा, शहरोज खान, वीर सिंह यादव, अमन मंसूरी, पृथ्वीराज चौहान, राजेन्द्र सिंह यादव, रूप सिंह यादव, राममूर्ति तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जल संस्थान की लापरवाही से 12 दिन से बांसी में नल से जल नहीं आया

अवधनामा संवाददाता



**बांसी ( ललितपुर)** जल संस्थान की लापरवाही से बांसी वासी बूंद बूंद पानी को परेशान हैं, 12 दिन में बांसी वासियों को एक दिन पानी मिल सका है। पत्रकार ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पेयजल शीघ्र कराने की मांग की है। कस्बा निवासी पत्रकार सुदामा प्रसाद दुबे ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि बांसी की पुरानी लाइन से जल आपूर्ति बांसी से निकली शहजाद नदी से की जाती है, जिससे बांसी की आधे से अधिक आबादी को पानी मिलता है। शहजाद नदी के पास बने इनटैक बैल में 50 होर्स पावर की दो मोटर और दोनों मोटरों के साथ दो पम्प लगे हुए थे। आठ वर्ष पहले एक पम्प खराब हो गया था, जो विभागीय लापरवाही से आठ वर्ष बाद भी ठीक नहीं हुआ है। 13 नवंबर 2024 को मोटर के साथ दूसरा पम्प भी खराब हो गया था, जिससे पेयजल आपूर्ति ठप्प हो गयी थी,14 नवंबर को यह पम्प ठीक होने झांसी भेजा गया, जिसे दो दिन में ठीक होकर आ जाना चाहिए लेकिन वह छठें दिन 19 नवंबर को ठीक होकर आया, जिससे सात दिन पेयजल आपूर्ति ठप्प रही। 20 नवंबर को पेयजल आपूर्ति शुरु हुई और उसी दिन फिर से ठीक होकर आया पम्प पुन÷ खराब होगा। दस दिन हो गये जबकि एक दिन ही पानी आया है, लेकिन जल संस्थान का कोई भी अधिकारी 10 दिन में एक भी दिन भी बांसी नहीं आया है। सच तो यह है समस्या का कारण जल संस्थान की लापरवाही है क्योंकि दो मोटर और दो पम्प की व्यवस्था इनटैक वैल में है, फिर भी दोनों के खराब होने का इंतजार किया जाता है। यदि 8 वर्ष से खराब पम्प पहले से ठीक होता तो आपूर्ति ठप्प नहीं होती, लेकिन विभागीय लापरवाही से आठ वर्ष में पम्प ठीक नहीं हुआ है, और जो दूसरा पम्प ठीक होकर आया वह पम्प एक दिन में ही खराब हो गया है, जिससे साफ जाहिर है कि विभाग बहुत ही लापरवाह है। जिससे बांसी वासी पानी के लिए परेशान हैं। जिलाधिकारी से लापरवाही के लिए जिम्मेदार जल संस्थान के अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही करने में पेयजल आपूर्ति दुरस्त कराने की मांग की है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुई आकांक्षा समिति की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**पहली गतिविधि में मलिन बस्तियों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाये : सौम्या गुरूरानी**

**हरदोई।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी की अध्यक्षता में आकांक्षा समिति की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने समिति के सदस्यों से विमर्श के दौरान कहा कि समिति की सदस्य संख्या बढ़ाई जाये और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें हाईजीन किट वितरण किया जाये। उन्होने कहा कि महिलाओं को रोजगार परक कार्यो के प्रति प्रेरित कर किया जाये तथा सर्दी के मौसम के दौरान कम्बल व गर्म कपड़ों के वितरण की योजना बनाई जाये। स्वास्थ्य व योगा कैम्पों का आयोजन किया जाये। बाल संप्रेक्षण गृह में काउंसिलिंग का कार्य किया जाये। पहली गतिविधि के रूप में मलिन बस्तियों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाये। उन्होंने 23 नवम्बर को ऑनलाइन उन्मुखीकरण प्रशिक्षण से समिति के सदस्यों से प्रतिभाग करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तान्या सिंह व समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र और संविधान को भाजपा से है खतरा

**बलिया।** जिला कांग्रेस कमेटी बलिया के सभागार में संविधान दिवस को संविधान रक्षक अभियान के तहत एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। संविधान रक्षक अभियान पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि आज जिस तरह से सरकार भारत में असमानता की खाई लगातार बढ़ा रही है उस खाई को यह भाजपा सरकार पाटने में विफल रही है। आज जिस तरह से सरकार किसानों को गरीबों को लोकतंत्र में चुने हुए सरकारों को समाप्त करने पर तुली हुई है इसको तभी बचाया जा सकता है। जब हम अपनी संविधान की रक्षा करेंगे इसके तहत केंद्रीय नेतृत्व द्वारा निर्देशित बलिया जनपद में 60 दिन का अभियान चलाया जाएगा। गोष्ठी में दिग्विजय सिंह, पुनीत पाठक,ओम प्रकाश तिवारी, बृजेश सिंह, सत्य प्रकाश उपाध्याय, राजेंद्र चौधरी, संतोष चौबे, अखिलेश कनौजिया,सागर सिंह राहुल, बृजेंद्र पाण्डेय मुखिया, रूपेश चौबे, गिरीश कान्त गांधी,पारस वर्मा, सुनील सिंह, सुशील श्रीवास्तव, अशोक मिश्र, सत्येन्द्र यादव, महाप्रसाद चौबे, हीरा राम, राजेंद्र प्रसाद, राहुल चौबे, फैजान अहमद आदि लोग उपस्थित थे।

# अर्धनग्न प्रदर्शन कर रेलमंत्रालय को दी चेतावनी

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** रेवती रेलवे स्टेशन पर स्टेशन बहाली को लेकर चल रहे आंदोलन के 38वें दिन संयोजक लक्ष्मण पांडेय के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने स्टेशन के सर्कुलेटिंग तलाब में अर्धनग्न प्रदर्शन कर रेल मंत्रालय को चेतावनी दिया कि धैर्य की परीक्षा न लें। अन्यथा रेल चक्का जाम के लिए हम लोग विवश हो जाएंगे। इस स्टेशन की मांग को लेकर नौ भुख हड़ताली सोमेश्वर पांडेय अस्वस्थ होकर अस्पताल जा चुके हैं। इस समय घरभरन बाबा मंदिर के महंथ सुखारी राजभर का भुख हड़ताल दो दिनो से चल रहा है। दीपावली और छठ पर्व हिन्दु मुस्लिम ने मिलकर मनाया। ताकि संदेश जाय की इस मांग को लेकर पूरा रेवती का समाज एकजुट है। राष्ट्रीय ध्वज के नीचे लगे बैनर पर स्वतंत्रता सेनानी जगरनाथ पाण्डेय, बेचू पाण्डेय, रामनरेश ओझा, बच्चा तिवारी सहित 32 लोगो का नाम लगा है। जिसने 1942 में इसी स्टेशन को कब्जे में लेकर स्वराज्य का पहला झंडा लहराया था। इस आंदोलन का मुख्य नारा यह भी है कि ÷सेनानियों के सम्मान में रेवती की जनता मैदान में÷अब तक महिलाओं द्वारा रेलमंत्री का गोधन कुटने के साथ ही चेयरमैन प्रतिनिधि कनक पाण्डेय की पत्नी सुनीता पाण्डेय ने मांग पत्र के साथ चुड़िया भेज चुकी है। आंदोलन के साथ मुन्नु कुंवर, महाबीर तिवारी फौजी, व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद गांधी, बीरेंद्र गुप्ता चट्टान की तरह खड़े है। तीन सांसद सनातन पाण्डेय, रमाशंकर विद्यार्थी, राजीव राय के अलावे बैरिया विधायक जेपी अंचल, बांसडीह विधायक केतकी सिंह, पूर्व मंत्री रामगोबिन्द चौधरी, अम्बिका चौधरी ने मंच पर आकर बल दिया है। अब लोग लोक सभा में यह मुद्दा गुंजने का इंतजार कर रहे है।

## सपा ने संविधान स्थापना दिवस मनाया

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मथुरा पर संविधान दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया । पार्टी कार्यालय पर भारतीय संविधान पर पुष्प माला अर्पित कर सभी लोगों ने नमन किया। और सभी लोगों ने संविधान की प्रस्तावना बोलकर शपथ ली ।संविधान दिवस के कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी की जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने की। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा भारत के प्रत्येक नागरिक को उसके अधिकारों का बोध यह संविधान करता है । दुनिया भर के 11 देश से अच्छी-अच्छी बातों को संकलित कर डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने भारतीय संविधान का निर्माण किया । जिला महासचिव सुभाष पाल जी ने कहा भारत का संविधान भारत की ताकत है और आज भारत जिन ऊंचाइयों पर है इसी संविधान की देन है। वरिष्ठ नेता प्रदीप चौधरी ने कहा भारत में जितने भी धर्म है उन धर्म के जितने भी ग्रंथ हैं भारत का संविधान किसी भी मायने में उन ग्रंथो से कम नहीं है। वरिष्ठ नेता प्रहलाद यादव ने कहा शोषित वंचित दलित को आरक्षण का अधिकार यही संविधान दिलाता है।

# बदमाशों ने मोबाइल दुकानदार से छीन लिया 16 हजार रुपये

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** उभांव थाना क्षेत्र के सीयर पुलिस चौकी अंतर्गत मोबाइल दुकानदार से लगभग 16 हजार रुपये छिनैती का मामला प्रकाश में आया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। लगभग 2 माह के अन्दर यह चौथी घटना घटित हुई है। आये दिन हो रहे छिनैती की घटना से क्षेत्रवासियों में दहशत व्याप्त है। जानकारी के अनुसार उभांव थाना क्षेत्र में लूट की घटनाएं बढ़ गई है। कुशहाभाड़ निवासी लखन कुमार राजभर पुत्र सरभू राजभर स्थानीय नगर में रेलवे चौराहा के समीप मोबाइल रिपेयरिंग का की दुकान चलाता है। लखन ने बताया कि रविवार की रात साढ़े 9 बजे वह दुकान बंद कर बाइक से अपने घर जा रहा था। इसी बीच एक बाइक सवार युवक भी उसके पीछे लग गया। परन्तु लखन ने इस पर ध्यान नहीं दिया तथा वह अपने गंतव्य को चलता रहा। जब वह डीएवी इंटर कॉलेज से सटे रेलवे द्वारा बनाए गए सड़क से गुजर रहा था तभी पीछे चल रहा बाइक सवार उसे ओवरटेक कर रोक लिया। इस दौरान लखन की बाइक भी गिर पड़ी। बाइक सवार लुटेरा उससे मोबाइल मांगने लगा। तभी पीछे से एक बाइक से तीन युवक डंडा लेकर वहां पहुंच गए। अपने को घिरते देख लखन ने चुपके से अपनी मोबाइल दूर फेक दिया। मोबाइल न पाकर लुटेरों ने उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। तथा जेब में रखा लगभग 16 हजार रुपए छीन लिया। इसी दौरान एक बाइक सवार बीबीपुर गांव की तरफ से आता नजर आया। बाइक सवार को उधर आता देख लुटेरे वहां से फरार हो गए। पुलिस इस मामले के पर्दाफाश के लिए सीसीटीवी कैमरे चेक करने की बात कह रही है।

# भारत वापस लौटेंगे कोच गौतम गंभीर, पारिवारिक कारणों से ऑस्ट्रेलिया दौरा बीच में छोड़ेंगे

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पारिवारिक आपातकाल के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच में ही ऑस्ट्रेलिया से वापस आएंगे। हालांकि, वह दूसरे टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया लौट जाएंगे। दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से एडिलेड में खेला जाना है, जो कि एक डे-नाइट टेस्ट मैच होगा। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में भारत की ऐतिहासिक जीत के दौरान गंभीर ने अहम भूमिका निभाई थी। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में उन्होंने जसप्रीत बुमराह के साथ मिलकर भारतीय टीम को जीत दिलाई।

इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सीरीज के पहले टेस्ट मैच में भारत की जीत के बाद अब वह पारिवारिक कारणों से देश लौटेंगे। अगर सबकुछ ठीक रहा तो दूसरे टेस्ट से पहले वह लौट जाएंगे। भारत ने पर्थ में 295 रन की जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई थी। दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम बुधवार को कैनबरा जाएगी, जहां उन्हें दो दिवसीय पिंक बॉल अभ्यास मैच खेलना है। हालांकि, गौतम गंभीर इस अभ्यास मैच के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे।



अभ्यास मैच शनिवार से शुरू होने वाला है। फिलहाल भारतीय टीम एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट की तैयारी कर रही है। दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी और भारतीय बल्लेबाजी के बीच कड़ी टक्कर होने की उम्मीद है। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की दूसरे टेस्ट में वापसी हो सकती है। इससे टीम मैनेजमेंट की मुश्किलें बढ़ गई हैं। टीम इंडिया को मैच जीतने के बावजूद प्लेइंग-11 में बदलाव करना पड़ सकता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के पहले मैच के चौथे दिन रोहित शर्मा को भारतीय ड्रेसिंग रूम में गंभीर के साथ बैठे देखा गया था। रोहित को सोमवार को नेट्स पर पिंक बॉल से अभ्यास करते हुए देखा गया और वह एडिलेड में अहम मुकाबले से पहले अपने स्किल पर काम करते दिखे।

भारत ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हरा दिया है। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में कंगारू टीम 238 रन पर सिमट गई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 104 रन पर सिमट गई। भारत को पहली पारी के आधार पर 46 रन की बढ़त मिली थी। दूसरी पारी भारत ने छह विकेट पर 487 रन बनाकर घोषित कर दी थी और कुछ बढ़त 533 रन की हासिल की थी। ध्यान देने वाली बात यह है कि टीम इंडिया में न तो रोहित शर्मा थे, न ही शुभमन गिल, न ही रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन और न ही मोहम्मद शमी थे। इसके बावजूद टीम इंडिया ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ने के बाद भारत ने अब पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ा है। इस टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में चार टेस्ट खेले थे और सभी जीते थे। पांचवें में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। पहले मैच पर्थ के वाका स्टेडियम में खेले जाते थे। हालांकि, 2018 से ऑप्टस स्टेडियम में मैच खेले जाने लगे। पर्थ (वाका, 2008), एडिलेड (2008), गाबा (2021) और अब पर्थ (ऑप्टस)...भारत ने ऑस्ट्रेलिया में कुछ ऐतिहासिक मैच जीते हैं।

# एडीलेड टेस्ट के लिये टीम में बदलाव नहीं करेगा आस्ट्रेलिया, मार्श की फिटनेस पर नजरें : मैकडोनाल्ड

आस्ट्रेलिया के कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि पहले टेस्ट में भारत के हाथों 295 रन से हारने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया जायेगा हालांकि हरमनमौला मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर चिंतायें हैं। मैकडोनाल्ड ने बताया कि उनकी टीम छह दिसंबर से शुरू हो रहे दिन रात के टेस्ट के लिये पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से पहले ही एडीलेड पहुंचेंगी ताकि अतिरिक्त अभ्यास कर सके। उन्होंने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा पर्थ टेस्ट के लिये जो लोग चेंज रूम में थे, वही एडीलेड में भी होंगे। बदलाव करने पर हमेशा विचार होता है लेकिन हालात के अनुसार टीम चुनी जाती है। सितंबर में इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के बाद से फिटनेस समस्या से जूझ रहे मार्श ने पहले टेस्ट में सिर्फ 17 ओवर डाले और तीन



विकेट लिये। मैकडोनाल्ड ने कहा मुझे नहीं लगता कि पहले टेस्ट में उसका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था। हमें उसकी फिटनेस पर नजर रखनी होगी। पिछली दस टेस्ट पारियों में 13.66 की औसत से ही रन बना सके मार्नस लाबुशेन का बचाव करते हुए उन्होंने कहा खिलाड़ियों के कैरियर के उतार चढाव पर लगातार बात होती रहती है। खराब दौर आते हैं लेकिन वह जल्दी ही फॉर्म में लौटेगा। हमें उसकी क्षमता पर यकीन है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसकी हमें जरूरत है। करारी हार के बावजूद उन्होंने कहा कि टीम का मनोबल मजबूत है। उन्होंने कहा हमें इस हार की जिम्मेदारी लेनी होगी। हम कोचों को भी। इस हार के बावजूद टीम का मनोबल ऊंचा है।हमारी रणनीति सही थी लेकिन उस पर अमल नहीं हो सका।

# अतीत के संघर्षों ने हर हालात का सामना करने का आत्मविश्वास दिया : यशस्वी जायसवाल

क्रिकेट खेलने का सपना पूरा करने के लिये उत्तर प्रदेश से 11 बरस की उम्र में ट्रेन पकड़कर मुंबई पहुंचे यशस्वी जायसवाल मैदान कर्मियों के साथ टेंट में रहे और रात को पानी पुरी बेचकर अपना गुजारा चलाया लेकिन अतीत के इन संघर्षों ने उन्हें मैदान के भीतर और बाहर हर लड़ाई के लिये तैयार कर दिया। कारपेट बनाने के लिये मशहूर भदोही से आस्ट्रेलिया के पर्थ तक जायसवाल का सफर उनकी लगन, प्रतिबद्धता और जिजीविषा की कहानी कहता है। इन संघर्षों से मिले अनुभव का इस्तेमाल वह मैदान के भीतर और बाहर की हर लड़ाई जीतने के लिये कर रहे हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां पहले टेस्ट में शानदार शतक जमाने वाले जायसवाल को विराट कोहली के बाद भारतीय बल्लेबाजी का अगला सितारा माना जा रहा है। जायसवाल ने आस्ट्रेलियाई टीवी प्रसारक मार्क हॉवर्ड से कहा यह



ऐसी चीज है (अपनी कहानी) जो मुझे आत्मविश्वास देती है कि मैं किसी भी स्थिति से बाहर निकल सकता है। मैं हमेशा संघर्ष का सामना करने को तैयार रहता हूं। मुझे चुनौतियों का सामना करने में मजा आता है और मैं हर लड़ाई जीतना चाहता हूं। बाईस वर्ष के इस बल्लेबाज ने कहा इससे मैं यही सीखता हूं और मुझे लगता है कि मैं खुशकिस्मत हूं कि ऐसी जिंदगी मिली जिससे मुझे खुद के बारे में सीखने का मौका और आत्मविश्वास मिला। जीवन में अलग अलग तरह की चुनौतियों का सामना करने का हौसला मिला। उन्होंने कहा यह अद्भुत है और मैं जो कुछ भी कर रहा हूं, उसके लिये ईश्वर को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं वही कर रहा हूं जिससे मुझे प्यार है। मैं हर गेंद का मजा लेना चाहता हूं। पर्थ में पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाने के बाद दूसरी पारी में शतक पूरा होने के बाद अलग अंदाज में जश्न के बारे में पूछने पर जायसवाल ने कहा मैंने अलग अंदाज में शतक पूरा किया। मैं दिमाग में कुछ और सोच रहा था और अचानक कुछ और हो गया, जिसके बाद मैं सोच रहा था कि अब क्या करूं। उन्होंने कहा मैंने फिर सोचा चलो ठीक है। मैं इस पल का मजा लेता हूं।

# नीलामी के बाद कौन-कितना मजबूत? 20 ग्राफिक्स में सभी 10 टीमों की प्लेइंग-11 और फुल स्क्वॉड

आईपीएल 2025 के लिए सऊदी अरब के जेद्दा में चल रही मेगा नीलामी सोमवार की रात समाप्त हो गई। यह नीलामी दो दिनों तक चली जिसमें सभी 10 फ्रेंचाइजी ने अपनी टीमें बनाईं। भारतीय विकेटकीपकर बल्लेबाज ऋषभ पंत सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी रहे जिन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा। पंत के अलावा श्रेयस अय्यर को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ और वेंकटेश अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा। अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल 18-18 करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स की टीम में गए।

दो दिन तक चली मेगा नीलामी में कुल 577 खिलाड़ी शामिल थे। इनमें से 182 खिलाड़ी बिके, जबकि 395 खिलाड़ियों के लिए किसी ने बोली नहीं लगाई। 182 में से 62 विदेशी खिलाड़ी रहे। वहीं, 10 टीमों ने मिलाकर कुल आठ राइट टू मैच कार्ड इस्तेमाल किए। सभी 10 फ्रेंचाइजी ने मिलाकर इस नीलामी में 639.15 करोड़ रुपये खर्च किए। पहले दिन जहां बल्लेबाजों और ऑलराउंडर्स का दबदबा दिखा, वहीं दूसरे दिन भारतीय तेज गेंदबाजों




का बोलबाला रहा। इस बार नीलामी में 13 साल वैभव सूर्यवंशी भी उतरे थे जिनका आधार मूल्य 30 लाख रुपये था। वैभव को राजस्थान रॉयल्स ने नीलामी में 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा और वह आईपीएल नीलामी में बिकने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। इस नीलामी में पहली बार 25 करोड़ का आंकड़ा पार हुआ। पिछले साल मिनी नीलामी में कमिंस और स्टार्क, दो खिलाड़ियों ने पहली बार 20 करोड़ का आंकड़ा पार किया था, वहीं इस साल पंत और श्रेयस ने 25 करोड़ का आंकड़ा पार हुआ।

दूसरे दिन भी कई खिलाड़ियों को कोई खरीदार नहीं मिले जिसमें पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर, भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर, जेम्स एंडरसन, पृथ्वी शॉ और केन विलियम्सन शामिल हैं। शुरुआत में देवदत्त पडिक्कल और अजिंक्य रहाणे जैसे भारतीय खिलाड़ियों को भी किसी ने नहीं खरीदा था, लेकिन बाद में आरसीबी ने पडिक्कल और केकेआर ने रहाणे को अपनी टीम में शामिल किया। वहीं, दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को मुंबई इंडियंस ने उनके आधार मूल्य 30 लाख रुपये में आखिर में खरीदा। मुंबई इंडियंस का भारतीय खिलाड़ियों का दल मजबूत है, लेकिन उन्होंने कई अपरिपक्व विदेशी खिलाड़ी चुने। ट्रेंट बोल्ट और मिचेल सैंटनर के अलावा अन्य छह खिलाड़ी ऐसे हैं जो या तो चोट से ग्रसित रहे हैं या फिर वे आईपीएल में नियमित तौर पर खेलने वाले खिलाड़ी नहीं रहे हैं। इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स और तेज गेंदबाज रीस टॉपले, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स और अफगानिस्तान के स्पिनर अल्लाह गजानफर लीग में काफी अनुभवहीन हैं, जबकि न्यूजीलैंड के बेवन-जॉन जैकब्स और दक्षिण अफ्रीका के रेयान रिकेल्टन पहली बार आईपीएल खेलेंगे। चेन्नई ने आर अश्विन को 10 सीजन बाद वापस खरीद लिया। अश्विन ने आखिरी बार 2015 में उनके लिए खेला था और अब वह रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर स्पिन की कमान संभालेंगे। उन्होंने नूर अहमद को जोड़कर अपने स्पिन आक्रमण को और मजबूत किया। इसके अलावा उन्होंने ऑलराउंडर और तेज गेंदबाजों की खरीदारी की। उन्होंने राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, कमलेश नागरकोटी, दीपक हुड्डा और श्रेयस गोपाल जैसे खिलाड़ियों को भी खरीदा है जिनके आईपीएल करियर को पुनरुत्थान की जरूरत है।

# घरवालों से हुई इन सितारों की तकरार, किसी का प्रॉपर्टी तो किसी का लेन-देन को लेकर हुआ झगड़ा

कृष्णा अभिषेक और मामा गोविंदा के रिश्तों में आई तल्खी से सब परिचित हैं। हालांकि, अब इनके बीच का मन-मुटाव दूर हो गया है। हाल ही में गोविंदा भांजे कृष्णा के साथ द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नजर आएंगे। पैसा, प्रॉपर्टी या कोई तल्ख टिप्पणी ऐसी चीजे हैं, जिनकी वजह से अच्छे-अच्छों की दोस्ती टूट जाएं। खून के रिश्तों में खिंचाव आ जाएं। ऐसा सिर्फ आम लोगों के साथ नहीं होता, बल्कि बॉलीवुड सितारों के बीच भी देखने को मिलता है। गोविंदा और उनके भांजे कृष्णा अभिषेक के बीच कई वर्षों तक मतभेद रहे। कथित तौर पर एक कॉमेडी शो में कृष्णा की टिप्पणी से गोविंदा आहत हो गए। उन्होंने इसे खुद से जोड़कर देखा। हालांकि, अब द ग्रेट इंडियन कपिल शो के आगामी एपिसोड में गोविंदा नजर आएंगे। जारी प्रोमो में वे और कृष्णा गले मिलते दिखे हैं, जिससे माना जा रहा है कि दोनों के बीच मन-मुटाव खत्म हो गया। वैसे गोविंदा और कृष्णा के अलावा और भी सितारे हैं, जिनका अपने घरवालों से




झगड़ा हो चुका है।

अभिनेत्री अमीषा पटेल का झगड़ा अपने माता-पिता से ही रहा। दरअसल, अमीषा अपने अभिभावकों से झगड़ा करके फिल्म इंडस्ट्री में आई। अभिनेत्री ने बाद में अपने माता-पिता पर ही धोखा देने का आरोप लगाया। अमीषा पटेल ने अपने माता-पिता पर केस कर दिया था। उन्होंने उन पर उनके करोड़ों रुपये के गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था।

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले एक्टर आमिर खान का नाम भी इस लिस्ट में है। उनका अपने भाई फैसल खान से झगड़ा रहा। दोनों भाई फिल्म मेला में साथ नजर आए। रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर खान की अपने भाई फैसल खान से बिल्कुल नहीं बनती है। फैसल खान ने अपने भाई आमिर पर उन्हें घर में कैद करने का आरोप लगाया था। इसके चलते आमिर और उनके पिता ताहिर हुसैन भी आमने-सामने आ गए थे। मामला कोर्ट तक पहुंचा था, जहां फैजल की कस्टडी उनके पिता को दे दी गई थी।

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी का भी अपने भाई से झगड़ा रहा है। यूं तो बीते दिनों अभिनेता अपनी जीवन संगिनी के साथ हुए कानूनी झगड़े को लेकर खूब सुर्खियों में रहे। हालांकि, इनके बीच की चीजें अब सामान्य हो गई हैं। पत्नी के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी का अपने भाई से भी झगड़ा हो चुका है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के भाई शमशुद्दीन ने उन पर सौ करोड़ रुपये की की प्रॉपर्टी हड़पने का आरोप लगाया था।

# हमसफर जहीर के साथ सोनाक्षी की मस्ती, सोशल मीडिया पर साझा कीं रोमांटिक फोटोज

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल बॉलीवुड की पसंदीदा जोड़ी में शुमार हैं। धर्म की दीवार तोड़ दोनों इसी साल शादी के बंधन में बंधे। दोनों इस वक्त विदेश घूमने निकले हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने जहीर के साथ अपनी रोमांटिक फोटो शेयर की हैं। जहीर और सोना बेहद प्यारे लग रहे हैं। साझा किए गए फोटोज में जहीर और सोनाक्षी एक दूजे की बाहों में खोए रोमांटिक पोज दे रहे हैं। इसके अलावा सोनाक्षी कबूतरों के साथ खेलती और उन्हें दाना खिलाती नजर आ रही हैं। एक दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की खुशी दोनों के चेहरे पर साफ नजर



आ रही है। बता दें कि ये जोड़ी इन दिनों इटली यात्रा पर है। इनके साथ कुछ करीबी दोस्त भी साथ घूमने निकले हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने इस साल जून में रजिस्टर मैरिज की। इनकी शादी एक निजी समारोह में आयोजित हुई, जिसमें इनके इंडस्ट्री के करीबी दोस्त भी शामिल हुए। कई साल के एक दूजे को डेट करने के बाद दोनों ने शादी रचाई। दोनों की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। फैंस के साथ साथ कुछ सेलेब्स भी रिएक्ट कर रहे हैं। सबा पटौदी ने हार्ट इमोजी पोस्ट किए हैं। यूजर लिख रहे हैं कि आप दोनों साथ में बहुत प्यारे लगते हैं। अन्य यूजर ने लिखा, किसी की नजर न लगे, इसी तरह साथ बना रहे। एक यूजर ने लिखा, खूबसूरत जोड़ी।

# पहला पहला प्यार गाने पर माधुरी दीक्षित को बाहों में लेकर नाचे कार्तिक आर्यन, एक्टर ने कहा अपना बचपन का सपना जीया

माधुरी और कार्तिक हाल ही में भूल भुलैया की तीसरी किस्त में एक साथ दिखाई दिए। फिल्म में त्रिप्ति डिमरी, विद्या बालन और राजपाल यादव भी हैं। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने माधुरी दीक्षित के साथ डांस करने के अपने सपने को जीने का एक दिल को छू लेने वाला वीडियो शेयर किया। दोनों ने 1994 की ब्लॉकबस्टर फिल्म हम आपके हैं कौन के मशहूर गाने पहला पहला प्यार पर डांस किया। बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन ने इंस्टाग्राम पर माधुरी के साथ अपना एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में दोनों रोमांटिक अंदाज में डांस कर रहे हैं। डांस का अंत भूल भुलैया 3 की किरदार मंजुलिका के जानलेवा ट्विस्ट के साथ हुआ, जिसमें माधुरी ने कार्तिक की गर्दन पकड़ी हुई थी। कार्तिक ने कैप्शन में लिखा हर ब्रह्मांड में अपने सपने को जी रहा हूँ रूह बाबा और मंजू बैकटूवर्क भूल भुलैया 3। गाने की बात करें तो, पहला पहला प्यार



को एस.पी. बालासुब्रमण्यम ने गाया है। संगीत रामलक्ष्मण ने दिया है और बोल देव कोहली ने लिखे हैं। यह गाना मूल रूप से सलमान के किरदार प्रेम और माधुरी पर फिल्माया गया है, जिन्होंने निशा का किरदार निभाया था।

हम आपके हैं कौन..! का निर्देशन सूरज बड़जात्या ने किया है। यह फिल्म एक विवाहित जोड़े और उनके परिवारों के बीच संबंधों की कहानी के माध्यम से भारतीय विवाह परंपराओं का जश्न मनाती है। अपने परिवार के लिए अपने प्यार का त्याग करने की कहानी। यह कथानक स्टूडियो की पिछली फिल्म नदिया के पार (1982) पर आधारित है, जो केशव प्रसाद मिश्रा के हिंदी उपन्यास कोहबर की शर्त पर आधारित थी। हम आपके हैं कौन..! को भारतीय फिल्म उद्योग के साथ-साथ पॉप संस्कृति में सबसे प्रभावशाली फिल्मों में से एक माना जाता है। यह प्रेम और निशा की कहानी है, जो एक पारिवारिक शादी के माध्यम से मिलते हैं और प्यार में पड़ जाते हैं। हालाँकि, भाग्य ने प्रेमियों के लिए कुछ और ही योजना बनाई है जब निशा की बहन अप्रत्याशित रूप से मर जाती है और उसे प्रेम के भाई राजेश से शादी करने की उम्मीद होती है। कार्तिक आर्यन और माधुरी दीक्षित हाल ही में रिलीज़ हुई भूल भुलैया 3 में एक साथ नज़र आए थे। कार्तिक ने रूह बाबा के रूप में अपनी भूमिका दोहराई, जबकि माधुरी ने फिल्म में अंजुलिका की भूमिका निभाई।

# कृति सेनन ने आखिरकार भाई-भतीजावाद पर चुप्पी तोड़ी, कहा- इसके लिए सिर्फ़ फ़िल्म इंडस्ट्री ही ज़िम्मेदार नहीं है

55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव में मौजूद बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री कृति सेनन ने भाई-भतीजावाद पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बाहरी लोगों के सामने आने वाले संघर्षों और भाई-भतीजावाद की बहस में मीडिया और दर्शकों के योगदान के बारे में खुलकर बात की। अपनी बातचीत के दौरान कृति ने कहा कि फ़िल्मी पृष्ठभूमि के बिना किसी व्यक्ति को अपने सपनों के अवसर पाने में समय लगता है।

कृति ने कहा, जब से मैं यहां आई हूं, इंडस्ट्री ने मेरा बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया है। बेशक, जब आप फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं होते हैं, तो आपको वहां पहुंचने में समय लगता है। आपको उन अवसरों को पाने में समय लगता है, जिनकी आपको चाहत होती है। आपको उन मैगज़ीन कवर पर आने में भी समय लगता है। इसलिए सब कुछ थोड़ा संघर्षपूर्ण होता है। लेकिन 2-3 फ़िल्मों के बाद, अगर आप कड़ी मेहनत करते रहें और अगर आप इसमें लगे रहें, तो कोई भी आपको रोक नहीं सकता।

कृति सेनन ने यह भी कहा कि बॉलीवुड इंडस्ट्री ही नेपोटिज्म के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार नहीं है और उन्होंने बताया कि स्टार किड्स को बढ़ावा देने



में दर्शकों और मीडिया की भूमिका होती है। कृति ने कहा, मुझे लगता है कि इंडस्ट्री नेपोटिज्म के लिए उतनी ज़िम्मेदार नहीं है। इसके लिए मीडिया और दर्शक भी ज़िम्मेदार हैं। दर्शक देखना चाहते हैं कि मीडिया कुछ स्टार किड्स के बारे में क्या दिखा रहा है। क्योंकि दर्शकों की उनमें दिलचस्पी है, इसलिए इंडस्ट्री को लगता है कि चूंकि दर्शकों की दिलचस्पी है, तो उनके साथ फ़िल्म बनानी चाहिए। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक चक्र है। लेकिन मुझे लगता है कि अगर आप प्रतिभाशाली हैं, तो आप वहां पहुंच जाएंगे। अगर आप प्रतिभाशाली नहीं हैं और दर्शकों के साथ आपका जुड़ाव नहीं है तो आप वहां नहीं पहुंच पाएंगे।

इस बीच, काम के मोर्चे पर, उन्हें आखिरी बार दो पत्ती में काजोल और शहीर शेख के साथ दोहरी भूमिका निभाते हुए देखा गया था। यह केवल डिजिटल रिलीज़ थी और पिछले महीने नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर हुई थी। वह अगली बार अक्षय कुमार की मल्टी-स्टारर हाउसफुल 5 और वरुण धवन-स्टारर भेड़िया 2 में नज़र आएंगी।

## आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की तबीयत बिगड़ी, चेन्नई के अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** गवर्नर शक्तिकांत दास को मामूली समस्या के कारण चेन्नई के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वो अपोलो अस्पताल में भर्ती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को एसिडिटी की शिकायत हुई और उन्हें इलाज के लिए चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह अब ठीक हैं और अगले 2-3 घंटों में उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। इसके बाद आरबीआई प्रवक्ता की ओर से उनकी हेल्थ को लेकर बयान भी जारी किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को एसिडिटी की शिकायत हुई और उन्हें निगरानी के लिए चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरबीआई प्रवक्ता ने आगे कहा, अब उनकी हालत ठीक है। अगले 2-3 घंटों में उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। चिंता की कोई बात नहीं है। बता दें कि 10 दिसंबर को आरबीआई के मौजूदा गवर्नर शक्तिकांत दास का कार्यकाल भी खत्म हो रहा है। ऐसे में ये बड़ा सवाल है कि वह अपने पद पर आगे बने रहेंगे या नहीं। शक्तिकांत दास ने 6 साल पहले आरबीआई गवर्नर की जिम्मेदारी संभाली थी। उनसे पहले उर्जित पटेल आरबीआई गवर्नर की कमान संभाल रहे थे। अचानक उनके इस्तीफा के बाद शक्तिकांत दास नए RBI गवर्नर बने। अपने कार्यकाल में उन्होंने कोविड और उसके बाद देश में पैदा हुई महंगाई की समस्या को नियंत्रित करने की दिशा में उल्लेखनीय काम किया है। शक्तिकांत दास आरबीआई के 25वें गवर्नर के रूप में कार्यरत हैं। वे पहले पंद्रहवें वित्त आयोग के सदस्य और त्न20 में भारत के शेरपा थे। शक्तिदकांत दास तमिलनाडु कैडर के 1980 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं ।

# महिला कर्नलों को लेकर विवादास्पद समीक्षा, शीर्ष सैन्य अधिकारी ने पत्र में उठाए कई अहम मुद्दे

**व्यवहार**

**लेफ्टिनेंट जनरल पुरी ने कर्नल रैंक की महिला अधिकारियों में पारस्परिक संबंधों को लेकर गंभीर चिंताएं और समझदारी और व्यवहार कुशलता की कमी की ओर इशारा किया है।**



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णय के बाद सेना द्वारा 108 महिला अधिकारियों को कर्नल के पद पर पदोन्नत किए गया था। इस फैसले के लगभग दो साल बाद, एक शीर्ष जनरल ने अपने अधीन आठ कर्नल रैंक की महिला अधिकारियों की समीक्षा में सामान्य अहंकार संबंधी मुद्दों और सहानुभूति की कमी÷ को गंभीर चिंताओं में शामिल किया है। NDTV के अनुसार, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव पुरी, जिन्होंने 17 माउंटेन स्ट्राइक कोर के कमांडर के रूप में अपना कार्यकाल 20 नवंबर को पूरा कर लिया है, ने पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र तिवारी को पत्र लिखकर एक अत्यंत महत्वपूर्ण इन-हाउस समीक्षा के निष्कर्षों को सूचीबद्ध किया है।हालांकि, रक्षा सूत्रों ने एनडीटीवी को बताया कि सेना महिला अधिकारियों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है और वरिष्ठ अधिकारी के सुझाव प्रशिक्षण मानकों में सुधार के लिए हैं। लेफ्टिनेंट जनरल पुरी ने कर्नल रैंक की महिला अधिकारियों में ÷पारस्परिक संबंधों को लेकर गंभीर चिंताएं और समझदारी और व्यवहार कुशलता की कमी की ओर इशारा किया है। रिपोर्ट में शिकायत करने की अतिशयोक्तिपूर्ण प्रवृत्ति और अहंकार से जुड़ी सांसारिक समस्याएं जो नियंत्रण से बाहर हो जाती हैं का भी उल्लेख किया गया है। महिला अधिकारी अब वायु रक्षा, सिग्नल, आयुध, खुफिया, इंजीनियर और सेवा कोर जैसी इकाइयों की कमान संभाल रही हैं। लेफ्टिनेंट जनरल पुरी ने कहा है कि कर्नल रैंक की महिला अधिकारी निर्णय लेने के मामले में अपनी मर्जी से काम करती हैं और कमांडर बनने के लिए प्रशिक्षित नहीं हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने 1 अक्टूबर को लिखे पत्र में लिखा, पिछले एक साल में महिला अधिकारियों द्वारा संचालित इकाइयों में अधिकारी प्रबंधन से जुड़े मुद्दों की संख्या में वृद्धि हुई है। ये पारस्परिक संबंधों के बारे में गंभीर चिंताओं का संकेत हैं। अधिकांश मामले इकाई कर्मियों, विशेष रूप से अधिकारियों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं की समझ और व्यवहारिकता की कमी से संबंधित हैं। आपसी सम्मान के माध्यम से संघर्ष समाधान के बजाय शक्ति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने पर अधिक जोर दिया जाता है। हाल के दिनों में कुछ मामलों में पूर्वाग्रह और अविश्वास स्पष्ट रूप से देखा गया है। उन्होंने कहा कि इससे यूनिट में तनाव का स्तर बहुत बढ़ गया है। लेफ्टिनेंट जनरल पुरी ने इस बात पर भी जोर दिया कि अधीनस्थों को श्रेय देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के बजाय जूनियर अधिकारियों के बारे में अपमानजनक बयान देने की अनियंत्रित इच्छा आम बात है। उन्होंने कुछ महिला अधिकारियों में अधिकार की गंभीर गलत भावना का भी उल्लेख किया और कहा कि वे छोटी-छोटी उपलब्धियों के लिए तत्काल संतुष्टि चाहती हैं।2020 में सुप्रीम कोर्ट ने सेना में महिलाओं के लिए स्थायी कमीशन को मंजूरी दे दी और उनके लिए कमांड भूमिकाएं संभालने का रास्ता साफ कर दिया।

## राज्यसभा की छह सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी, 20 दिसंबर को वोटिंग और परिणाम एक साथ

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की छह खाली सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। 20 दिसंबर को चुनाव होंगे। उसी दिन नतीजे भी घोषित किए जाएंगे। आंध्र प्रदेश की तीन, ओडिशा, हरियाणा और पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट पर चुनाव होंगे। 10 दिसंबर नामाकंन की आखिरी तारीख है। 11 दिसंबर को नामांकन पत्र की जांच होगी। 13 दिसंबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। 20 दिसंबर को सुबह नौ से शाम चार बजे तक वोटिंग होगी। उसी दिन शाम पांच बजे से मतों की गणना होगी। हरियाणा और महाराष्ट्र में मिली करारी हार के बाद राज्यसभा चुनाव में भी विपक्षी की बड़ी परीक्षा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन को भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन के सामने करारी हार का सामना करना पड़ा है।

## संविधान की प्रस्तावना में भी संशोधन कर सकती है देश की संसद: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए समाजवाद और पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की मांग वाली याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। कोर्ट ने 42वें संविधान संशोधन के जरिये प्रस्तावना में जोड़े गए इन दोनों शब्दों को 44 वर्ष बाद चुनौती दिए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतने समय बाद चुनौती देने का कोई न्यायोचित आधार नजर नहीं आता। याचिका पर विस्तार से विचार करने की जरूरत नहीं लगती। शीर्ष अदालत ने ऐतिहासिक फैसले में कहा कि संविधान एक जीवंत दस्तावेज है। संसद को संविधान संशोधन की निर्विवाद शक्ति प्राप्त है और यह शक्ति प्रस्तावना में संशोधन तक विस्तारित है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने इसके साथ ही भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी तथा अन्य की तीन याचिकाएं खारिज कर दीं।

## सड़क किनारे बने तंबू को ट्रक ने मारी टक्कर, हादसे में दो बच्चों सहित 5 लोगों की हुई दर्दनाक मौत




**केरल।** केरल में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। बता दें कि त्रिशूर के मध्य जिले में मंगलवार तड़के एक ट्रक ने सड़क किनारे लगे तंबू को टक्कर मार दी। इस दौरान हादसे में दो बच्चों सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में करीब 5 लोग घायल भी हुए हैं। इस घटना की जानकारी पुलिस के हवाले से सामने आई है। उन्होंने बताया कि पीड़ित खानाबदोश थे जो राजमार्ग के किनारे तंबू बनाकर रह रहे थे। सुबह 4.30 बजे वलपड़ पुलिस स्टेशन के अंतर्गत नट्टिका में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि घायलों को त्रिशूर सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। मृतकों में डेढ़ साल और चार साल के दो बच्चे और दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि वाहन के चालक और क्लीनर को हिरासत में ले लिया गया है। मामले को लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। देश में इन दिनों बाल शोषण के मामले में लगातार बढ़ रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले केरल से हैं, केरल में तेजी से बाल शोषण के मामले बढ़ रहे हैं। बाल अधिकार पैनल की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। केरल में बच्चों के साथ यौन शोषण की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे वे स्कूलों और घरों में भी असुरक्षित हो गए हैं। हाल ही में केरल राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की तरफ से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, ऐसे 21 प्रतिशत मामले बच्चों के घरों में और चार प्रतिशत स्कूलों में दर्ज किए गए। इस वजह से राज्य के बाल अधिकार पैनल को माता-पिता, शिक्षकों और पुलिस अधिकारियों के बीच बाल दुर्व्यवहार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया है।

# हर 10 साल में 0.88 किमी प्रति घंटा धीमी हो रही हवा का असर मौसमी गतिविधियों पर

**जलवायु**

**हाल के कुछ अध्ययनों में पता चला है कि जलवायु परिवर्तन के चलते भारत सहित पूरी दुनिया में हवाओं की स्पीड सुस्त पड़ रही है।**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में हर साल सर्दियां शुरू होने के पहले वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है। मौसम वैज्ञानिक इसके लिए ठंड बढ़ने के साथ ही हवाओं की गति धीमी हो जाने को जिम्मेदार मानते हैं। लेकिन आने वाले दिनों में ये स्थिति और गंभीर हो सकती है। हाल के कुछ अध्ययनों में पता चला है कि जलवायु परिवर्तन के चलते भारत सहित पूरी दुनिया में हवाओं की स्पीड सुस्त पड़ रही है। इसके चलते मॉनसून सहित अन्य मौसमी गतिविधियों में बदलाव देखा जा रहा है। काउंसिल ऑफ एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर की ओर से जारी की गई एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में पिछले 40 वर्षों में हवा की गति पर हुए एक अध्ययन में पाया गया कि हवा की स्पीड 100 मीटर की ऊंचाई पर लगभग हर एक दशक में 0.88 किमी प्रति घंटे की दर से कम हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के चलते भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी मैदान सामान्य से अधिक ठंडा होने और उत्तरी हिंद महासागर के सामान्य से अधिक गर्म होने से हवाओं की गति पर असर पड़ा है। हवा की गति घटने से आने वाले समय में बारिश के पैटर्न में बड़े बदलाव देखे जा सकते हैं। वहीं दूसरी तरफ पवन ऊर्जा के जरिए बिजली उत्पादन के लक्ष्य हासिल करना भी मुश्किल होगा। रिपोर्ट में 1979 से 2019 के बीच प्राप्त आंकड़ों के आधार पर देश में हवाओं की गति का विश्लेषण किया गया है। सीईईडब्लू के इस शोध की लेखिका दिशा अग्रवाल के मुताबिक ये अध्ययन दर्शाता है कि पिछले 40 सालों में हवा की गति में सबसे ज्यादा गिरावट जून (हर दशक में -1.33 किमी प्रति घंटे) और जुलाई (हर दशक में -1.27 किमी प्रति घंटे) के महीने में दर्ज की गई है।

## उत्तर भारत में पड़ेगी कंपकंपाने वाली ठंड, दिल्ली-NCR में तेजी से बदल रहा मौसम; इन राज्यों में छाएगा कोहरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत में ठंड ने दस्तक दे दी है। सुबह और शाम के मौसम में तापमान में काफी गिरावट देखी जा रही है। पूरे उत्तर भारत का मौसम बदल रहा है और जल्द ही कड़ाके की सर्दी पड़ने वाली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि मंगलवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.7 डिग्री अधिक है। अब आगे बताते हैं, देश के अन्य राज्यों में मौसम कैसा रहेगा? मौसम विभाग ने दिल्ली में 28 और 29 नवंबर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन दिनों घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी बहुत कम हो सकती है। ऐसे में लोगों को सड़क पर गाड़ी चलाते समय काफी ध्यान रखना होगा। उत्तर प्रदेश की अगर बात करें तो वहां अगले दो दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। राज्य में सुबह और शाम कोहरा छाए रहने की संभावना है। साथ ही, तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, अफगानिस्तान की ओर से आ रहे एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर प्रदेश में बदलाव देखने को मिलेंगे। इस विक्षोभ के कारण राज्य में हवा का रुख बदल जाएगा। हवा के रुख बदलने से तापमान में गिरावट होगी और कोहरा छाएगा। बिहार में धीरे-धीरे ठंड बढ़ रही है। हालांकि, अभी तक कड़ाके की सर्दी का अनुभव नहीं हुआ है। सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास होना आम बात हो गई है। दिन में धूप निकलने से लोगों को थोड़ी राहत मिलती है। ठंड के साथ-साथ कई जिलों में सुबह के समय कोहरा भी छा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में ठंड में और बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में 26-30 नवंबर के दौरान सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। पंजाब-हरियाणा में भी 27,28 और 29 नवंबर को लोगों को कोहरे का एहसास हो सकता है। वहीं तमिनलाडु, आंध्रप्रदेश, पुडुचेरी, केरल में 28 नवंबर को तेज बारिश की संभावना है।

## वो खून सूंघ सकती है.., इमरान खान की पत्नी बुशरा पर बरसी शहबाज सरकार ने कहा, हम समझौता नहीं करेंगे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ता और समर्थक इमरान खान की रिहाई की मांग के लिए सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। बुशरा बीबी और केपी के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हो रहा है, और बुशरा ने स्पष्ट किया है कि आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक इमरान खान को रिहा नहीं किया जाता। डॉन के मुताबिक, सोमवार को सूत्रों ने दावा किया, कि पीटीआई और सरकार के नेताओं ने बातचीत की थी, जिसमें एक ऐसा स्थान तय करने के लिए बातचीत की गई, जहां पीटीआई समर्थकों को शांति के साथ इस्लामाबाद में प्रदर्शन करने की अनुमति दी जा सके।

वहीं सरकार और पाकिस्तान की पार्टी के बीच रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, बातचीत अनिश्चितता के साथ खत्म हुई है, क्योंकि बुशरा बीबी खून की गंध महसूस कर सकती हैं और समझौता करने के मूड में नहीं है। जियो न्यूज के मुताबिक, पीएमएल-एन नेता ने कहा, वह (बुशरा) जानती हैं कि वह डी-चौक के करीब हैं और एक नेता बन गई हैं। वह अपने फायदे के लिए लोगों पर दबाव बनाएंगी।

साथ ही ख्वाजा आसिफ ने आगे कहा कि सरकार के पास इस्लामाबाद में एंटर करने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ ÷बल प्रयोग करने÷ के अलावा कोई विकल्प नहीं था। उन्होंने इमरान की पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा, वे (पीटीआई) मानते हैं कि उन्हें फायदा है और वे (इस्लामाबाद) आगे बढ़ना जारी रखेंगे। आसिफ ने ये भी कहा कि किसी भी कीमत पर इस्लामाबाद की रक्षा करने का सरकार का ÷स्पष्ट÷ संकल्प और विशेष रूप से तब जब कोई विदेशी गणमान्य व्यक्ति, बेलारूस के राष्ट्रपति, देश का दौरा कर रहे हों।

## इजरायल-हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष अब समाप्ति की ओर!

**नई दिल्ली।** इजरायल-हिजबुल्लाह के बीच चल रहे संघर्ष पर विराम लगने की संभावना दिख रही है। यह संघर्ष समाप्त होगा या नहीं, इसको लेकर आज इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू कैबिनेट में फैसला लेंगे। कैबिनेट में इजरायली मंत्रिमंडल लेबनान के साथ युद्ध विराम समझौते पर मतदान करेगा। दरअसल, पिछले कुछ महीनों से संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र समेत कई देश इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच लंबे समय से चल रहे शत्रुता को समाप्त करने के लिए दबाव बना रहे हैं। इसके बाद इजरायल और और हिज्बुल्लाह दोनों ने इस पर सहमति जताई है। इजरायली मीडिया में चल रही खबरों की मानें तो सीजफायर एग्रीमेंट को बीते दिन सोमवार (25 नवंबर) को ही तैयार कर लिया गया है।

## हमेशा ट्रेंड में रहने वाली क्रिस चैन कौन हैं? अब की है एक नई घोषणा

**ट्रांसजेंडर**

**रिपोर्ट्स के अनुसार क्रिस चैन 42 वर्षीय अमेरिकी ट्रांसजेंडर महिला हैं। उनका जन्म क्रिस्टोफर वेस्टन चैंडलर के रूप में हुआ।**



**नई दिल्ली।** मशहूर कार्टूनिस्ट क्रिस चैन हमेशा किसी ना किसी वजह से चर्चाओं में बनी रहती हैं। अब उन्होंने कुछ ऐसी घोषणा कर दी है जिसने एक नई चर्चा को जन्म दे दिया है। हाल के दिनों में एक लाइव गेमिंग स्ट्रीम के दौरान उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि वह एक बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। दरअसल, क्रिस चैन ट्रांसवुमन हैं। उन्होंने अपने एक प्रशंसक के सवाल के जवाब में इस बात पर चर्चा की। एक कार्यक्रम के दौरान प्रशंसक ने उनसे पूछा कि आप अपने बच्चे की घोषणा कब करेंगी? इस सवाल के जवाब में चैन ने कहा कि जब बच्चा वास्तव में गर्मियों में खेल में आ रहा होगा उस समय के आसपास या मैं आप सभी को अंधेरे में रख सकती हूं और बच्चे के जन्म तक आप सभी को बता सकती हूं। क्रिस चैन के इस जवाब के बाद उनके फैंस ने ये अनुमान लगाया कि चैन की गर्भावस्था की घोषणा उसके करीबी दोस्त फ़्लटर से संबंधित हो सकती है। बता दें कि फ़्लटर एक 30 वर्षीय महिला है। साल 2021 से 2023 तक जब क्रिस चैन सेंट्रल वर्जीनिया क्षेत्रीय जेल में कैद थीं, उसी दौरान दोनों की दोस्ती हुई थी। हालांकि, कई मौकों पर चैन ने किसी भी रोमांटिक रिश्ते से इनकार किया है। वहीं, कई मौकों पर दोनों को सार्वजनिक रूप से स्नेह प्रदर्शित करते हुए देखा गया है। इस कारण उनके संबंध के बारे में अफवाहें फैलती रही हैं। बच्चे की घोषणा वाली खबरों ने लोगों के मन में चिंताएं ला दी हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि चैन का अतीत यौन उत्पीड़न के लिए उनकी गिरफ़्तारी सहित जटिल रहा है। एक सोशल मीडिया यूजर ने इस संबंध में लिखा कि एक यौन अपराधी और सबसे अधिक संभावना है कि वह बच्चा पैदा करने के लिए उपयुक्त नहीं है। उनकी एक भयानक प्रतिष्ठा है और उन्हें गिरफ्तार किया गया रहा है। वहीं, एक अन्य यूजर ने कहा कि ओह यार मुझे आशा है कि यह सच नहीं है। रिपोर्ट्स के अनुसार क्रिस चैन 42 वर्षीय अमेरिकी ट्रांसजेंडर महिला हैं। उनका जन्म क्रिस्टोफर वेस्टन चैंडलर के रूप में हुआ। वर्ष 2000 में उन्होंने पीडमोंट वर्जीनिया कम्युनिटी कॉलेज से पढ़ाई थी। वहीं, साल 2006 में कंप्यूटर एडेड ड्राफ्टिंग और डिज़ाइन में डिग्री हासिल की। साल 2007 से ही वह इंटरनेट की दुनिया पर छाई रही हैं। इस दौरान उनकी कुछ तस्वीरों को एक बोर्ड पर शेयर किया गया था, जिसके कारण उनको उपहास का सामना करना पड़ा था। जानकारी दें कि उन्होंने साल 2014 में सार्वजनिक रूप से एक ट्रांसवुमन के रूप में पहचान बनाई। वहीं, साल 2016 में उन्होंने अपना नाम बदला और क्रिस्टीन के तौर पर पहचानी जाने लगीं। क्रिस चैन अपने कॉमिक श्रृंखला सोनिकू के लिए जानी जाती हैं। ये एक प्रसिद्ध कॉमिक में से एक है। अगस्त 2021 में क्रिस पर अनाचार का आरोप लगा। एक ऑडियो क्लिप के बाहर आने पर उनकी गिरफ्तारी की गई। दो सालों तक क्रिस जेल में रहीं।

## लिथुआनिया में मकान के ऊपर क्रैश हुआ DHL कंपनी का कार्गो विमान, एक शख्स की मौत; कई घायल

**संचलान**

**डीएचएल के विमानों का संचलान मैड्रिड में स्थित स्विफ्टएयर करती है। बताया जा रहा है कि जो विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है वह करीब 31 साल पुरान था।**



**नई दिल्ली।** जर्मनी की पार्सल एवं कूरियर सेवा प्रदान करने वाली DHL कंपनी का एक कार्गो विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार यह घटना 25 नवंबर (सोमवार) की है। यह हादसा लिथुआनिया की राजधानी के पास हुआ। विमान एक मकान के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत की खबर है। इस हादसे में प्लेन में सवार तीन लोग बच गए। एलआरटी ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि दुर्घटना के बाद दो लोगों को अपस्ताल ले जाया गया, जबकि एक को मृत घोषित कर दिया गया। मालवाहक विमान के साथ यह हादसा एयरपोर्ट के पास दो मंजिला मकान के ऊपर हुआ। हादसे में कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है। लिथुआनिया एयरपोर्ट अथॉरिटी ने विमान की पहचान जर्मनी के लीपजिंग से विलनियस हवाई अड्डे के लिए उड़ाने भरने वाले डीएचएल मालवाहक विमान के तौर पर की है। घटना के तुरंत बाद मौके पर दमकल की सेवा प्रदान की गई। इसी के साथ अन्य आपाताकालीन सेवाओं को घटनास्थल पर भेजा गया। शुरुआती जांच में अभी विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का नहीं पता चल सका है। जानकारी दें कि डीएचएल ग्रुप का मुख्यालय जर्मनी के बॉन में स्थित है। इस घटना के तुरंत बाद कंपनी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। डीएचएल के विमानों का संचलान मैड्रिड में स्थित स्विफ्टएयर करती है। बताया जा रहा है कि जो विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है वह करीब 31 साल पुरान था। इस प्रकार के विमान को एक्सपर्ट्स पुराना ढांचा मानते हैं। हलांकि, कई मालवाहक विमान इससे भी पुराने हैं। इस घटना को लेकर पुलिस कमिश्नर जनरल पोजेला ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये प्लेन एयरपोर्ट से कुछ दूरी पर गिरा। दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद ये विमान करीब 100 मीटर तक फिसला। वहीं, विमान का कुछ हिस्सा एक आवासीय मकान से जा टकराया, जिस कारण मकान के कुछ हिस्सों में आग लग गई थी। हालांकि, इस घटना के तुरंत बाद मकान में रह रहे लोग निकलने में सफल रहे।

## अंडमान में पकड़ी 6 हजार किलो ड्रग्स, मछली पकड़ने वाली नाव में मिली अबतक की सबसे बड़ी खेप



**पोर्ट ब्लेयर।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ जारी अभियान में सरकार को एक और बड़ी सफलता मिली है। भारतीय तटरक्षक बल ने एक बड़े मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास 6000 किलोग्राम प्रतिबंधित मेथमफेटामाइन ले जा रहे एक जहाज को जब्त कर लिया और म्यांमार के छह नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया। यह मादक पदार्थ दो-दो किलोग्राम वजन के लगभग 3000 पैकेट में पैक पाया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत कई करोड़ रुपये है। यह देश में पकड़ी गई ड्रग्स की अब तक की सबसे बड़ी खेप है। इससे पहले सबसे बड़ी ड्रग्स बरामदगी सितंबर 2021 में गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर हुई थी, जहां लगभग 3,000 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई थी। बता दें कि इसी महीने की 14 तारीख को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, नौसेना और गुजरात एटीएस ने एक संयुक्त आपरेशन में गुजरात के करीबी अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र से 700 किलोग्राम मेथमफेटामाइन जब्त कर आठ ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने उसी दिन दिल्ली में करीब 900 करोड़ रुपये मूल्य की 82.53 किलोग्राम कोकेन जब्त की थी।

## पीटीआई प्रदर्शनकारियों ने इस्लामाबाद में निकाला मार्च, लगाए नारे

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पीटीआई संस्थापक इमरान खान को रिहा करने के लिए सरकार पर दबाव बनाने के लिए खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर के नेतृत्व में पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी के समर्थकों का एक काफिला इस्लामाबाद पहुंच गया है बहुचर्चित करो या मरो विरोध के कारण सरकार ने अराजकता को रोकने के लिए देश के बड़े हिस्से को बंद कर दिया है। अधिकारियों ने इस्लामाबाद, रावलपिंडी और अन्य शहरों को कंटेनरों से अवरुद्ध कर दिया है, जिससे शहरों में दैनिक जीवन बाधित हो गया है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी क्ष्ल्क्षद्ध के समर्थक पंजाब प्रांत के हसन अब्दाल में कंटेनरों को खाली करने के बाद इस्लामाबाद की ओर मार्च कर रहे हैं। इस दौरान सभी नारे लगाते हुए भी दिखाई दिए। संघीय राजधानी में पीटीआई के विरोध प्रदर्शन से पहले ट्विन शहर में सड़कें अवरुद्ध और बाजार बंद होने के दौरान फैजाबाद पुल पर चलता एक परिवार। दोनों शहरों में पीटीआई के विरोध प्रदर्शन के कारण डी चौक पर कंटेनर के पास बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी तैनात रहे। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थकों ने पंजाब प्रांत के हसन अब्दाल में कंटेनरों को खाली करने के बाद इस्लामाबाद की ओर मार्च किया और नारे लगाए।



संघीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन के दौरान फैजाबाद इलाके में पीटीआई कार्यकर्ताओं को पुलिसकर्मियों ने गिरफ्तार किया।

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के सदस्यों ने पंजाब प्रांत के हसन अब्दाल में इस्लामाबाद तक मार्च किया। इस दौरान समर्थकों ने पुलिसकर्मियों द्वारा दागे गए आंसूगैस के गोले दोबारा पुलिसकर्मियों पर फेंके। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थक पंजाब प्रांत के हसन अब्दाल में प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों द्वारा रखे गए शिपिंग कंटेनरों को हटाने के बाद इस्लामाबाद की ओर मार्च करते हुए। ट्विन शहरों में पीटीआई के विरोध प्रदर्शन के कारण डी चौक पर कंटेनर के पास बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। पीटीआई के विरोध प्रदर्शन के कारण फैजाबाद जाम के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संघीय राजधानी में पीटीआई के विरोध प्रदर्शन से पहले ट्विन शहर में सड़कों को अवरुद्ध करने के कारण मोटरसाइकिलों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस

अवधनामा संवाददाता

- डा0 भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण
- प्रस्तावना का किया गया वाचन, दिलायी गयी शपथ

**जौनपुर।** भारतीय सविधान के 75 वर्ष पूर्ण करने पर जनपद में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया।

कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा, नगर पालिका परिषद जौनपुर की अध्यक्ष मनोरमा मौर्य, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

लोक भवन स्थित सभागार में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को राज्यसभा सांसद, विधायक बदलापुर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों, बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकगणों तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा गया तथा मुख्यमंत्री के उदबोधन को सुना गया। बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों में भारतीय संविधान विषयक पर आयोजित निबन्ध, वाद-विवाद, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले में 10-10 प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को जनप्रतिनिधिगण तथा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मेडल, अंगवस्त्रम एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है।



संविधान के महत्व के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि बाबा साहब ने संविधान बनाते समय दूरदर्शिता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे अधिकारों और कर्तव्यों का बोध कराता है। विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा ने संविधान दिवस की बधाई देते हुए कहा कि संविधान का सम्मान करना चाहिए और। भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। हमें संविधान के मूल्यो का आत्मसात करना चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी को संवैधानिक जीवन जीना चाहिए संविधान की मूल भावना में मानव ही नहीं अपितु पशु-पक्षी व अन्य वन्य जीवों को भी संरक्षित रखने का प्राविधान किया गया है। कलेक्ट्रेट परिसर से संविधान स्वाभिमान जन जागरुकता रैली का शुभारम्भ किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा रैली के माध्यम से आम जनों में जन जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया। रैली कलेक्ट्रेट से होते हुए पैदल मार्च करते हुए अम्बेडकर तिराहे पर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में सभा के रुप में परिणित हो गया। वहॉ पहुच कर सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर जनप्रतिनिधिगणों ,जिलाधिकारी सहित अन्य द्वारा माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात नगर पालिका जौनपुर में नगर को स्वच्छ रखने में एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। राज्यसभा सांसद द्वारा रैली में आए हुए सभी जनों को भारतीय संविधान की उद्देशिका/प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई तथा उनके द्वारा अपील की गया कि हमें अपने संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं निष्ठा रखनी चाहिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं शिक्षकगणों तथा सभी अधिकारियों का आभार जताते हुए धन्यवाद की ज्ञापित किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारीगण भी मौजूद रहे। इसके साथ विकास भवन ,कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी सहित विभिन्न कार्यालयों सहित सम्पूर्ण जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 रामअक्षयवर चौहान, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, कलेक्ट्रेट बार के अध्यक्ष और सदस्यगण सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ज़ेबरा क्रॉसिंग न होने पर पहले दाहिनी ओर, फिर बाएं ओर, देखकर करें सड़क पार: एएसपी

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** यातायात माह के तहत मंगलवार को मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज में 2 हजार बच्चों ने जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अरविंद कुमार वर्मा ने मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज स्कूल में बच्चों की ओर से तैयार की गई रंगोली का निरीक्षण किया तत्पश्चात द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया।

प्रबंधक डॉ अब्दुल कादिर खान ने तथा प्रधानाचार्य मो0 नासिर खान ने आए हुए अतिथियों को बुके तथा पुष्प देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में संविधान दिवस के अवसर पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित किया गया। क्षेत्राधिकार देवेश सिंह ने सड़क के मध्य छोटी-तथा बड़ी लाइन के विषय में छात्र-छात्राओं को बताया कब हमे अपने वाहन को ओवरटेक करना है तथा कब रुकना है। अशोक कुमार श्रीवास्तव यातायात निरीक्षक ने बताया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें तथा शराब पीकर वाहन ना चलाएं, तथा जीडी शुक्ला ने छात्राओं के माध्यम से अपने परिवार के सदस्यों को भावनात्मक ढंग से सुरक्षित यात्रा करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा लड़कियों को चाहिए कि अपने भाई पिता तथा अन्य लोगों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित करें। अंत में अरविंद कुमार वर्मा अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि ज़ेबरा क्रॉसिंग ना होने पर हमें पहले दाहिनी ओर फिर बाएं ओर देखकर सड़क पार करनी चाहिए तथा संविधान दिवस के अवसर पर संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए क्विज, भाषण, रंगोली, चित्रकला, पोस्टर कला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बच्चों को को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य मो0 नासिर खान ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के अनवर अल्वी, सलाहुद्दीन, सूफियान, मसरूर, सुशील सिंह, शहज़ाद, मो0 अहमद, अनुपम सिंह, शाहिद अलीम, आमिर, रुश्दी, आजम, तंजीलुर्रहमान, जैस, प्रदीप,ज़ैद आदि मौजूद रहे।

# धान क्रय केन्द्र का डीएम ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र के द्वारा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, जौनपुर व जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जौनपुर के साथ भारतीय खाद्य निगम संस्था का धान क्रय केन्द्र धर्मापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि अभी तक केन्द्र पर 272.40 कु0 06 किसानों से धान क्रय किया गया है। मौके पर किसान शिवपूजन ग्रा0 धर्मसारी का 70.80 कुं. धान क्रय हो रहा था। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि केन्द्र पर अवशेष धान को सम्बन्धित मिलर को प्रेषण करना सुनिश्चित करें एवं केन्द्र पर लघु/मध्यम वर्ग के किसानों की खरीद में प्राथमिकता दी जाये तथा आवक के अनुरूप प्रतिदिन खरीद करना सुनिश्चित करें। केन्द्र पर बैनर प्रदर्शित मिला। विपणन शाखा के धान क्रय केन्द्र धर्मापुर के निरीक्षण के समय केन्द्र पर तैनात केन्द्र प्रभारी प्रीतम सिंह द्वारा बताया गया कि अभी तक केन्द्र पर 1798.80 कुं. 25 किसानों से धान क्रय किया गया है। मौके पर किसान लालती, कबीरूद्दीनपुर का 22.40 कुं., चन्द्रमा देवी, जमुहाई का 67.20 कुं. व राम आसरे, जमुहाई का 58.00 कुं. धान क्रय हो रहा था। पी.सी.एफ. संस्था का धान क्रय केन्द्र बी.पैक्स पतहना के निरीक्षण के समय केन्द्र पर तैनात केन्द्र प्रभारी अशोक कुमार श्रीवास्तव, द्वारा बताया गया कि अभी तक केन्द्र पर 779.60 कुं. 09 किसानों से धान क्रय किया गया है। मौके पर बिन्दु सिंह का 76.00 कुं., कल्पनाथ का 11.60 कुं. व शैलेन्द्र सिंह का 79.20 कुं. धान क्रय हो रहा था। केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि केन्द्र पर उपलब्ध इलेक्ट्रानिक कांटा तत्काल मण्डी सचिव से सम्पर्क कर मरम्मत करायें तथा केन्द्र पर अवशेष धान को सम्बन्धित मिलर को प्रेषण करना सुनिश्चित करें। पी.सी.एफ. संस्था का धान क्रय केन्द्र बी.पैक्स कोठवार के निरीक्षण के समय केन्द्र पर तैनात केन्द्र प्रभारी धर्मेन्द्र मधुकर द्वारा बताया गया कि अभी तक केन्द्र पर 1202.80 कुं. 15 किसानों से धान क्रय किया गया है। मौके पर पारसनाथ का 35.00 कुं. धान क्रय हो रहा था, परन्तु केन्द्र पर नमीमापक यंत्र उपलब्ध नहीं था। केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि मण्डी सचिव कार्यालय से सम्पर्क कर नमीमापक यंत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। तथा केन्द्र पर अवशेष धान को सम्बन्धित मिलर को प्रेषण करना सुनिश्चित करें एवं केन्द्र पर लघु/मध्यम वर्ग के किसानों की खरीद में प्राथमिकता दी जाये तथा आवक के अनुरूप प्रतिदिन खरीद करना सुनिश्चित करें।

# संविधान ही पीडीए का प्रकाश स्तम्भ है : डॉ. मानसिंह यादव



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** संविधान दिवस पर आज समाजवादी पार्टी कार्यालय में गोष्ठी कर संविधान की महत्ता एवं इसे संरक्षित रखने, इसकी मर्यादा को बचाये रखने सहित अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेत रहने का संकल्प लिया गया। सपा नेताओं कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पर स्थापित ÷संविधान मान स्तम्भ ÷पर माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया।तदुपरान्त आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि संविधान ही पीडीए का प्रकाश स्तम्भ है। संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर को याद करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतान्त्रिक देश को संविधान रूपी ढाल देकर उन्होंने हर नागरिक कि शक्ति, सुरक्षा और दायित्व का बोध कराया है जिसके लिये उन्हें युगों युगों तक याद किया जायेगा। विधायक संदीप पटेल ने कहा कि आज सत्ता के संरक्षण में आम आदमी के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, यमुनापार अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिये समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा अखिलेश यादव के नेतृत्व में किया जा रहा संघर्ष जन आंदोलन का रूप ले चुका है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, पप्पूलाल निषाद, डॉ मानसिंह यादव, संदीप पटेल, नरेन्द्र सिंह, मुस्ताक काजमी, शांति प्रकाश पटेल, महबूब उस्मानी, मोईन हबीबी, जय शंकर भारतीय, राजबहादुर, डॉ राजेश, जगदीश यादव, नाटे चौधरी, अजीत यादव, मसाहद, मो सऊद, सचिन श्रीवास्तव, सुधीर निषाद,आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## डीएम ने दिलायी संविधान प्रस्तावना की शपथ

**आजमगढ़।** संविधान के 75 साल पूरे होने पर स्वतंत्रता के अमृत काल में संविधान दिवस 2024 के अवसर पर आज लोक भवन लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार आजमगढ़ में किया गया।इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार आजमगढ़ में जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी विनय कुमार गुप्ता एवं कलेक्ट्रेट के समस्त समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान दिवस के अवसर पर प्रस्तावना का पाठन कर शपथ दिलायी गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत का संविधान 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन में बहुत ही कठिन परिश्रम से तैयार हुआ। इसका मूल मंत्र न्याय, समानता और विविधता में एकता है। डॉ0 भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का जनक माना जाता है। वह भारत के संविधान के मुख्य वास्तुकार थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 75 वें संविधान दिवस पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन



**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग ने 75वें संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया। प्रो. नीलम कांत ने भारत का संविधान और मानव अधिकार: सिद्धांत और व्यवहार विषय पर व्याख्यान दिया। राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अंतर-महाविद्यालयीय निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान इलाहाबाद विश्वविद्यालय की निवेशिका यादव को मिला। द्वितीय पुरस्कार सौम्या यादव (सीएम पी डिग्री कॉलेज) और तृतीय पुरस्कार श्रद्धा तिवारी (ई सी सी) और सांत्वना पुरस्कार आदित्य मिश्रा (इलाहाबाद विश्वविद्यालय) ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन शेफाली दास अतिथि प्रवक्ता ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ कस्तूरी भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग की प्रॉफ़ नीलिमा मिश्रा, डॉ अंजलि शिवहरे, डॉ फ़ातिमा नूरी एवं डॉ अनुराग पांडेय उपस्थित रहे।

### केशव बोले, हार के बाद बौखला गए अखिलेश यादव



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। यहां पर उन्होंने बीते दिनों हुए उप चुनाव में बीजेपी की जीत पर सभी को बधाई दी। यहां उन्होंने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। केशव प्रसाद ने कहा कि उपचुनाव में सिर्फ़ सपा की हार नहीं बल्कि गुंडे और दंगाइयों की हार हुई है। हार के बाद से अखिलेश यादव बौखला गये हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लूट का ठेका अखिलेश यादव जी के पास है। 2027 में अखिलेश यादव सरकार बनाने का जो सपना देख रहे हैं वह सिर्फ सपना ही रह जाएगा। उन्होंने कहा कि गुंडे, माफिया और भ्रष्टाचारी यही सब सपा का दिल और किडनी हैं। समाजवादी पार्टी अब समाप्तवादी पार्टी बनने के कगार पर हैं। अखिलेश यादव झूठ बोलने की आटोमेटिक मशीन हैं। केशव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का इतिहास रहा है कि वह गुंडों और दंगाइयों को अपना हथियार बनाकर राजनीति करती आई है। अब 2047 तक ऐसे लोगों को सत्ता में आने का मौका नहीं मिलने वाला है।

### असहाय और गरीबों को बांटा गया निशुल्क भोजन



**प्रयागराज।** संस्था स्मार्टवैल्यू लिमिटेड और फील फ़ाउंडेशन की तरफ़ से जनपद प्रयागराज के कीडगंज नई बस्ती बोट क्लब मुख्य रोड के पास गरीब और असहाय लोगों के लिए निःशुल्क भोजन वितरण के कार्यक्रम का भव्य तरीके से आयोजन किया गया। दोनों ही संस्थाएं समय समय पर इस तरह के आयोजन करती रही हैं। आज का आयोजन भी इसकी एक कड़ी मात्र थी। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सब इंस्पेक्टर शिवम कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। संस्था के तरफ से ब्रांच मैनेजर सनोज सिंह, पंकज सिंह, एवं कंपनी के एसोसिएट महेश्वर राम, अनुराग कुमार, संगीता कैथवास, शुभम पटेल, श्रीकांत सिंह, रेनु पाल, सुशीला, सुहानी, राज भारतीय, रोमा सागर और रवि की उल्लेखित भूमिका रही।

### अयोध्या में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी हमीदिया कॉलेज की छात्राएं




**प्रयागराज।** जनपद स्तर पर चयनित हमीदिया गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं ने पी एएम श्री राजकीय इण्टर कालेज में आयोजित मण्डल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया। हमीदिया कॉलेज की सीनियर वर्ग की फात्मा अंसारी तथा शाबिका खातून एवं जूनियर वर्ग में आयशा कैस तथा अलीजा इसरार को प्रथम, फात्मा अरशद को द्वितीय तथा जैनब बानो, नादिया अंसारी, जिकरा हैदरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इचार्ज शीरीन आसिफ ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं अयोध्या में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। जो हमारे कालेज लिए गौरव की बात है। छात्राओं के प्रदर्शन पर प्रधानाचार्या हमीदा बानो, इचार्ज शीरीन आसिफ एवं नाजिश अनवर, बुशरा स्वालेह, खुशनुद्रा फारुखी, रुकसाना बेगम, फरहा उसमानी, शबीना खातून ने छात्रो के उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ बधाईयां दीं।

### सुभाष चौराहे पर छात्र सभा के नेताओं ने लगाया विवादित पोस्टर




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** संभल मे हुई हिंसा के बाद अब सियासी गलियारों से भी सियासत होने लगी है। संभल के बाद प्रयागराज में भी अब पोस्टर बैनर लगाने का सिलसिला शुरु हो गया है। समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस के सुभाष चौराहे पर पोस्टर लगा दिया। उस पोस्टर में हिंसा से भरे चित्र बनाये गये है।

पोस्टर लगाए जाने के बाद से सियासी गलियारों में हलचल बढ़ गयी। कुछ देर के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टर को निकलवा दिया। बता दें कि संभल में मस्जिद के सर्वे को लेकर हुई हिंसा के बाद समाजवादी पार्टी ने विवादित पोस्टर लगाते हुए प्रदेश सरकार पर कटाक्ष किया है। सपा छात्र सभा ने सिविल लाइन्स के सुभाष चौराहे पर पोस्टर लगा दिया। पोस्टर में लिखा था कि भाजपा का चुनावी मूल मंत्र गणतंत्र नहीं बल्कि गन तंत्र है। प्रभुता के आवेश में बौखलाया है सुल्तान और सांप्रदायिकता की आग में जल रहा है हिंदुस्तान। बीजेपी जनमत पर नहीं बल्कि गन मत पर विश्वास करती है। इतना ही नहीं पोस्टर में संभल हिंसा की तस्वीर लगाकर भाजपा की तानाशाही को दर्शाया गया है। पोस्टर लगाने की जानकारी जब पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टर को हटवा दिया। पुलिस के मुताबिक पोस्टर लगाने वालों की जांच की जा रही है कार्रवाई की जाएगी।

# सरकार लागू करें स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट : इम्तेयाग बेग

अवधनामा संवाददाता



- बारह सूत्री मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश किसान सभा का प्रदर्शन

**आजमगढ़।** किसान हितों से जुड़े बारह सूत्री मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले मंगलवार को डीएम कार्यालय के बाहर समीप प्रदर्शन किया गया। इसके बाद उत्तर प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंप कर किसान हित में आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग किया। इसके कुंवर सिंह उद्यान से जुलूस निकालकर डीएम कार्यालय परिसर के बाहर घेराबंदी की और जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी किया। प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग ने कहाकि वर्तमान में केंद्र व प्रदेश सरकार का कार्य केवल पूंजीपतियों के हित में हो रहा है जबकि किसान हित में आज तक सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए। स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू कर किसानों की समस्याओं का निदान किया जाए। किसानों के लिए सरकार का रूख हिटलर शाही वाला है जबकि पूंजीपतियों के साथ बड़ा दिल रख रही है। आज किसान, युवा, महिला सभी वर्ग का शोषण किया जा रहा है। मंत्री गुलाब चन्द्र मौर्य ने कहाकि कि स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट लागू की जाए, एमएसपी की सीटू प्लस 50 प्रतिशत खरीद मूल्य की गांरटी दी जाए, किसानों, मजदूरों, ग्रामीण दस्तकारों को दस हजार रूपया मासिक बूढ़ापे की पेंशन दी जाए, किसान आंदोलन के समय हुए समझौतों को लागू किया जाए, गन्ने का मूल्य 500 रूपए प्रति कुंतल दिया जाएं, किसानों को खेत तक नहर/ट्यूबेल का पानी आवश्यकता नुसार दिया जाए, किसान की फ़सल बाढ़ व सूखा से स्थायी रूप से बचाया जाए, छूट्टा व आवारा पशुओं से किसानों की खेती बचाई जाए, महंगाई पर रोक लगाया जाए किसानों के सभी कर्जे माफ किये जाए। जिलाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ ने कहाकि संगठन को मजबूत बनाकर सरकार को किसान हित में कार्य करने के लिए विवश करना होगा। सरकार किसानों व मजदूरों के बच्चे को सस्ती कृषिध्वैज्ञानिक शिक्षा और किसानों को खाद बीज तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

# संविधान दिवस पदयात्रा का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** नगर पंचायत माहुल के प्राथमिक विद्यालय प्रांगण परिसर में नेहरू युवा केंद्र आजमगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर पदयात्रा, विचार गोष्ठी एवं पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संविधान के 75 साल पूरे होने के अवसर पर संविधान दिवस पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पदयात्रा का उद्देश्य संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देना और युवाओं के बीच लोकतंत्र की प्रस्तावना और सिद्धांतों के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। इस पदयात्रा में नगर पंचायत माहुल के कार्यकारी अधिकारी श्री अवधेश मिश्रा, माहुल पुलिस चौकी से चौकी इंचार्ज श्री सुधी सिंह, श्री राकेश रंजन एवं अन्य शामिल हुए। पदयात्रा में युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और संविधान की उद्देशिका का पाठन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन माय भारत स्वयंसेवक बृजेश यादव ने किया। इस अवसर पर संजू देवी प्रधानाध्यापक एवं प्रमिला, माधुरी, समरीन, रिजवी, अमृता, अरुण यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# महाकुंभ के लिए स्वच्छता और सुरक्षा को पुख्ता करेंगे सीएम

- बुधवार को 238 करोड़ के स्वच्छता एवं सुरक्षा उपकरणों और परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री योगी
- प्रयागराज दौरे पर लगभग 50 करोड़ के टिपर, कॉम्पैक्टर समेत अन्य स्वच्छता उपकरण का करेंगे अनावरण

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 को भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रयासरत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 नवंबर को स्वयं यहां चल रही तैयारियों का जायजा लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री महाकुम्भ के लिए 238 करोड़ से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। इन परियोजनाओं में महाकुम्भ को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने वाले विभिन्न उपकरणों के साथ-साथ नगर निगम में नवनिर्मित कंट्रोल रूम का अनावरण भी शामिल है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री स्वच्छाग्रहियों एवं सफाईकर्मियों को यूनिफॉर्म किट तथा नाविकों को लाइफ जैकेट समेत विभिन्न योजनाओं से भी लाभान्वित करेंगे। इससे पूर्व सीएम योगी विभिन्न धार्मिक स्थलों में चल रहे विकास कार्यों का जायजा भी लेंगे। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार महाकुम्भ को स्वच्छ और सुरक्षित महाकुम्भ के तौर पर प्रस्तुत करने पर सर्वाधिक जोर दे रही है। इसी वजह से यहां विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जिसे सीएम स्वयं हरी झंडी दिखाएंगे। प्रयागराज दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इसमें सबसे पहले सीएम नगर निगम कार्यालय में स्वच्छता परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए नवनिर्मित कंट्रोल रूम का अनावरण करेंगे। कंट्रोल रूम के साथ ही अन्य परियोजनाओं और सफाई उपकरणों को भी सीएम द्वारा लोकार्पित किया जाएगा। इन सभी परियोजनाओं की लागत करीब 14 करोड़ रुपए होगी। इसके अतिरिक्त सीएम योगी परेड मेला क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में स्वच्छता उपकरणो (टिपर, कॉम्पैक्टर आदि) का भी अनावरण करेंगे, जिसकी कुल लागत 50.38 करोड़ रुपए है। यही नहीं, सीएम 173 करोड़ रुपए के फायर, जल पुलिस, रेडियो, यातायात के उपकरणो का भी अनावरण करेंगे। इस तरह सीएम योगी महाकुम्भ 2025 में सुरक्षा, स्वच्छाग्रहियों एवं गंगा सेवा दूतों के लिए 237.38 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इन उपकरणो के माध्यम से महाकुम्भ को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। एक तरफ सीएम योगी स्वच्छता और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं का अनावरण करेंगे तो दूसरी ओर वह महाकुम्भ को स्वच्छ बनाने में जुटे स्वच्छाग्रहियों व सफाई कर्मियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी करेंगे। इसके तहत सीएम योगी करीब 20 हजार स्वच्छाग्रहियों व सफाई मित्रों को यूनिफॉर्म किट तथा नाविकों को लाइफ जैकेट प्रदान करेंगे। इसी तरह, स्वच्छ कुम्भ कोष के अंतर्गत 15 हजार से अधिक कर्मियों (10 हजार कार्मिक, 3 हजार नविक और अन्य) को 5 से अधिक योजनाओं से भी जोड़ने का काम करेंगे। इन योजनाओं के तहत कर्मियों को बीमा प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर सीएम योगी समेत गणमान्य अतिथि स्वच्छ कुम्भ एवं स्वच्छ प्रयागराज की परिकल्पना की शपथ भी लेंगे।

## विकास कार्यों का करेंगे निरीक्षण

प्रयागराज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विभिन्न विकास कार्यों का जायजा भी लेंगे। इलाहाबाद विश्विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के अतिरिक्त वह नागवासुकि मंदिर में दर्शन भी करेंगे, जबकि दशाश्वमेध घाट, गंगा रिवर फ्रंट, गंगा नदी में हो रहे ड्रेजिंग कार्यों एवं पांटून पुलों के कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दृष्टिगत वह संगम नोज पर प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का भी निरीक्षण करेंगे, जबकि गूगल के साथ एमओयू का भी हस्तांतरण करेंगे। गूगल के साथ हुए इस करार के तहत पहली बार गूगल अपने नेवीगेशन में महाकुम्भ के लिए बनाए जा रहे अस्थायी शहर को शामिल करेगा, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को गूगल मैप की मदद से मेला क्षेत्र में प्रमुख धार्मिक स्थलों,घाटों एवं अखाड़ों तक पहुंचने में नेवीगेशन सहायक की भूमिका अदा करेगा।

## अकासा एयर ने यात्रा के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित किया

**लखनऊ।** एयरलाइन, अकासा एयर ने उद्योग जगत की पहली और अनूठी पेशकशों के ज़रिए विमानन के क्षेत्र का कायाकल्प करने का प्रयास किया है। अकासा एयर हमेशा अपने यात्रियों को सर्वाच्च प्राथमिकता देती है और आराम सुविधा और ग्राहक संतुष्टि नए मानक स्थापित करती है। आज के युग में यात्रा के अर्थ के प्रति एक सकारात्मक और निर्णायक विजन के साथ अकासा एयर ने यह अनूठी पहल की है। फ़्लाइट में लजीज भोजन से लेकर पेट-फ्रेंडली यात्रा जैसी अकासा एयर की पहल सर्व समावेशिता और सेवा उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। बेलसन कॉउटिन्हो, को-फाउंडर और चीफ मार्केटिंग एवं एक्सपीरियंस ऑफिसर, अकासा एयर ने कहा अकासा एयर में उच्चकोटि की सेवा हमारे कल्चर का महत्वपूर्ण स्तंभ और डीएनए का हिस्सा है। दो साल पहले हमने एक भरोसेमंद अनुभव का वादा किया था और हमें खुशी है कि अकासा की टीम ने अपने सुखद एवं शानदार उड़ान अनुभव से इस वादे को निभाया है। अकासा एयर में हमारे हर काम के केन्द्र में हमारे ग्राहक होते हैं और हम अकासा अनुभव का मजबूत आधार तैयार करने के लिए ग्राहकों के फीडबैक का निरंतर उपयोग करते हैं। आज हमारा ओहदा एक अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन का है और हमें अकासा के अनुभव और भारतीय आतिथ्य सत्कार को दुनिया के पटल पर रखने का गर्व और हर्ष दोनों है। अकासा एयर की समान अनुभूति एवं युवा शख्सियत, कर्मचारी-अनुकूल संस्कृति, ग्राहक-सेवा दर्शन और तकनीक से लैस नजरिया जैसी खूबियां इसे लाखों ग्राहकों की पसंदीदा एयरलाइन बनाते हैं। अपनी शुरुआत के बाद से, अकासा एयर ने उद्योग के अब तक के पहले और ग्राहक-अनुकूल पेशकशों द्वारा भारत में उड़ान को नए ढंग से परिभषित करने का प्रयास किया है।

**प्रतिबद्धता**

**फ़्लाइट में लजीज भोजन से लेकर पेट-फ्रेंडली यात्रा जैसी अकासा एयर की पहल सर्व समावेशिता और सेवा उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।**

उड़ान के दौरान शानदार और नया अनुभव हर एयरप्लेन में बोइंग स्काई इंटीरियर दिया गया है, जिसे मॉडर्न नक्काशीदार साइडवॉल, विंडो रिवील और एलईडी लाइटिंग द्वारा हाइलाइट किया गया है जो केबिन के अनुभव को और भी शानदार बनाते हैं। केबिन के अंदर, यात्रियों को नरम सीट कुशन और बड़ा लेगरूम मिलता है, जो इसके नवीन सीट डिज़ाइन द्वारा संभव हुआ है। इसके अधिकांश विमानों में उड़ान के दौरान उपकरणों को चार्ज करने के लिए यूएसबी पोर्ट दिए गए हैं।

इसके अलावा, विशाल ओवरहेड स्पेस बिन्स यह सुनिश्चित करते हैं कि 7 किलोग्राम तक के केबिन बैगेज को आराम से और सुरक्षित रूप से बोर्ड पर ले जाया जा सकता है। फ्रेश केबिन परिवेश एक आरामदायक माहौल और अधिक जगह का अहसास कराता है और यात्रा के अनुभव को मजेदार बनाता है।

## इफको के एमडी डॉ. उदय शंकर अवस्थी प्रतिष्ठित रोशडेल पायनियर्स अवार्ड 2024 से सम्मानित



**नई दिल्ली।** इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी को प्रतिष्ठित रोशडेल पायनियर्स अवार्ड 2024 प्रदान किया गया है। डॉ. वर्गीस कुरियन के बाद यह पुरस्कार पाने वाले डॉ. अवस्थी दूसरे भारतीय हैं। डॉ. कुरियन को वर्ष 2001 में यह पुरस्कार प्रदान किया गया था। रोशडेल पायनियर्स अवार्ड इंटरनेशनल कोऑपरेटिव अलायंस (आईसीए) द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। इस अवार्ड की शुरुआत वर्ष 2000 में हुई थी। इसका उद्देश्य एक व्यक्ति या विशेष परिस्थितियों में एक सहकारी संगठन को मान्यता देना है, जिसने नवीन और वित्तीय रूप से टिकाऊ सहकारी गतिविधियों में योगदान दिया है जिससे उनके सदस्यों को काफी लाभ हुआ है।केमिकल इंजीनियर डॉ. अवस्थी 1976 में इफको में नियुक्त हुए। उनके नेतृत्व में इस सहकारी संस्था ने अपनी उत्पादन क्षमता में 292त्न और शुद्ध संपत्ति में 688त्न की वृद्धि की। उनके नेतृत्व में इफको ने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में कदम रखा है, अपने व्यवसाय में विविधता लाई है और भारत के किसानों के लिए सफलतापूर्वक नवाचार और स्वदेशी नैनो उर्वरक विकसित किया है।आईसीए के अध्यक्ष एरियल ग्वार्को ने भारत में पहली बार आयोजित हो रहे आईसीए के वैश्विक सहकारी सम्मेलन में एक विशेष समारोह के दौरान 25 नवंबर को डॉ. अवस्थी को यह पुरस्कार प्रदान किया। इफको लिमिटेड आईसीए और केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की साझेदारी में आईसीए महासभा और वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 की मेजबानी कर रहा है।

## उन्नति कॉफी ने सस्टेनेबल एग्रीकल्चर और ईकोटूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ओडिशा के आदिवासी समुदायों के साथ साझेदारी की

**ओडिशा।** ओडिशा के कोरापुट जिले के पंजिशिल गांव में एक नई पहल आदिवासी समुदायों के जीवन में बदलाव ला रही है। प्रोजेक्ट 'उन्नति कॉफी', जो ढ्ढस्ङ्घक्र (इंटीग्रेटेड सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च सेंटर) और कोका-कोला इंडिया के बीच साझेदारी है, 500 किलोमीटर दूर भुवनेश्वर से स्थित इस गांव में 45 परिवारों को स्थायी आय का स्रोत प्रदान कर रही है। यह पहल सस्टेनेबल कॉफी फॉर्मिंग और इकोटूरिज़्म को जोड़कर आदिवासी समुदाय की आर्थिक स्थिति सुधारने के साथ-साथ गांव की जैव विविधता को संरक्षित कर रही है। यह अभिनव तरीका समुदाय की सशक्तिकरण और पर्यावरणीय देखभाल पर आधारित नए आर्थिक विकास का मॉडल बना रहा है।

अवसरों को पहचानते हुए ढ्ढस्ङ्घक्र ने परोजा जनजाति के साथ काम करना शुरू किया और उन्होंने ईकोटूरिज्म के साथ कॉफी की सस्टेनेबल खेती को शामिल किया। हमने गांववालों को प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किए ताकि वे अपनी गांव के चारों ओर के जैव विविधता से भरपूर भूमि पर कॉफी की स्थायी खेती कर सकें। युवा आदिवासियों को गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया गया, और अब वे कॉफी बागानों और जंगल के रास्तों के माध्यम से ट्रेकिंग का नेतृत्व करते हैं, यात्रियों को कॉफी खेती के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। आदिवासी परिवारों ने अपनी घरों के द्वार आगंतुकों के लिए खोल दिए, पारंपरिक भोजन और रातभर ठहरने की व्यवस्था की, जिससे संस्कृतियों के बीच एक सेतु बना और गांव के लिए एक स्थिर आय का स्रोत भी प्रदान हुआ।



पीयूष रंजन मिश्रा, सीईओ, ढ्ढस्ङ्घक्र का कहना है÷ ÷प्रोजेक्ट उन्नति कॉफी ने न केवल जीवनयापन को बेहतर बनाया है, बल्कि समुदाय को स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित भी किया है। इकोटूरिज्म के साथ कॉफी खेती को जोड़कर, हमने पंजिशिल में एक बड़ा बदलाव देखा है। यह पहल उत्पादकता और गुणवत्ता को बढ़ा रही है, किसान उत्पादक संगठन को मजबूत कर रही है, और मजबूत बाजार संबंध बना रही है। हम मिलकर एक ऐसा मॉडल बना रहे हैं जो न केवल किसानों बल्कि पूरे स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद है।

## सेट वेट ने हेयरस्टाइलिंग के लिये आपकी भरोसेमंद गाइड



पुरुषों की ग्रूमिंग में एक जाने-माने ब्रांड सेट वेट ने मशहूर हेयरस्टाइलिस्ट आलिम हाकिम के साथ मिलकर एक नई वीडियो सीरीज़ 'सेट वेट × आलिम आंसर्स' शुरू की है। इस सीरीज़ में आज के युवाओं के हेयरस्टाइलिंग से जुड़े आम सवालों का आसान और जानकारीपूर्ण तरीके से जवाब दिया गया है। परफेक्ट लुक हासिल करने से आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलती है, कभी-कभी लोगों को बड़ी मुश्किल आती है कि वो कैसे अपने पसंद की स्टाइल बनाएं। खासकर युवाओं के लिए सही प्रोडक्ट चुनना, ट्रेंड्स को समझना और सही हेयरस्टाइल का चुनाव करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सेट वेट × आलिम आंसर्स सीरीज़ का मकसद हेयरस्टाइलिंग को आसान बनाना है, जहां हेयरस्टाइलिंग से जुड़े सामान्य सवालों का जवाब दिया जाएगा - जैसे प्रोडक्ट सुझाव और स्टाइलिंग तकनीकें। आलिम के विशाल अनुभव और विशेषज्ञता से दर्शकों को अपनी हेयरस्टाइलिंग रूटीन को बेहतर तरीके से समझने और अपनाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। नई वीडियो सीरीज़ के लॉन्च पर, प्रसिद्ध हेयरस्टाइलिस्ट आलिम हाकिम ने कहा, आज की इमेज-केन्द्रित दुनिया में, हर कोई अपने सबसे बेहतरीन लुक में दिखना चाहता है। हेयरस्टाइलिंग आत्मविश्वास बढ़ाने का एक प्रभावशाली तरीका हो सकता है जिससे लोग उन पलों को पूरी तरह से जी सकें जो उनके लिए मायने रखते हैं। लेकिन बहुत से युवा हेयरस्टाइलिंग प्रोडक्ट्स को लेकर असमंजस में रहते हैं। सेट वेट × आलिम आंसर्स उन्हें सही प्रोडक्ट्स का चुनाव करने और बेहतरीन हेयरस्टाइल के बारे में समझने में मदद करता है।

## मर्क्यूरी ट्रेड लिंक्स का राइट्स इश्यू 5 दिसम्बर तक खुला रहेगा

**लखनऊ।** कृषि उत्पादों के कारोबार में लगी अहमदाबाद स्थित मर्क्यूरी ट्रेड लिंक्स लिमिटेड का सात नवंबर को खुले 48.95 करोड रूपए का राइट्स इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए 5 दिसम्बर तक खुला रहेगा। राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को निधि देने के लिए, इश्यू के खर्च और सामान्य कॉर्पोरेट में इस्तेमाल के लिए प्रयोग किया जाएगा। कंपनी का राइट्स इश्यू 6 नवंबर को 60.43 रूपए प्रति शेयर के बंध कीमत की तुलना में 44.95 रूपए प्रति शेयर की कीमत पर पेश किया गया था। यह दूसरा राइट्स इश्यू है। इस साल मार्च में कंपनी 9.90 करोड रूपए जुटाने के लिए 40.00 रूपए प्रति शेयर की कीमत पर पहला राइट्स इश्यू लाई थी। कंपनी 10 रूपए अंकित मूल्य के 1,08,90,000 पूर्ण रुप से भुगतान वाले इक्विटी शेयर नकद में 44.95 रूपए प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर जारी करेगी, जिसका कुल मूल्य 48.95 करोड रूपए होगा। प्रस्तावित इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 4¬1 पर तय किया गया है (यानि की रिकॉर्ड तिथि 24 अक्टूबर, 2024 को इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 पूर्ण भुगतान वाले इक्विटी शेयर के लिए रु. 10 के अंकित मूल्य के 4 राइट्स इक्विटी शेयर)। ऑन-मार्केट अधिकार अधिकारों के त्याग की अंतिम तिथि 29 नवंबर तक है। 48.95 करोड रूपए की इश्यू आय में से, कंपनी 36.94 करोड रूपए कार्यशील पूंजी की आवश्यकता के लिए 25 लाख रुपए राइट्स इश्यू खर्चों के लिए और 11.76 करोड रूपए सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग करने का इरादा रखती है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कर्नाटक की जीवंत विविधता और विरासत के शानदार उत्सव के साथ नम्मा कन्नड़ हब्बा 2024 मनाया

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने नम्मा कन्नड़ हब्बा 2024 का आयोजन किया। यह कर्नाटक की जीवंत संस्कृति, परंपराओं और विरासत को प्रदर्शित करने वाला एक भव्य समारोह था जो विविधता थीम पर आधारित है। इस वर्ष की थीम ने लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने में कंपनी की उल्लेखनीय प्रगति को रेखांकित किया। कंपनी की महिला कर्मचारियों का अनुपात में पिछले वर्ष के 2त्न की तुलना में बढ़कर 10त्न हो गया है। इसकी एक खासबात टीकेएम की विशेष सभी महिला (एक्सक्लूसिव ऑल वीमेन) टीम की घोषणा थी जो ग्लोबल टोयोटा एकिडेन मैराथन 2024 में भाग लेने के लिए तैयार है। यह समान अवसरों को बढ़ावा देने और कार्यस्थल में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समावेशिता के प्रति अपने समर्पण को और मजबूत करते हुए, टीकेएम के प्रबंध निदेशक और सीईओ, तथा टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन, जापान के लिए भारत, मध्य पूर्व, पूर्वी एशिया और ओशिनिया के क्षेत्रीय सीईओ श्री मसाकाजू योशिमुरा ने दिव्यांगों को धीरे-धीरे कार्यबल में शामिल करने की योजना की घोषणा की। यह पहल टीकेएम के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसमें एक ऐसा कार्यस्थल बनाना है, जहां विविधता और समावेशिता नवाचार और विकास को बढ़ावा देती है, जिससे यह वास्तव में प्रगतिशील और समुदाय-केंद्रित संगठन बन जाता है।

## टियर-2 और टियर-3 शहरों में ऑनलाइन मोटर इंश्योरेंस खरीदारों की संख्या में वृद्धि

**लखनऊ।** पॉलिसीबाजार के आकंड़ों के अनुसार पिछले 3 सालों में टियर-2 और टियर-3 शहरों में ऑनलाइन मोटर इंश्योरेंस खरीदने वाले ग्राहकों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। टियर-1 शहरों में पिछले तीन सालों में यह वृद्धि 35% हुई है, जो मेट्रो शहरों में डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर उनके विश्वास को दर्शाती है। वहीं डिजिटल सुविधाओं की बढ़ती पहुंच, बेहतर इंटरनेट और किफायती ऑनलाइल इंश्योरेंस पॉलिसी के प्रति बढ़ती जागरूकता से टियर-2 शहरों में यह वृद्धि 70% हुई है। इसके अलावा टियर-3 शहरों में यह वृद्धि सबसे अधिक 110% हुई है, जिसका मुख्य श्रेय इंश्योरेंस कंपनियों के वंचित क्षेत्रों तक पहुंचने के प्रयासों को जाता है, जिन्होनें इन क्षेत्रों के बीच ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लोगों के विश्ववास को बढ़ाया है।पारस पसरिचा, हेड-मोटर इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम ने कहा,टियर-2 और 3 शहरों में ऑनलाइन इंश्योरेसं खरीदने वाले ग्राहकों की संख्या बहुत अधिक बढ़ी है। हालांकि ऑनलाइन मोटर इंश्योरेंस खरीदने वाले शहरों में मैट्रो शहर सबसे आगे ह, लेकिन टियर-2 और 3 शहरों में भी लोकप्रियता काफी बढ़ रही है। दिल्ली में यह आकंड़ा 8.1% है, जो ऑनलाइन इंश्योरेंस खरीदारी में मैट्रो शहरों की मजबूत स्थिती को दर्शाता है। वहीं बेंगलुरु में यह संख्या 4.4% और मुंबई में 2.1% है, जो शहरी क्षेत्रों में डिजिटल रूप से जागरूक ग्राहकों की मजबूत उपस्थिति को दर्शाता है। पुणे (1.9%)और लखनऊ (1.9%) जैसे उभरते शहरों के आकंड़े भी ऑनलाइन इंश्योरेंस खरीदारी में इनकी बढ़ती रूचि को साफ तौर पर दिखाते हैं। ऑनलाइन इंश्योरेंस में कुछ कार मॉडल बेहद लोकप्रिय हैं, जो डिजिटल ग्राहकों की पसंद को दर्शाते हैं। मारुति-वैगन आर और मारुति-स्विफ्ट 5.9% हिस्सेदारी के साथ टॉप पर हैं। हुंडई i20 (4.4%) और मारुति बलेनो (4.3%) किफायती कीमत और प्रीमियम फीचर्स का संतुलन पेश करते हैं। वहीं, मारुति ऑल्टो (4.2%) यह दिखाती है कि बड़े बाजार के लिए बनाई गई गाड़ियां भी ऑनलाइन इंश्योरेंस क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## अमेज़न.इन ने ग्राहकों के लिए पेश किया विंटर वेलनेस स्टोर

**लखनऊ।** अमेज़न.इन ने ग्राहकों के लिए खासतौर पर विंटर वेलनेस स्टोर पेश किया है। डाबर द्वारा प्रायोजित यह स्टोर आने वाले सर्दी के महीनों की तैयारी करने के लिए ग्राहकों की मदद करेगा। ग्राहक कम कीमत पर विंटर केयर से जुड़े जरूरी प्रोडक्ट के विशाल संग्रह में से अपने पसंदीदा प्रोडक्ट की खरीदारी कर सकते हैं। यहां उपलब्ध कराए गए सभी प्रोडक्ट अमेजन की तेज़ और विश्वसनीय डिलीवरी के साथ ग्राहकों के घर पर उपलब्ध कराए जाएंगे। विंटर वेलनेस स्टोर में इंटरनेशनल और भारतीय दोनों प्रकार के ब्रांडों के किराना, बेबी आइटम, पेट केयर, हेल्थ एवं पर्सनल केयर प्रोडक्ट जैसी कैटेगरी के प्रोडक्ट की विशाल रेंज उपलब्ध कराई गई है। इस स्टोर के प्रायोजक डाबर के साथ, ग्राहक कपिवा, कोफोल, क्विक, बैद्यनाथ असली आयुर्वेद, हॉर्लिक्स और केरल आयुर्वेद सहित टॉप ब्रांडों के विंटर केयर से जुड़े ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। यहां उपलब्ध ऑफर्स में चुनिंदा विंटर हेल्थ केयर और किराने के सामान पर 45प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। तो, आप किस बात का इंतज़ार कर रहे हैं? अभी अमेज़न.इन के विंटर वेलनेस स्टोर पर जाएं और इन सबसे ज़्यादा बिकने वाले सर्दियों के प्रोडक्ट को अपनी कार्ट में शामिल करें: हेल्थ केयर से जुड़े टॉप प्रोडक्ट के साथ अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं और सुकून से रहें: डाबर च्यवनप्राश अवलेह- इस बार सर्दी में गुड़ और 40 से अधिक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से भरपूर डाबर च्यवनप्राश के साथ अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं। 3 गुना ज़्यादा रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करने वाले इस प्रोडक्ट में रिफ़ाइंड शुगर का प्रयोग नहीं किया गया है। यह बेहतर सेहत के लिए मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है। बैद्यनाथ असली आयुर्वेद च्यवनप्राश स्पेशल- बैद्यनाथ च्यवनप्राश स्पेशल के साथ इस सर्दी के मौसम में रोगों से मुकाबला करने की अपनी क्षमता और ऊर्जा को बढ़ाएं। आंवला और अश्वगंधा सहित 47 आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के मिश्रण से बना यह च्यवनप्राश आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है और सर्दी से सुरक्षित रखता है।

## लोरेंजो सर्चेज फॉर द मीनिंग ऑफ लाइफ ने साहित्य के लिए जेसीबी पुरस्कार जीता



**लखनऊ।** स्पीकिंग टाइगर बुक्स द्वारा प्रकाशित उपमन्यु चटर्जी द्वारा लिखित लोरेंजो सर्चेस फॉर द मीनिंग ऑफ लाइफ को साहित्य के लिए 2024 जेसीबी पुरस्कार के विजेता के रूप में घोषित किया गया है, और 25 लाख रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह कार्यक्रम जेसीबी इंडिया मुख्यालय, बल्लभगढ़ में आयोजित किया गया था। प्रतिष्ठित ट्रॉफी, जो दिल्ली के कलाकार जोड़ी, ठुकराल और टैगरा द्वारा बनाई गई एक मूर्ति है, जिसका शीर्षक शिमरर मेल्टिंगश् है, उपमन्यु चटर्जी को प्रदान की गई। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जेसीबी के चेयरमैन लॉर्ड बैमफोर्ड की ओर से जेसीबी इंडिया के सीईओ और एमडी श्री दीपक शेट्टी द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए, श्री दीपक शेट्टी ने कहा, साहित्य के लिए जेसीबी पुरस्कार की परिकल्पना लॉर्ड बैमफोर्ड द्वारा भारतीय साहित्य की भारतीयता का जश्न मनाने के लिए की गई थी। पिछले कुछ वर्षों में इस पुरस्कार ने कुछ सबसे विविध कार्यों को आकर्षित किया है और यह वर्ष भी कुछ अलग नहीं है। उन्होंने इस मौके पर पूरे जेसीबी परिवार की ओर से उपमन्यु चटर्जी की लोरेंजो सर्चेस फॉर द मीनिंग ऑफ लाइफ को बधाई दी। शेट्टी ने कहा की क्षेत्रीय भाषाओं में समकालीन भारतीय साहित्य में पाठकों को देने के लिए बहुत कुछ है। प्रकाशक उच्च-गुणवत्ता वाले अनुवादों का समर्थन करने और उन्हें बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ताकि ये कार्य पुराने और युवा दोनों पाठकों के लिए उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप प्लेटफार्मों के माध्यम से पहुंच योग्य हों। लेखन और साहित्य उपभोग दोनों के प्रति भारत का विकसित दृष्टिकोण भविष्य में कुछ रोमांचक पढ़ने के अनुभवों का वादा करता है।

## 12वें जागरण फिल्म महोत्सव के शुरू होने के साथ दिल्ली बनीं फिल्म कैपिटल

**नई दिल्ली।** फिल्म महोत्सवों ने हमेशा सिनेमाई उत्कृष्टता का जश्न मनाने और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनमें से जागरण फिल्म महोत्सव जागरण प्रकाशन समूह की एक ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया है, जो सिनेमा की यूनिवर्सल भाषा के माध्यम से विविध संस्कृतियों को एकजुट करने के लिए समर्पित है। अब अपने 12वें संस्करण में पहुंच चुका यह फिल्म महोत्सव दुनिया का सबसे बड़ा ट्रैवलिंग फिल्म फेस्टिवल सभी के लिए अच्छे सिनेमा का जश्न मनाने की अपनी परंपरा को कायम रखे हुए है। खास बात यह है कि जेएफएफ का उद्घाटन भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने देश की राजधानी नई दिल्ली के सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में किया गया है। 4,787 प्रस्तुतियों के प्रभावशाली पूल में से 292 उत्कृष्ट फिल्में, फीचर, शॉर्ट्स और वृत्तचित्र चुने गए हैं, जो 78 भाषाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं और 111 देशों की विविधता की समृद्धि को प्रदर्शित करते हैं। यह महोत्सव 100 दिनों में 11 राज्यों में यात्रा करेगा, जो इसकी अद्वितीय पहुंच और समावेशिता को उजागर करता है। इस सीजन में जागरण फिल्म फेस्टिवल 18 शहरों की यात्रा कर रहा है, जिसकी शुरुआत दिल्ली में अपने भव्य उद्घाटन से होगी और यह प्रयागराज, वाराणसी, रायपुर, रांची, इंदौर, सिलीगुड़ी, कानपुर, लखनऊ, आगरा, मेरठ, गोरखपुर, पटना, लुधियाना, देहरादून, हिसार और दरभंगा जैसे प्रमुख स्थानों से होते हुए मुंबई में एक भव्य समापन समारोह के साथ समाप्त होगा।

## शणगार डेकोर का 49.35 करोड रूपये का राइट्स इश्यू छह दिसंबर को होगा बंद

**लखनऊ।** डेकोर सर्विसीस की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने वाली कंपनी शणगार डेकोर लिमिटेड (बीएसई-540259) का 49.35 करोड रूपये का राइट्स इश्यू 8 नवंबर को सदस्यता के लिए खोला गया था। राइट इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताएं, इश्यू के खर्च और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश को निधि देने के लिए किया जाएगा। कंपनी का राइट इश्यू 21 नवंबर को 10.08 रूपये प्रति शेयर के बंध भाव की तुलना में 5.76 रूपये प्रति शेयर की कीमत पर पेश किया गया है। राइट्स इश्यू 6 दिसंबर को बंद होगा। राइट्स एंटाइटेलमेंट के ऑन-मार्केट अधिकारों के त्याग की अंतिम तिथि 29 नवंबर है। कंपनी के राइट इश्यू में भाग लेने के लिए निवेशक बाजार से राइट्स एंटाइटेलमेंट भी खरीद सकते हैं। कंपनी पांच रूपये अंकित मूल्य के 8,56,82,800 पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर नकद में 5.76 रूपये प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर जारी करेगी, जिसका मूल्य कुल मिलाकर 49.35 करोड रूपये होगा।

ह्यप्रस्तावित इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 7:1 पर तय किया गया है (रिकॉर्ड तिथि 28 अक्टूबर, 2024 को इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 पूर्ण भुगतान वाले इक्विटी शेयर के लिए 5 रूपये के अंकित मूल्य के 7 राइट्स इक्विटी शेयर)। राइट्स एंटाइटेलमेंट के ऑन-मार्केट अधिकार अधिकारों के त्याग की अंतिम तिथि 29 नवंबर है। 49.35 करोड रूपये की इश्यू आय में से, कंपनी 37.81 करोड रूपये कार्यशील पूंजी की आवश्यकता के लिए 25 लाख रूपये राइट्स इश्यू खर्च के लिए और 11.29 करोड रूपये सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग करने का इरादा रखती है।

## ऑलकार्गो गति एयर एक्सप्रेस ने इम्फाल और वाराणसी के लिए सबसे तेज सीधी डिलीवरी सेवाएं शुरू की

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख एक्सप्रेस डिस्ट्रिब्यूशन एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट कंपनी ऑलकार्गो गति लिमिटेड ने अपनी एयर एक्सप्रेस सर्विस के जरिए मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई और कोलकाता जैसे प्रमुख मेट्रो शहरों से इम्फाल और वाराणसी के लिए सबसे तेज सीधी डिलीवरी सेवाएं (फास्टेस्ट डायरेक्टर डिलीवरी सर्विसेज) शुरू की है।ऑलकार्गो गति लिमिटेड के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर उदय शर्मा ने कहा, ÷इम्फाल और वाराणसी तक हमारी एयर एक्सप्रेस सर्विस का विस्तार भारत में बढ़ते बाजार परिदृश्य को सपोर्ट करने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है। मेट्रो शहरों तक त्वरित सीधी डिलीवरी सेवा से ऐसे शिपमेंट की जल्द डिलीवरी सुनिश्चित हो पाती है, जिनका समय पर पहुंचना जरूरी होता है। इससे व्यवसायों को परिचालन दक्षता में सुधार करने, सप्लाई चेन से जुड़ी बाधाओं को कम करने और इंवेंट्री से जुड़ी लागत में कमी लाने में मदद मिलती है। त्वरित और अधिक विश्वसनीय डिलीवरी सुनिश्चित करके हमारी एयर एक्सप्रेस सर्विस भारतीय व्यवसायों को उनकी पहुंच बढ़ाने, ऑपरेशन्स को ऑप्टिमाइज करने और आज के गतिशील बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक रूप से आगे बढ़ने में मदद कर रही है। इस तरह ऑलकार्गो गति देश के प्रमुख शहरों से इम्फाल तक हवाई मार्ग के जरिए सीधी डिलीवरी सेवाएं प्रदान करने वाली भारत की अग्रणी एक्सप्रेस लॉजिस्टिक कंपनियों में से एक है। एयर एक्सप्रेस सर्विस का विस्तार कम टर्नअराउंड टाइम के साथ तेज कनेक्विटी, अधिक कुशल लॉजिस्टिक सॉल्यूशन, भारत में व्यवसायों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने की कंपनी की प्रतिबद्धता में शामिल है।एयर एक्सप्रेस सर्विस देश के 34 वाणिज्यिक हवाई अड्डों से सीधे तौर पर जुड़ा है। इससे इंडस्ट्री स्टैंडर्ड से भी जल्द डिलीवरी सुनिश्चित हो पाती है।

## इस बाल दिवस पर हिंदुस्तान पेंसिल्स लाया है 10,000 से अधिक गरीब बच्चों के लिए खुशियों की सौगात



**लखनऊ।** बाल दिवस के मौके पर, भारत के स्टेशनरी उद्योग में प्रमुख, हिंदुस्तान पेंसिल्स, ने एक पहल की शुरुआत की और इस पहल से पूरे भारत के 10,000 से अधिक गरीब बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इस महत्वपूर्ण कैंपेन के माध्यम से, इस कंपनी ने शैक्षिक विकास को बढ़ावा देने और युवाओं के उत्थान के लिए उन्हें आवश्यक स्टेशनरी प्रदान करने के साथ ही आकर्षक गतिविधियां भी आयोजित करीं।

शिक्षा में सहायता करने और समानता को बढ़ावा देने के लिए हिंदुस्तान पेंसिल्स की प्रतिबद्धता इस पहल का मुख्य भाग है। हिंदुस्तान पेंसिल्स के अध्यक्ष, श्री प्रदीप उघाड़े ने कहा, हमारा मानना है कि हर बच्चे को बड़े सपने देखने का मौका मिलना चाहिए, चाहे परिस्थिति कैसी भी हो। इन बच्चों को शिक्षा का सामान उपलब्ध कराके और इनसे जुड़कर, हमें उम्मीद है कि हम इनका सामर्थ्य और आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं। इन बच्चों के उत्साह से हमें प्रेरणा मिलती है और इनकी मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत हो जाती है। इस पहल के एक हिस्से के रूप में, इस कंपनी की टीम ने बच्चों को एक मजेदार और प्रभावशाली अनुभव देने के उद्देश्य से इंटरैक्टिव सेशन, क्रिएटिव वर्कशॉप और खेलों की व्यवस्था की।

## जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, लखनऊ ने की ओजस'24 की घोषणा; संस्कृति, संगीत, नेतृत्व एवं रचनात्मकता का भव्य जश्न

**लखनऊ।** देश के प्रमुख शिक्षा संस्थानों में से एक जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, लखनऊ ने अपने सालाना फेस्ट ओजस'24 की वापसी की घोषणा की है।

ओजस'24 की थीम है 'नाइन्टीज़ नॉस्टेल्जिया' एक यात्रा जो 1990 के सुनहरे दौर में ले जाती है। यह थीम उस दशक की मशहूर फिल्मों, संगीत एवं कार्टून का जश्न मनाती है। दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे से लेकर इंडीपॉप हिट्स और दर्शकों के पसंदीदा क्लासिक जैसे टॉम एण्ड जैरी तक, यह फेस्ट उपस्थितगणों को कैसेट टेप, वीसीआर और झनकार बीट्स की दुनिया में ले जाएगा तथा आज के दौर की वाइब्रेन्ट एनर्जी को नई परिभाषा देगा। ओजस संस्थान का प्रमुख आयोजन है, जो संस्कृति, संगीत, नेतृत्व एवं रचनात्मकता का जश्न मनाता है। यह संस्कृति के आदान-प्रदान के लिए बेहतरीन मंच है जो छात्रों एवं उपस्थितगणों को यादगार अनुभव प्रदान करता है।



'जयपुरिया लखनऊ ओजस 2024 के साथ नब्बे के दशक के जादू को फिर से जगाने के लिए तैयार है। यह उभरती प्रतिभा को अपनी क्षमता एवं रचनात्मकता दर्शाने का मौका देगा तथा इनोवेशन एवं सौहार्द्र के साथ यादगार अनुभव प्रदान करेगा।' डॉ कविता पाठक, डायरेक्टर, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, लखनऊ ने कहा। ओजस का हर संस्करण पिछले साल की सफलता के साथ उत्कृष्टता की धरोहर को आगे बढ़ाता है। पिछले सालों के दौरान ओजस ने जाने-माने कलाकारों, दिग्गजों एवं उत्साही दर्शकों को खूब लुभाया है। पिछले साल के संस्करण में अर्जुन कानूनगो ने अपने मनमोहक परफोर्मेन्स के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 2024 में भी ओजस ऐश किंग के स्टार परफोर्मेन्स तथा डीजे अवी की डीजे नाईट के साथ दर्शकों के लिए यादगार जश्न ला रहा है। '90 के दशक के मशहूर मुवी कैरेक्टर्स एवं कार्टून्स से प्रेरित इस साल का कार्यक्रम दर्शकों को इस जादू का अनुभव पाने के लिए आमंत्रित करता है। ओजस दर्शकों के साथ-साथ छात्रों को भी उनकी रचनात्मकता के प्रदर्शन का मौका देता है।

# ट्रेन की पटरी पर जाकर कट-मर जाओ सरकारी जमीन खाली करना पड़ेगा

## कई दशकों से सरकारी जमीन पर रहने वाले 16 परिवारों को नोटिस


नोटिस चस्पा के दौरान तहसीलदार व सीओ खड्डा


ग्रामीणों के घर पर चस्पा की गई नोटिस

अवधनामा ब्यूरो

**खड्डा तहसील क्षेत्र के रामपुर गोनहा का मामला**

**कुशीनगर।** खड्डा तहसील क्षेत्र के रामपुर गोनहा में सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले 16 लोगों को तहसील प्रशासन ने नोटिस दिया है। इसके साथ ही विधिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। गांव में लगभग 39 एकड़ सरकारी भूमि है। इस जमीन पर कुछ लोगों को सरकारी पट्टा मिला है।

कई लोग कब्जा कर घर बना लिए हैं। अब इस जमीन पर मंडी बनाने का प्रस्ताव आया है। मंडी बनाने के लिए लगभग पांच एकड़ जमीन की जरूरत है। तहसील प्रशासन इस जमीन पर मंडी बनवाना चाहता है। नोटिस में कहा गया है कि तीन दिन में सरकारी जमीन अतिक्रमण खाली कर दें। अन्यथा संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार महेश कुमार ने बताया कि रामपुर गोनहा में सरकारी जमीन पर लगभग 16 से अधिक लोगों का अतिक्रमण है। उन्हें जमीन खाली करने का नोटिस जारी किया गया। खाली नहीं करने वालों पर कार्रवाई होगी। उधर ग्रामीण मंशा देवी, इमामुद्दीन, हाफिजुल्लाह, कैलाश गुप्ता, निरंजन सिंह आदि का कहना है कि प्रधान द्वारा पीएम आवास, शौचालय, सड़क आदि सबकुछ बनवाया गया है। हम लोग पचास साल से यहां रह रहे है। अचानक तहसील प्रशासन द्वारा सबके घर नोटिस चस्पा किया जाने लगा। हम लोग कर्ज लेकर भी घर बनवाएं है। हम लोग यह जमीन छोड़कर नहीं जाएंगे। नोटिस चस्पा करने गए तहसीलदार के साथ सीओ का बयान सुनकर ग्रामीण आक्रोश में है। आरोप है कि सीओ ने कहा कि बगल में ट्रेन की पटरी है जाकर जान दे दे दो, मर जाओ, लेकिन सरकारी जमीन खाली करनी पड़ेगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी खड्डा के इस बयान पर ग्रामीण आक्रोश में है।

## कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया गया संविधान दिवस, छह सफाईकर्मी सम्मानित

# भारत का संविधान हर वर्ग को एक समान अधिकार देता है : मोहन वर्मा

अवधनामा ब्यूरो


संविधान दिवस पर सफाईकर्मियों को सम्मानित करते विधायक व डीएम

**कुशीनगर।** संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम दौरान विधायक हाटा, रामकोला के साथ जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठन किया गया। विधायक हाटा मोहन वर्मा ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान लागू किया गया जिसे आज केंद्र व राज्य सरकार संविधान दिवस हर्षोल्लास से मना रही है। भारत के संविधान में हर वर्ग के लोगों को एक सामना अधिकार मिल रहा है। आज प्रदेश के सभी जनपदों में स्वच्छता के प्रति प्रशस्ति पत्र वितरण किया जा रहा है, जिसके क्रम में कुशीनगर जनपद में भी 6 सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया है। विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौंड ने कहा कि हमारा संविधान भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। आज सभी भारतवासी स्वतंत्र रूप से श्वास ले रहे हैं ये भीमराव अंबेडकर की ही देन है। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि आज ही के दिन 1949 को संविधान अर्पित की गई थी, हमारा संविधान आर्थिक समानता समरसता का व हर वर्ग को एक समान अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि आज गरीब से गरीब व्यक्ति भी देश का सबसे बड़े पद का सपना देख सकता है ये हमारे संविधान की अभूतपूर्व भूमिका है, देश का विभाजन हुआ और हम लगातार आगे की तरफ बढ़ते गए और लोग हमसे जुड़ते रहे। डॉ. भीमराव अंबेडकर का जो सपना था हम उसी भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार, उप जिलाधिकारी मो. जफर, डीडीओ, परियोजना निदेशक, डीपीआरओ, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कलेक्ट्रेट के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समस्त थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा चलाया गया मिशन शक्ति फेज-5 अभियान

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक, देवरिया श्री संकल्प शर्मा के कुशल निर्देशन में तथा श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्रनाथ चौधरी के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित मिशन शक्ति पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु थाना रुद्रपुर की मिशन शक्ति टीम उ0नि0 झिन्नेलाल पासवान, का0 विद्यासागर, म0का0 कंचन यादव द्वारा प्राइमरी विद्यालय अकटहिया मटियारी थाना रुद्रपुर की छात्राओं सहित विभिन्न स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओं/ बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं सम्बन्धित पंपलेट वितरित करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। थाना खुखुन्दू की मिशन शक्ति टीम महिला आरक्षी शशिकिरन व आरक्षी शान्ति कुशवाहा द्वारा थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं/ बालिकाओं से सकारात्मक चर्चा कर वीडियो के माध्यम से गुड टच, बैड टच के बारे में, 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन आदि के विषय में जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किया गया। थाना भलुअनी की मिशन शक्ति टीम म आरक्षी पूनम सिंह और म आरक्षी प्रियंका मौर्या द्वारा भलुअनी कस्बे में महिलाओं/ बालिकाओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ, वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन सहित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों तथा उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए पंपलेट वितरिक कर जागरुक किया गया इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/ बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108- एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया।

# नींद से जगा विभाग तो 45 बोरी अवैध खाद जप्त, गोदाम सील

अवधनामा संवाददाता


अवैध रुप से रखी खाद का सैंपलिंग करते खाद विभाग के अधिकारी

**बोदरवार, कुशीनगर।** जिला कृषि अधिकारी डॉ मोनिका के निर्देश पर गठित कृषि विभाग की टीम ने बोदरवार बाजार स्थित खाद गोदाम के एक ठिकाने पर आईपीएल कम्पनी के प्लास्टिक बोरे में अवैध रूप से रखा खाद पकड़कर टीम ने खाद के बोरे का सैम्पलिंग लेकर गोदाम को सीज कर दिया है।

मंगलवार को विकास खण्ड कप्तानगंज के बोदरवार बाजार में उर्वरक विक्रेताओं द्वारा ऊंचे दाम पर की जा रही खाद की विक्री तथा नकली खाद की लगातार शिकायत के मद्देनजर जिला कृषि अधिकारी डॉ मोनिका ने तड़के मंगलवार को अपर जिला कृषि अधिकारी डा, संदीप यादव के नेतृत्व में टीम को बोदरवार बाजार भेजा। जांच टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही दुकानों का धड़ाधड़ शटर गिर गया। टीम ने बाजार स्थित बोदरवार मंसूरगंज मुख्य मार्ग पर अवैध खाद गोदाम के ठिकाने पर छापेमारी कर उसमें आईपीएल के बोरे में रखा 45 बोरी खाद जब्त कर लिया। टीम ने बोरे में रखी खाद का सैम्पलिंग अपने साथ ले गई। अपर जिला कृषि अधिकारी डा, संदीप यादव ने बताया किसानों को उचित दाम पर सही खाद मिलें। विभाग इसको लेकर फिक्रमंद है। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर छापेमारी की जा रही है। बाजार स्थित एक अवैध ठिकाने पर खाद रखें जाने की सूचना के आधार पर छापेमारी की गई है। ठिकाने से अवैध रूप से रखा 45 बोरी खाद मिली है। सैंपल लेकर जांच हेतु भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट के अनुरूप आगे की कार्यवाई की जायेगी।

## टावर वैगन की चपेट में आने से मृत हुआ युवक

**ऊंचाहार।** टावर वैगन की चपेट में आने से मृत हुआ युवक प्रतापगढ़ जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के रहने वाला था। मृतक के छोटे भाई ने जीआरपी चौकी पहुंचकर उसकी शिनाख्त की है, पोस्टमार्टम की कार्यवाई के बाद परिजन शव लेकर रवाना हुए हैं।ज्ञात हो कि रविवार की देर रात ऊंचाहार व अरखा रेलवे स्टेशन के मध्य टावर वैगन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाई के लिए भेजा था। लेकिन उस वक्त शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।जीआरपी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा था।मंगलवार की सुबह प्रतापगढ़ जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के इटौरा गाँव के रहने वाले आकाश शुक्ला ने जीआरपी चौकी पहुंचकर मृतक की शिनाख्त बड़े भाई विजय शुक्ला के रूप में की हैं।आकाश ने बताया कि बड़े भाई का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था और वो अक्सर घर से चले जाया करते थे।

# दो बाईकों की टक्कर में चार गंभीर रूप से घायल

## कप्तानगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के पास हादसा

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर के समीप सोमवार की देर शाम दो बाईकों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार छिटक कर सड़क पर कुछ दूरी तक घिसटते रहे गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी मथौली व कप्तानगंज भर्ती कराया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज कुशीनगर रेफर कर दिया।

बता दें कि नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर दो राजेंद्र नगर लोहेपार (महतो टोला) निवासी साहिल अंसारी पुत्र जैनुल्लाह अंसारी उम्र 21 वर्ष, अख्तर अली पुत्र वाहिद अली उम्र 19 वर्ष, सुहेल अंसारी पुत्र ऐनुल्लाह अंसारी सोमवार की शाम साढ़े छः बजे एक ही बाइक से कप्तानगंज की तरफ जा रहे थे कि अभी वे लक्ष्मीपुर गांव के समीप पहुंचे ही थे कि नगर पंचायत मथौली के ही वार्ड नंबर 10 वीर सावरकर नगर निवासी धीरज यादव पुत्र दिनेश यादव की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। बाइक सवार चारों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने 108 एंबुलेंस से साहिल, अख्तर व सुहेल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली तथा धीरज यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज भर्ती कराते हुए परिजनों को सूचना दिया। चिकित्सकों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज कुशीनगर रेफर कर दिया।

# एनएसपीएस त्रिपुला में संविधान दिवस पर विविध आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के लिए लघु नाटिका प्रस्तुत की गई।

छात्र विभोर ने भारतीय संविधान के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि 26 नवम्बर 1949 को भारत की संविधान सभा द्वारा इसे अंगीकृत किया गया और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान अंगीकृत किये जाने के समय इसके 22 भागों में 395 अनुच्छेद 8 अनुसूचियाँ और लगभग 145,000 शब्द थे, इस कारण यह अब तक का अंगीकृत किया जाने वाला सबसे लंबा राष्ट्रीय संविधान बन गया। संविधान हमारे व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करने, शासन के लिए एक ढांचा स्थापित करने, कानून के शासन को बनाये रखने, स्थिरता प्रदान करने, नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देने और अत्याचार के खिलाफसुरक्षा के लिए है, यह हमें मौलिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है और सरकार की संरचना को रेखांकित कर जवाबदेही सुनिश्चित करता है। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने संविधान दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारे संविधान ने भारतवर्ष को एक लोकतांत्रिक देश बनाया, इसमें नागरिकों को छह मौलिक अधिकार और ग्यारह मौलिक कर्तव्य दिए गए हैं, यह एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो हमारे राष्ट्र का मार्गदर्शन करता है। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, रामदेव,अजय सिंह, पिंकी जायसवाल, शाहीन खान, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। डा. भीमराव अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पंडित जवाहरलाल नेहरू, अबुल कलाम आजाद और डॉक्टर राधाकृष्णन जी के चित्रों पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने माल्यार्पण करते हुए उन सभी ज्ञात अज्ञात संविधान निर्माताओं को नमन किया जिन्होंने भारत गणराज्य के संविधान निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया। संविधान दिवस पर बच्चों को संबोधित करते हुए स्कूल के शिक्षक श्री बाबूनाथ त्रिवेदी ने बताया कि देश की आजादी के बाद 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान अपनाया गया था जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। उन्होंने संविधान निर्माण में अंबेडकर जी की विशेष भूमिका बताते हुए इसे एक लिखित दस्तावेज बताया। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान किसी भी देश के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह काम करता है।

## शिक्षकों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को सौंपा पत्रक



**भटनी (देवरिया) अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय शैक्षणिक महासंघ उ प्र के शाखा भटनी के शाखा अध्यक्ष विरेन्द्र यादव द्वारा अपनी सात सूत्रीय माँगो पत्रक खण्ड शिक्षा अधिकारी भटनी को सौपा। प्रमुख माँगो में शिक्षकों के मूल सेवा पुस्तिका को अपटूडेट करना मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों के विभिन्न प्रकार के अवकाश के अंकन मे संख्या त्रृटियो को सही अंकन करने 24 दिसम्बर चयन वेतनमान के अर्ह शिक्षकों के सेवा पुस्तिका को अपटूडेट करते हुए पत्रावली को कार्यालय की प्राप्ति के बाद शीघ्र जिला कार्यालय प्रेषित किया जाये। प्रत्येक विद्यालय मे सफाई की नियमित व्यवस्था करते हुए पत्राचार कर इस समस्या का समाधान किया जाये। बिना मान्यता चलाये जा रहे विद्यालयो को बी एस ए को अबिलम्ब बन्द कराये जाने को निर्देश दिया जाये। अवशेष प्रान कीट का शीघ्र वितरण किया जाये अवकाश के दिन बीएलओ व अन्य शिक्षकों द्वारा कार्य कराये जाने के बदले अवकाश दिया जाय शामिल है शिक्षकों ने माँगे पुरी न होने पर अपनी रणनीति के अन्तर्गत संघर्ष करने का मन बनाया है इस अवसर पर शाखा के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित



**लालगंज रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** बैसवारा डिग्री कॉलेज में राजनीति शास्त्र विभाग के तत्वावधान में संविधान दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव एवं प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी और आगे उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में संवैधानिक मूल्यों का अनुपालन करना चाहिए सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग, डॉ संजीव कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा रखी, संविधान के बारे में छात्र एवं छात्राओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं छात्र-छात्राओं को संविधान की शपथ दिलवाई गई। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी, डॉ रमेश चंद्र यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षको ने विस्तार पूर्वक संविधान के विषय में बताया जिसमें महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रोफेसर निरंजन राय, प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, प्रोफेसर बी के भारद्वाज, डा सूर्यकुमार मिश्रा, डॉ नवीन कुमार विश्वकर्मा, डा सुरजन यादव, डॉ प्रवीण सिंह डॉ मनोज कुमार त्रिपाठी डॉक्टर कांची बाजपेई, डॉ कमल सिंह आदि ने विचार रखें।

# संविधान दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जनपद में मंगलवार को संविधान दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा उप जिलाधिकारी गौरीगंज विजय सिंह अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। लाइव प्रसारण के उपरांत सभागार में मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने संविधान की उद्देशिका का पाठन कराया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद वासियों को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।संविधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त कार्यालयों तहसीलों ब्लॉकों ग्राम पंचायतों शिक्षण संस्थानों में भी संविधान की उद्देशिका का पाठन कराने के साथ ही अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संविधान दिवस पर नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले मे साधना फाउंडेशन की ओर से एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी मे फाउंडेशन की सचिव साधना त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला कहा कि आज ही के दिन सन 1949 में संविधान सभा ने हमारे संविधान को अंगीकृत किया था। जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है इसमें सभी चीजों का बाकायदा ध्यान दिया गया है। आवश्यकता के अनुरूप इसका संशोधन भी किया जा सकता है यह इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।हम सभी देशवासियों को अपने संविधान पर गर्व करना चाहिए और इसका अनुपालन अक्षरशः करना चाहिए। उन्होंने संविधान की उद्देशिका का उपस्थित लोगों के बीच पाठन कराया। विचार गोष्ठी को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बेनीपुर में बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया।

# युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं साइंस मेले का हुआ आयोजन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** युवा कल्याण विभाग नेहरु युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मंगलवार को मनीषी महिला पी जी कालेज गौरीगंज में युवा उत्सव कार्यक्रम के तहत युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं साइंस मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कालेज के प्रबन्धक जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में लोक नृत्य एकल एवं सामूहिक लोक गीत एकल/सामूहिक भाषण प्रतियोगिता फोटोग्राफी चित्रकारी कहानी लेखन जीवन कौशल के अवयव एवं साइंस मेला के तहत युवाओं के द्वारा प्रदर्शनी इत्यादि आयोजित किये गये। आयोजित कार्यक्रम में युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ ने कार्यक्रम के विषय में बताया कि प्रत्येक वर्ष एक दिवसीय युवा उत्सव जनपद में आयोजित किया जाता है एवं विजेता प्रतिभागी को मण्डल स्तर एवं प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग करने का अवसर मिलता हैं। आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में भाषण प्रतियोगिता में अभिजीत त्रिपाठी सामूहिक लोकनृत्य में जी0जी0आई0सी0 जायस लोकनृत्य एकल में हिमांशी युवा कविता लेखन में जया सिंह लोकगीत सामूहिक में शिवानी तिवारी व अर्पिता तिवारी चित्रकला प्रतियोगिता में विशाल सिंह कश्यप विज्ञान मेला में अंशु मौर्या निखिल मौर्या व अवनीश मोबाइल फोटोग्राफी में फलक बानो व लोकगीत एकल शताक्षी तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## सीएचसी अधीक्षक द्वारा अभियान चलाकर औचक निरीक्षण किया गया

अवधनामा संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** बीते एक सप्ताह पूर्व विकासखंड सरेनी में अवैध रुप से संचालित क्लीनिक,अस्पतालों के खिलाफ सीएचसी अधीक्षक द्वारा अभियान चलाकर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ राजेश गौतम ने राहुल क्लीनिक निकट दशारानी मंदिर, भोजपुर व श्रीराम आई केयर एण्ड आप्टिकल्स भोजपुर के संचालकों को नोटिस जारी कर पांच दिनों में प्रपत्र दिखाने का आदेश दिया था।बावजूद संचालकों द्वारा ससमय प्रपत्र न दिखाते हुए उत्तर नहीं दिया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ राजेश गौतम ने बताया कि बीते एक सप्ताह पूर्व भोजपुर स्थित राहुल क्लीनिक व श्रीराम आई केयर एण्ड आप्टिकल्स का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान संचालक शैक्षिक अभिलेख सहित अन्य अभिलेख नहीं उपलब्ध करा सके।

## बुलडोजर चला कर कब्जा खाली कराया गया

**ऊंचाहार अवधनामा संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल अवैध अतिक्रमण पर तहसीलदर आकांक्षा दीक्षित ने बुलडोजर चला कर कब्जा खाली कराया है। अवैध कब्जे पर तहसील प्रशासन का बुलडोजर चलाया गया। यहां अवैध अतिक्रमण को तहसीलदार के आदेश के बाद राजस्व टीम गठित कर खाली कराया है। तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल पप्लाटरो द्वारा उसर की भूमि को कब्जा कर बेचने का प्रयास किया जा रहा था ऊसर की भूमि को खाली कराने के लिए तहसीलदार आकांक्षा दीक्षित द्वारा टीम गठित कर जेसीबी लगाकर सवा बीघे जमीन को मुक्त कराया गया इस दौरान कानूनगो रत्नकर शुकला, लेखपाल प्रमोद गुप्ता, लेखपाल अभिषेक पाल मौजूद रहे।

# डीसीए ग्रीन ने डीसीए ऑरेंज को हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा



डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन सुल्तानपुर अंडर-19 क्रिकेट लीग आयोजित की गई

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर के गनपत सहाय पीजी कॉलेज पयागीपुर के क्रिकेट ग्राउंड पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन सुल्तानपुर द्वारा आयोजित हुए अंडर-19 क्रिकेट लीग का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें डीसीए ऑरेंज ने डीसीए ग्रीन को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।टॉस जीतकर डीसीए ऑरेंज ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीए ऑरेंज ने निर्धारित 35 ओवरों में अपने 9 विकेट के नुकसान पर 186 रनों का स्कोर खड़ा किया।सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर अंकुश ने 27 रन बनाकर पारी को संभालने की और आगे ले जाने की कोशिश की। लेकिन उनके साथी ही और सलामी बल्लेबाज आयुष पांडे मात्र 11 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन वापस लौट गए। उसके बाद तीसरे नंबर के बल्लेबाज सरवन जायसवाल ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और 69 गेंद पर शानदार 64 रन बनाए। शशांक यादव ने 20 रन बनाए। कप्तान अश्मित वर्मा ने 13 रनों की पारी खेली। इसके अतिरिक्त कोई भी अन्य बल्लेबाज बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब नहीं हो सका। इस प्रकार डीसीए ऑरेंज ने अपने 9 विकेट के नुकसान पर 186 रनों का स्कोर खड़ा किया। डीसीए ग्रीन की ओर से गेंदबाजी करते हुए धीरू ने जबर्दस्त गेंदबाजी करते हुए शानदार तीन विकेट प्राप्त किये। शोएब अख्तर और अंकित गुप्ता को क्रमशः दो- दो विकेट प्राप्त हुए। अली हुसैन और श्रीयुत यादव को क्रमशः एक-एक विकेट प्राप्त हुआ।लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए ग्रीन की टीम ने 30 ओवरों में ही मात्र दो विकेट होकर 187 रन बनाकर मैच को जीत लिया। जिसमें श्रीयुत यादव ने जबर्दस्त बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और वह शतकवीर बने। उन्होंने 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 93 गेंद पर शानदार 101 रन बनाकर नाबाद रहे। हालांकि उनके साथी और सलामी बल्लेबाज ओम सोनी 4 रन के निजी स्कोर पर ही पवेलियन वापस लौट गए थे। धीरू ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी की और 65 गेंद पर बेहतरीन 52 रन बनाए। विकेटकीपर और कप्तान आफताब खान भी 16 हरण बनाकर नाबाद रहे।इस प्रकार डीसीए ग्रीन की टीम ने 187 रन बनाकर मैच और ट्रॉफी दोनों पर कब्जा कर लिया। डीसीए ऑरेंज की ओर से गेंदबाजी करते हुए सरवन जैस्वाल सफल गेंदबाज रहे और उन्होंने दो विकेट प्राप्त किये। सर्वश्रेष्ठ खेल प्रदर्शन के लिए धीरू को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला। श्रीयुत यादव को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और धीरू को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार दिया गया। सुल्तानपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित हुए इस अंडर-19 के फाइनल मैच में काफी गढ़ मान्य लोग उपस्थित रहे। अंडर-19 लीग के समापन के अवसर पर सुल्तानपुर के जिला क्रीड़ा अधिकारी सिराजुद्दीन और जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव दीपक श्रीवास्तव, जिला ओलंपिक संघ की मीडिया सचिव विजय बॉक्सर के साथ बहुत से गढ़वा में और वरिष्ठ खिलाड़ी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव श्री असद अहमद द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## संविधान दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**सुलतानपुर।** स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर पर मा0 सदस्य विधान परिषद शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर विकास भवन प्रेरणा सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मुख्यमंत्री द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ से प्रसारित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण के अवलोकन के पश्चात भारत माता व संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण/पुष्पार्जन कर संविधान दिवस के अवसर पर प्रस्तावना का पाठन कर शपथ दिलायी गयी। उक्त कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भारत के संविधान को अंगीकृत किये जाने की तिथि 26 नवम्बर को 'संविधान दिवस' के अवसर पर संविधान के संवैधानिक मूल्यों एवं मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विधान परिषद सदस्य द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर अपने सम्बोधन में सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन एक विशिष्ट दिन के रूप में याद किया जाता है।

# सपाइयों ने मनाया संविधान दिवस

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** शहर के समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने संविधान दिवस मनाया। इस मौके पर स्टेशन रोड स्थित नगला राधेलाल भारत रत्न संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सभी पदाधिकारियों ने संविधान की शपथ ली। इस दौरान अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद सनी ने कहा संविधान दिवस पर हम सबको शपथ लेकर बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलना है। नगर अध्यक्ष मोहम्मद फहीम ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने दलितों और पिछड़ों की आवाज को बुलंद किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता अशोक यादव, चंद्रवीर यादव, अजब सिंह यादव, प्रकाश चंद्र मौर्य, मुनव्वर अली, उदयवीर सिंह पौनिया, बूथ प्रभारी भूपेंद्र सिंह जाटव, मोहन सिंह, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अनुरक्षण खण्ड नं.-1 (सिविल) लो.नि.वि., लखनऊ

पत्रांक : 2952 /निविदा/2024

दिनांक : 21 /11/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

1- महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड-1 (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्य के लिये लोक निर्माण विभाग क्लासें ए/बी/सी/डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार निविदा डालने के योग्य होगें।

| क्र. सं. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा पपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मरम्मत मद के अन्तर्गत एम0आई0जी0 कालोनी में अन्तरिक रंगाई-पुताई का कार्य। | 5.40 | 0.54 | Rs. 766 | 03 Month | अधि. अभि. अनु. ख.-1 (सि.), लो.नि.वि. लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मरम्मत मद के अन्तर्गत एम0आई0जी0 कालोनी में विविध सिविल कार्य। | 4.80 | 0.48 | Rs. 677 | 03 Month | अधि. अभि. अनु. ख.-1 (सि.), लो.नि.वि. लखनऊ |
| 3 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मरम्मत मद के अन्तर्गत एम0जी0 कालोनी में अन्तरिक रंगाई-पुताई का कार्य। | 2.80 | 0.28 | Rs. 677 | 03 Month | अधि. अभि. अनु. ख.-1 (सि.), लो.नि.वि. लखनऊ |
| 4 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मरम्मत मद के अन्तर्गत एम0जी0 कालोनी में विविध सिविल कार्य। | 2.50 | 0.25 | Rs. 677 | 03 Month | अधि. अभि. अनु. ख.-1 (सि.), लो.नि.वि. लखनऊ |
| 5 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मरम्मत मद के अन्तर्गत निराला नगर कालोनी में अन्तरिक रंगाई-पुताई का कार्य। | 3.50 | 0.35 | Rs. 766 | 03 Month | अधि. अभि. अनु. ख.-1 (सि.), लो.नि.वि. लखनऊ |
| 6 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मरम्मत मद के अन्तर्गत निराला नगर कालोनी में विविध सिविल कार्य। | 3.50 | 0.35 | Rs. 766 | 03 Month | अधि. अभि. अनु. ख.-1 (सि.), लो.नि.वि. लखनऊ |
| 7 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मरम्मत मद के अन्तर्गत डाटा सेन्टरमें अन्तरिक रंगाइ - पुताई का कार्य। | 3.00 | 0.30 | Rs. 677 | 03 Month | अधि. अभि. अनु. ख.-1 (सि.), लो.नि.वि. लखनऊ |
| 8 | लखनऊ | सामान्य मरम्मत मरम्मत मद के अन्तर्गत डाटा सेन्टर में विविध सिविल कार्य। | 2.50 | 0.25 | Rs. 677 | 03 Month | अधि. अभि. अनु. ख.-1 (सि.), लो.नि.वि. लखनऊ |

निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता जिनका उल्लेख उक्त तालिका के स्तम्भ-8 मे किया गया है, के कार्यालय में पूर्वाह्न 10:00 बजे ये अपराहन 01:00 बजे तक दिनांक 28.11.2024 से दिनांक 04.12.2024 तक निविदाए बेची जायेगी तथा दिनांक 05.12.2024 को अपराह्न 02:30 बजे तक जमा की जा सकती है, जिनको उसी कार्य दिवस में दिनांक 05.12.2024 को 03.00 बजे जिलाधिकारी के कार्यालय में इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। यदि उक्त निविदा प्राप्त करने एवं खोलने की तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा प्राप्त एवं खोलने की तिथि अगला कार्य दिवस होगा और खोलने के समय, स्थल तथा वैधता में कोई परिवर्तन नहीं होगा। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण इस कार्यालय से उपरोक्त तिथियों में देखा जा सकता है।

(उमाकान्त पाण्डेय)
अधिशासी अभियन्ता
अनुरक्षण खण्ड नं.-1(सिविल)
लो.नि.वि., लखनऊ

UPID-222863 Dated-25-11-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध


# संभल की घटना के बाद अलर्ट खाकी



कस्बे में उड़ाया ड्रोन कैमरा, कुड़वार थाने पर हुई पीस कमेटी की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**कुड़वार,सुल्तानपुर।** बीते रविवार संभल की घटना के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश के सभी थानों की पुलिस अलर्ट है। किसी अनहोनी से निपटने को लेकर पुलिस अपने-2 थाना क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर लोगों के घरों के ऊपर ड्रोन कैमरे से निगरानी शुरू कर दी है। वहीं क्षेत्र के सभी धर्मों के धर्मगुरुओं व संभ्रांत व्यक्तियों को थाने बुलाकर पुलिस अधिकारी लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। प्रदेश के संभल में बीते रविवार को हुई घटना के तनाव को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन अलर्ट है।कुड़वार थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा व नगर क्षेत्राधिकारी (सीओ सिटी) प्रशांत सिंह के निर्देशन में थाना क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों में लोगों के घरों के ऊपर से ड्रोन कैमरा उडाकर छतों की निगरानी की जा रही है। वहीं कुड़वार थाने में क्षेत्र के धर्मगुरुओं और ग्रामप्रधानों, संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक की गई। लोगों को बताया गया है कि संदिग्ध लोगों को देखते ही पुलिस को सूचना दें। सभी पर पुलिस के जवान नजर बनाए हुए हैं। इस दौरान हसीब खान, गोपाल सिंह, मो. सगीर अहमद, प्रवीण तिवारी, मनीष तिवारी, शैलेन्द्र मौर्या, मो. जैद, मो. सईद, मो. इरफान, सुरेश कुमार, पवन कुमार, ज्ञान प्रकाश, नकुल प्रसाद तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# डग्गेमार वाहनों का संचालन किसी दशा में न हो

अनाधिकृत वाहनों को करें सीज : प्रभारी मंत्री



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** अवैध, नकली शराब की बिक्री न हो, अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाए, कोई भी निराश्रित गोवंश सड़कों पर दिखाई न दें, गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों की बेहतर देखभाल की जाए, दुधारू गौवंशों को मुख्यमंत्री गोधन सहभागिता योजना के तहत सैम-मैम बच्चों के परिजनों को उपलब्ध कराया जाए, विद्युत की निर्वाध आपूर्ति सुनिश्चित हो, ट्रिपिंग रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए, किसानों की समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता पर निदान हो, उन्हें समय से कृषि बीज, कृषि उपकरण पर मिलने वाली अनुदान राशि का भुगतान किया जाए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला, दिव्यांग, वृद्धावस्था पेंशन में प्रत्येक पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो सुनिश्चित किया जाए, किसी भी स्तर पर शादी अनुदान, पेंशन, शौचालय योजना का कोई आवेदन लंबित न रहे, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिले, सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें, आपातकालीन सेवाएं नियमित रूप से संचालित रहें, कोई भी मेडिकल उपकरण खराब न रहे। उक्त निर्देश राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण, जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कलेक्ट्रेट सभागार में मा. मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों, सी.एम. डैशबोर्ड की बिन्दुवार समीक्षा के दौरान देते हुए कहा कि यद्यपि अधिकांश बिंदुओं, योजनाओं में जनपद की प्रगति संतोषजनक है लेकिन अभी कई योजनाओं में सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि जनपद मैनपुरी को प्रदेश का सर्वोत्तम जनपद बनाने के लिए सभी अधिकारी, कर्मचारी आपस में समन्वय स्थापित कर संचालित योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करें, जनपद में निवेश बढ़े, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान जनपद में जो एम.ओ.यू. हुए है वह धरातल पर क्रियान्वित हों, जनपद उद्योगों का हब बने ताकि यहां के युवाओं को रोजगार मिले, जनपद के राजस्व में बढ़ोत्तरी हो। उन्होंने कहा कि जनपद में लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृण हो, मत्स्य पालन, पशुपालन में संलिप्त लोगों को योजनाओं का लाभ देकर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाए, जनपद में अवशेष तालाबों का प्राथमिकता पर मत्स्य पालन हेतु पट्टों का आवंटन किया जाए।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ

पत्रांक- 1329 /न0नि0ख0ल0/निविदा f दनांक - 21.11.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-08/अधि0अभि0/2024-25**

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा 2100 नवीन राजकीय नलकूप निर्माण परियोजना सामान्य एवं विशेष घटक के अन्तर्गत जनपद हरदोई, उन्नाव एवं सीतापुर में छिद्रण कार्य एवं बजरी आपूर्ति हेतु वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा दिनांक 01.12.2024 को 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 02.12.2024 को अपराह्न 01.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि एवं ठेकेदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.11.2024 से 01.12.2024 तक सायः 4.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड लखनऊ के कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र का मूल्य खण्डीय कार्यालय में कैशियर के पास जमा करके तथा विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राप्त किये जा सकते हैं। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह निविदा अगला कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य (रू में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| Lot No. 01 | Drilling of New State Tubewell under 2100 Tubewell project at Village- Rukanapur BlockMadhoganj District- Hardoi depth 150 Mtr of 450mmx550mmØ bore size including Reaming and lowering of M.S. Pipe Assembly 300mmx150mmØ size with screening & feeding of Pea gravel, Excluding POL, GST. M.S. Pipe assembly, POL and pea gravel shall be provided by the department free of cost as per department norms. | 01 | 2.23 | 4500.00 | 3 माह | 75.00+ GST (नियमानुसार) | ''बी'' श्रेणी |
| Lot No. 02 | Supplying and carriage of pea gravel size 2.00 mm to 3.35 mm from Lalkuan Nainital quarry site to at Village- Rukanapur Block- Madhoganj DistrictHardoi including Toll tax, loading, unloading and Stacking at Store excluding G.S.T. Under 2100 TWP | 45 $M^3$ | 3.05 | 6200.00 | 3 माह | 150.00+ GST (नियमानुसार) | ''ए'' श्रेणी |
| Lot No. 03 | Drilling of New State Tubewell under 2100 Tubewell project at District- Hardoi depth 150 Mtr of 450mmx550mmØ bore size including Reaming and lowering of M.S. Pipe Assembly 300mmx150mmØ size with screening & feeding of Pea gravel, Excluding POL, GST. M.S. Pipe assembly, POL and pea gravel shall be provided by the department free of cost as per department norms. | 01 | 2.23 | 4500.00 | 3 माह | 75.00+ GST (नियमानुसार) | ''बी'' श्रेणी |
| Lot No. 04 | Supplying and carriage of pea gravel size 2.00 mm to 3.35 mm from Lalkuan Nainital quarry site to Store Hardoi District- Hardoi including Toll tax, loading, unloading and Stacking at Store excluding G.S.T. Under 2100 TWP | 45 $M^3$ | 2.92 | 5900.00 | 3 माह | 150.00+ GST (नियमानुसार) | ''बी'' श्रेणी |
| Lot No. 05 | Drilling of New State Tubewell under 2100 Tubewell project at District- Hardoi depth 150 Mtr of 450mmx550mmØ bore size including Reaming and lowering of M.S. Pipe Assembly 300mmx150mmØ size with screening & feeding of Pea gravel, Excluding POL, GST. M.S. Pipe assembly, POL and pea gravel shall be provided by the department free of cost as per department norms. | 01 | 2.23 | 4500.00 | 3 माह | 75.00+ GST (नियमानुसार) | ''बी'' श्रेणी |
| Lot No. 06 | Supplying and carriage of pea gravel size 2.00 mm to 3.35 mm from Lalkuan Nainital quarry site to Store Hardoi District- Hardoi including Toll tax, loading, unloading and Stacking at Store excluding G.S.T. Under 2100 TWP | 45 $M^3$ | 2.92 | 4500.00 | 3 माह | 150.00+ GST (नियमानुसार) | ''बी'' श्रेणी |
| Lot No. 07 | Drilling of New State Tubewell under 2100 Tubewell project (SCP) at TW. No.- 17 BG VillageMagarayar Block- Bighapur District- Unnao depth 210 Mtr of 450mmx550mmØ bore size including Reaming and lowering of M.S. Pipe Assembly 300mmx150mmØ size with screening & feeding of Pea gravel, Excluding POL, GST. M.S. Pipe assembly, POL and pea gravel shall be provided by the department free of cost as per department norms. | 01 | 4.27 | 8600.00 | 3 माह | 150.00+ GST (नियमानुसार) | ''ए'' श्रेणी |
| Lot No. 08 | Supplying and carriage of pea gravel size 2.00 mm to 3.35 mm from Lalkuan Nainital quarry site to TW. No.- 17 BG Village- Magarayar BlockBighapur District- Unnao including Toll tax, loading, unloading and Stacking at Store excluding G.S.T. Under 2100 TWP (SCP) | 53 $M^3$ | 4.18 | 8400.00 | 3 माह | 150.00+ GST (नियमानुसार) | ''ए'' श्रेणी |
| Lot No. 09 | Drilling of New State Tubewell under 2100 Tubewell project at District- Unnao depth 210 Mtr of 450mmx550mmØ bore size including Reaming and lowering of M.S. Pipe Assembly 300mmx150mmØ size with screening & feeding of Pea gravel, Excluding POL, GST. M.S. Pipe assembly, POL and pea gravel shall be provided by the department free of cost as per department norms. | 01 | 4.27 | 8600.00 | 3 माह | 150.00+ GST (नियमानुसार) | ''ए'' श्रेणी |
| Lot No. 10 | Supplying and carriage of pea gravel size 2.00 mm to 3.35 mm from Lalkuan Nainital quarry site to Store Unnao District- Unnao including Toll tax, loading, unloading and Stacking at Store excluding G.S.T. Under 2100 TWP (SCP) | 53 $M^3$ | 3.95 | 8000.00 | 3 माह | 150.00+ GST (नियमानुसार) | ''ए'' श्रेणी |
| Lot No. 11 | Drilling of New State Tubewell under 2100 Tubewell project at Village- Arsenna Block- pahla District- Sitapur depth 120 Mtr of 450mmx550mmØ bore size including Reaming and lowering of M.S. Pipe Assembly 300mmx150mmØ size with screening & feeding of Pea gravel, Excluding POL, GST. M.S. Pipe assembly, POL and pea gravel shall be provided by the department free of cost as per department norms. | 01 | 1.78 | 3600 | 3 माह | 75.00+ GST (नियमानुसार) | ''बी'' श्रेणी |
| Lot No. 12 | Drilling of New State Tubewell under 2100 Tubewell project at District- Sitapur depth 120 Mtr of 450mmx550mmØ bore size including Reaming and lowering of M.S. Pipe Assembly 300mmx150mmØ size with screening & feeding of Pea gravel, Excluding POL, GST. M.S. Pipe assembly, POL and pea gravel shall be provided by the department free of cost as per department norms. | 01 | 1.78 | 3600 | 3 माह | 75.00+ GST (नियमानुसार) | ''बी'' श्रेणी |

नोट- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड लखनऊ के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड, लखनऊ

UPID-222886 Dated-25-11-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध


# संविधान दिवस विविध कार्यक्रम उत्सव के रूप में मनाया

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** संविधान दिवस 26 नवम्बर 1949 स्वतंत्रता के अमृतकाल के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश मे विविध कार्यक्रम उत्सव के रूप में आयोजित किए जा रहें है, इसी क्रम में जनपद फिरोजाबाद के कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता मे, अपर जिलाधिकारी विशु राजा, जनप्रतिनिधियों और जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही लखनऊ में शासन स्तर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया, इस अवसर जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ने डा0 भीमराव अम्बेडकर एवं मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा सभी उपस्थित जनों को जिलाधिकारी द्वारा संविधान की शपथ दिलाई गयी। साथ ही जनपद की सभी तहसीलों और ग्राम पंचायतों में भी लोगों को संविधान की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर भारतीय लोकतंत्र को विश्व का सबसे मजबूत लोकतंत्र बनाने में संविधान निर्माताओं के योगदान की चर्चा की गयी। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि संविधान निर्माण में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी का योगदान अप्रतिम तो है ही, साथ ही साथ उन लोगों को भी हमें नही भुलना चाहिए, जिन्होने अन्य तरीकों से इस संविधान के निर्माण में अपना अहम योगदान दिया है। जैसे की बहुत कम लोग जानते होंगे की संविधान को लिखने का कार्य प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने किया और संविधान को सजाने का कार्य नन्दलाल बोस ने किया। इसके अलावा संविधान के निर्माण हेतु बनी विभिन्न समितियों के अध्यक्षों ने भी अहम योगदान दिया, इन सभी के क्रम साध्य का परिणाम रहा कि विश्व का सबसे बड़ा और मजबूत संविधान बना सके। इसी संविधान में हम सभी को आपसी भाईचारा और बन्धुत्व से जीने का गरिमामय अधिकार दिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय अनुराधा सिंह, सत्येन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी व कलैक्ट्रेट एवं विकास भवन के सभी विभागों के पटल सहायक आदि उपस्थित रहें।

## एक अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में



**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा पोक्सो एक्ट में वांछित 01 अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिरखास की सूचना पर वांछित अभियुक्त मनोज कुशवाह पुत्र साहब सिंह निवासी भनपुरा शमशाबाद थाना शमशाबाद जनपद आगरा संबंधित मु.अ.सं. 393/24 धारा 87/137(2)/64 (1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना रसूलपुर को बरी चौराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार, उ.नि. विमल कुमार, है.का. बाबू जालिम सिंह, का. 1169 राम गोपाल, का. 868 योगेन्द्र कुमार थाना रसूलुपर जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम ने किया ईवीएम मशीनों का निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट के वेयरहाउस का निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा किया गया। आयोग के निर्देशों क्रम में निरीक्षण के दौरान उन्होने भण्डारण के सभी सुरक्षा पहलुओं को पूरी तरह से देखा, जिसमें ई.वी.एम. मशीनों की सुरक्षा हेतु लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों एवं पुलिस बल, भण्डारण कक्षों में लगी सीलों का परीक्षण किया गया जो सही पाया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी विशु राजा, जिला कृषि अधिकारी व नोडल अधिकारी ई.वी.एम/वी.वी.पैट सुमित कुमार चौहान सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## तहसील और ब्लॉक मुख्यालयों पर मनाया गया संविधान दिवस

**सुल्तानपुर।** विकास भवन के प्रेरणा सभागार में संविधान दिवस जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मनाया जाएगा। इसी के साथ सभी तहसील और ब्लॉक मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सीधा प्रसारण किए जाने की व्यवस्था की गई है। प्रोजेक्टर के जरिए सीएम का संबोधन संविधान दिवस कार्यक्रम में दिखाया जाएगा। सुबह 9:00 बजे विकास भवन की प्रेरणा सभागार से कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

## पूर्वदशम छात्रवृत्ति हेतु आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 13 जनवरी

**बहराइच।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शिक्षण संस्थाओं तथा कक्षा 09 एवं 10 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य जाति के छात्र-छात्राओं हेतु प्रक्रियात्मक कार्यवाही हेतु शासन द्वारा जारी समयसारिणी के अनुसार विद्यालय द्वारा मास्टर-डाटाबेस तैयार करने की कार्यवाही 31 दिसम्बर 2024 तक पूर्ण की जानी है।

# जनपद में समारोहपूर्वक मनाया गया संविधान दिवस

लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्य समारोह



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर पर संविधान दिवस 26 नवम्बर, 2024 के अवसर पर वर्ष-पर्यन्त आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों का जिले में समारोहपूर्वक शुभारम्भ हुआ। संविधान दिवस के अवसर पर जनपद मुख्यालय सहित समस्त नगर निकायों/जिला पंचायतों/क्षेत्र पंचायतों/ग्राम पंचायतों, शिक्षण संस्थाओं सहित अन्य कार्यालयों एवं प्रमुख प्रतिष्ठानों में आयोजित कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया तथा लखनऊ स्थित लोकभवन के सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित समारोह तथा संविधान से सम्बन्धित वृत्त चित्र का प्रसारण भी किया गया। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, बलहा की विधायक सरोज सोनकर व नानपारा के विधायक राम निवास वर्मा, जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी डॉ देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा यादव तथा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अन्य कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा कलेक्ट्रेट कर्मियों की उपस्थिति में लखनऊ स्थित लोकभवन के सभागार में आयोजित मुख्य समारोह तथा संविधान से सम्बन्धित वृत्त चिंत्र का प्रसारण भी किया गया। ''संविधान दिवस'' के अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद मा. जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य उपस्थित लोगों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का संकल्प दिलाया कि ''हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प लेते हैं।


## कार्यालय सहायक अभियन्ता तृतीय (मु.) सिंचाई निर्माण खण्ड-प्रथम लखनऊ

पत्रांक : 427 /सहा0अभि0तृ0(मु0)/कोटेशन

दिनांक : 21.11.2024

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक- 420/स0अ0तृ0(मु0)/कोटेशन/दिनांक-20.11.2024 द्वारा अल्पकालीन ई-कोटेशन सूचना संख्या-06/स0अ0तृ0(मु0)/2024-25 के अन्तर्गत निम्नानुसार दिनांक-26.11.2024 से दिनांक- 30.11.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमन्त्रित की गयी थी जिसके खुलने की तिथि दिनांक- 30.11.2024 को अपरान्ह 3.30 बजे थी। उक्त कोटेशन में सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदार द्वारा डाले जाने हेतु शुद्धि-पत्र जारी किया जाता है।

सहायक अभियन्ता तृतीय (मु.)
सिंचाई निर्माण खण्ड-प्रथम
लखनऊ

UPID-222885 Dated-25-11-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# हम अली वाले हैं खाक हो जाएंगे मिटाने वाले: अली

**वहाज अली निहाल**

■ दरगाह वारसी में कुल, महफ़िल व मजलिस के साथ हुआ उर्स का समापन



**इटावा।** दरगाह हज़रत अबुल हसन शाह वारसी कटरा शाहब खां में आयोजित 100 वें सालाना उर्स का समापन शांतिपूर्ण माहौल में हज़रत हाजी हाफ़िज़ सैयद वारिस अली शाह के कुल के साथ हो गया। समापन के दौरान रंग बिरंगी लाइटों से जगमगाती दरगाह वारसी श्रद्धालुओं से भरी हुई थी। उर्स के दौरान सुरक्षा, स्वास्थ्य, सफाई, चिकित्सा व्यवस्था के इंतजाम रहे। दरगाह वारसी पर उर्स के अंतिम दिन रात भर महफिले सिमा का आयोजन किया गया उसके बाद रात के अंतिम पहर 4:13 बजे हज़रत हाजी हाफ़िज़ सैयद वारिस अली शाह का कुल हुआ जिसमें कव्वाल अली वारिस मुंबई, फैजान जीशान बरेली, अफ्फान वारसी देवा शरीफ ने बेहतरीन कलाम पेश कर जमकर वाहवाही लूटी की। महफ़िल में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कव्वालों को खूब नजराना पेश किये। कुल शरीफ में शब्बीर अली वारसी, शहज़ी वारसी कलकत्ता व हसनैन वारिस वारसी हनी सेकेट्री दरगाह वारसी ने नज़र पेश की। इसी क्रम में मजलिस इमाम हुसैन शहीदाने कर्बला हुई जिसमें तबर्रुज़ वारसी कलकत्ता ने सलाम पेश किया। मजलिस में पंजतन पाक सहित शहीदाने कर्बला हज़रत इमाम हुसैन का जिक्र किया गया। देवा शरीफ के कव्वाल अफ्फान ने कलाम पेश करते हुए कहा अली के 18 बेटे हैं पर सभी में अलमदार अब्बास है। मुंबई के कव्वाल अली वारिस ने कलाम पेश करते हुए कहा हम अली वाले हैं खाक हो जाएंगे मिटाने वाले। उर्स के समापन के बाद दरगाह वारसी की ओर से बाहरी जनपदों से आये श्रद्धालुओं को स्वागत के साथ विदा किया गया। दरगाह शरीफ की ओर से जानकारी दी गई कि उर्स में मुम्बई से पारसी परिवार, पश्चिम बंगाल हज कमेटी के चेयरमैन/इमाम काउंसिल अध्यक्ष शब्बीर अली वारसी, जम्मू कश्मीर से सना उल्ला वारसी, मुस्लिम मायनोरिटी काउंसिल अध्यक्ष सैयद जावेद अली वारसी इन्दौर, सज्जादा नशीन अजमेर शरीफ सैयद साकिब मुईन चिश्ती, जूनागढ़ गुजरात के सन्त सहित कलकत्ता, मुम्बई, चेन्नई, झारखण्ड, अयोध्या, रांची, जमशेदपुर टाटा नगर, दिल्ली, कानपुर, लखनऊ, अलीगढ़ कन्नौज, आगरा, अलीगंज, एटा, मैनपुरी, औरैया, बनारस, भदोई, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, कानपुर देहात सहित तमाम जनपदों से श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके अलावा विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं ने दरगाह वारसी पहुंचकर उर्स में भाग लेकर माथा टेका और मन्नतें मांगी। उर्स के दौरान एसएसपी के निर्देशन में दरगाह गेट के पास सुरक्षा की दृष्टि से अस्थाई पुलिस चौकी स्थापित कर पुलिस फोर्स तैनात किया गया। शहर कोतवाली प्रभारी तथा नया शहर चौकी प्रभारी सौरभ सिंह ने सुरक्षा को लेकर सराहनीय योगदान दिया। सीएमओ डा.गीताराम ने उर्स में आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को लेकर एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराई और दरगाह परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प लगवाया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व चेयरमैन द्वारा उर्स के दौरान सफाई व्यवस्था का बेहतरीन इंतजाम किया गया। दरगाह वारसी ट्रस्ट की ओर से उर्स को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, सीएमओ, ईओ, चेयरमैन, श्रद्धालुओं सहित दरगाह के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

# जुर्माना लगाकर प्रशासन मीडिया का बंद कर रहा मुंह

**जिला प्रशासन का चाबुक चला, चार खदानों पर कार्यवाही, बार बार लग रहा है जुर्माना परंतु फिर भी नही रुक रहा है अवैध खनन**

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** जिला प्रशासन द्वारा लगातार अवैध खनन और राजस्व चोरी रोकने के लिये, शिकायत आने पर लगातार मौरंग खंडों मे जाकर खनन की जानकारी की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर खंडो की नापजोख कर राजस्व की चोरी जमा करायी जा रही है। अभी मौरंग खंडो का संचालन पूरी तरह से प्रारम्भ भी नही हुआ है और मौरंग खंड संचालक अवैध खनन मे लग गये, अपने निर्धारित क्षेत्र मे खनन ना करके अवैध खनन करके अपना राजस्व भर रहे है और सरकार के राजस्व की चोरी करने मे लगे है।खनिज विभाग भी उनकी कार्यशैली से भली भांति परिचित है तभी तो मात्र दो माह के खदान सँचालन मे राजस्व चोरी मे तीन बार खदानों पर कार्यवाही भी हो गयी और करोडो रूपये सरकारी खजाने मे आने का रास्ता खुल गया है। खनिज अधिकारी अर्जुन सिंह की कार्यप्रणाली से मौरंग खंड संचालकों से राजस्व चोरी के रूप मे करोडों रूपये जमाने के रूप मे सरकार को प्राप्त हुये हैं वहीं अवैध रूप से मौरंग का परिवहन कर रहे ट्रकों पर भी भारी भरकम जुर्माना लगाकर सरकारी राजस्व को बढ़ाया जा रहा है। परंतु इतना सबकुछ होने के बाद भी मौरंग खंड संचालक अवैध खनन और अवैध ओवरलोड परिवहन छोड़ने को तैयार नही है, जबकि जिलाधिकारी महोदय ने खनिज अधिकारी के साथ साथ संयुक्त जांच टीम भी बना दी है जिसमे खनिज के साथ साथ राजस्व, पुलिस, परिवहन और सैलटैक्स के कर्मचारी लगाये गये है, इतना सब अवैध खनन और ओवरलोड मौरंग का परिवहन रोकने के लिये किये जा रहे है, संयुक्त टीम ने चार खदानों मडौली जसपुरा, बेंदा तिंदवारी, खपटिहा और गंछा मे जांच की और मीडिया द्वारा चलाये जा रहे समाचारों की सत्यता परखी जिसमे अवैध खनन और राजस्व चोरी उजागर हुयी, जिससे प्रशासन द्वारा गंछा खदान मे 31लाख से अधिक, बेंदा मे 54 लाख से अधिक, मडौली मे 27 लाख से अधिक और खपटिहा खदान मे 9 लाख से अधिक जुर्माने के रूप मे लगाया गया है जबकि इन सभी खदानों द्वारा 8277 घन मीटर अवैध मौरंग खनन किया गया था, खनिज अधिकारी द्वारा सभी खदान संचालको को बार बार चेताया जा रहा है कि अपने निर्धारित क्षेत्र मे ही शासनादेश के अनुसार एनजीटी के नियमानुसार ही खनन करें और अवैध एवं ओवरलोड परिवहन बिल्कुल बंद कर दें। अब देखना है कि जिला अधिकारी बाँदा और खनिज अधिकारी अर्जुन सिंह की कार्यप्रणाली से मौरंग खंड सँचालक सबक लेते है या अवैध खनन जारी रखकर प्रशासन को चैलेंज करते है।

## जनपद में गरिमामयी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0 एन0 सिंह द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ से प्रसारित कार्यक्रम का सीधा सजीव प्रसारण दिखाया गया, भारत माता व संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण/पुष्पार्जन कर संविधान दिवस के अवसर पर उद्देशिका का पाठन कर शपथ दिलायी गयी। उक्त कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भारत के संविधान को अंगीकृत किये जाने की तिथि 26 नवम्बर को 'संविधान दिवस' के अवसर पर संविधान के संवैधानिक मूल्यों एवं मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिलाधिकारी द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर सम्बोधन में सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन एक विशिष्ट दिन के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री व मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में संवैधानिक मूल्यों की स्थापना में विशिष्ट प्रयास किये जा रहे हैं। हम सभी को भी संवैधानिक मूल्यों की स्थापना का प्रयास करना चाहिये, जिससे आम जनमानस के जीवन को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि संविधान के उद्देशिका में निहित मूल्यों की स्थापना करना सभी अधिकारियों का प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिये, उन्होंने सभी को प्रस्तावना में निहित मूल्यों के अनुसार आचरण का अनुपालन करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (नमांमि गंगे) रोहित यादव, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल द्वारा संविधान के विभिन्न तथ्यों एवं पहलुओं पर प्रकाश डाला गया।

# एसएमजीआई की पारुल ने बीफार्मा में किया टॉप



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में अध्ययनरत् बी.फार्मा के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने एक बार फिर अपने शानदार परिणाम से अपनी श्रेष्ठता साबित की है। संस्थान के डायरेक्टर डा उमा शंकर शर्मा ने बताया कि हमेशा की तरह ही इस बार भी हमारे संस्थान का एकेटीयू लखनऊ द्वारा घोषित बी.फार्मा द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। बी.फार्मा द्वितीय सेमेस्टर में पारुल ने 88.68 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, इन्द्रजीत बाथम ने 84.68 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, देवांगी यादव ने 84.13 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, पीयूष शाक्य ने 83.58 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं ऋषभ गुप्ता ने 82.20 प्रतिषत अंकों के साथ पंचम् स्थान प्राप्त किया। बी.फार्मा चतुर्थ सेमेस्टर में वर्षा राठौर ने 80.85 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, शैलवी ने 80.71 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, ईशा कुमारी ने 77.85 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, अंजली ने 77.71 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं दिशा यादव ने 77 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम् स्थान प्राप्त किया। एसएमजीआई के चेयरमैन डा. विवेक यादव ने इस शानदार परिणाम के लिए संस्था के डायरेक्टर डा.उमाशकर शर्मा, फार्मेसी के विभागाध्यक्ष व समस्त स्टाफ को बधाई दी एवं सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बालिकाओं के लिए डबल बेड की व्यवस्था की जाए सिंगल बेड हटाया जाए: प्रभारी मंत्री

■ मंत्री ने सैफई मेडिकल कॉलेज, गौशाला का भी किया निरीक्षण

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति प्रभारी मंत्री ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बालिकाओं के लिए डबल बेड की व्यवस्था की जाए सिंगल बेड को हटाया जाए। विद्यालय का फर्श टूटा देखते हुए मंत्री जी ने तत्काल फर्स की मरम्मत कराए जाने हेतु निर्देशित किया साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि विद्यालय की बिल्डिंग की मरम्मत एवं रंग रोशन अवश्य कराया जाए। मंत्री जी ने भोजनालय में जाकर खाने की गुणवत्ता को परखा एवं निर्देश दिए कि खाने में कोई भी कटौती नहीं होनी चाहिए खाना प्रतिदिन मीनू के हिसाब से बदल कर ही बनाया जाए। बच्चों के खेलने के लिए व्यवस्था की जाए। उक्त के पश्चात मंत्री जी ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री जी द्वारा गौशाला की जगह को लेवल करने के निर्देश दिए साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिए की गौशाला में पेड अवश्य लगाए जाएं जिससे गर्मी आने पर पशुओं को छांव मिले एवं उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। मंत्री जी ने गौशाला में गायों को अपने हाथों से गुड़ खिलाया। उन्होंने वहां के सभी उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि गायों की सेवा करना हमारा धर्म है यहां पर जो भी कर्मचारी उपस्थित हैं वह गौशाला में तन मन से कार्य करेंगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उक्त के पश्चात मंत्री जी ने सैफई मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी में भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना एवं उनके जल्द से जल्द स्वस्थ होने कि ईश्वर से कामना की। उन्होंने इमरजेंसी एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड को भी चेक किया जिसमें वहां पर उपस्थित मरीजों से पूछताछ कर उनका हाल जाना एवं मरीजों से कहा कि अगर यहां पर किसी भी जांच, एक्स-रे या अल्ट्रासाउंड के पैसे लिए जाते हैं तत्काल संबंधित के विरुद्ध शिकायत करें। उन्होंने सीएमएस को निर्देशित करते हुए कहा कि फ्लेक्सी बोर्ड अवश्य लगाया जाए जिस पर डॉक्टर के बैठने का समय, नाम एवं मोबाइल नंबर तथा ऐरो सहित फ्लेक्सी बोर्ड बनवाया जाए जिससे मरीजों को इधर-उधर भटकना न पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### उर्स मुबारक: दरगाह वारसी पर पेश की चादर



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** कटरा शाहब खां स्थित दरगाह हज़रत अबुल हसन शाह वारसी में उर्स मुबारक के अंतिम दिन सोमवार को बाद नमाज़ इशा दरगाह वारसी ट्रस्ट के मेंबर साजिद हुसैन वारसी ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने घर से बहुत ही अदब-एहतराम से सरो पर चादर रखकर लाये और महफिले सिमा से पूर्व दरगाह शरीफ के सेक्रेटरी हसनैन वारिस वारसी के साथ मज़ार शरीफ पर चादर पेश कर सभी ने दुआये व मन्नते माँगी। इस मौके पर माजिद हुसैन वारसी, मशहूद हुसैन वारसी, अरशद वारसी, इशरत अहमद, हैदर हुसैन वारसी, सादिक हुसैन वारसी, सरवर हुसैन वारसी, अरहम हुसैन वारसी, अयान अहमद आदि मौजूद रहे।

### 01 दिसम्बर से जनपद सोनभद्र की तहसीलों में स्टाम्प नयी सर्किल दरें होंगी प्रभावी-जिलाधिकारी



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद सोनभद्र की समस्त तहसीलों में उत्तर प्रदेश स्टाम्प की नयी सर्किल दरें प्रभावी होगी, उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली-1997 यथा संशोधित उत्तर (सम्पत्ति का मूल्यांकन) द्वितीय संशोधन-2013 एवं (तृतीय संशोधन) 2015 के नियम 4(1) के अन्तर्गत जनपद सोनभद्र के उप निबन्धक कार्यालय सदर, दुद्धी, घोरावल व ओबरा की भूमि की न्यूनतम दर प्रति हेक्टेयर /प्रतिवर्ग मीटर तथा गैर-वाणिज्यिक भवन की न्यूनतम निर्माण की दर एतद्वारा 01 दिसम्बर,2024 से निर्धारित कर प्रभावी की जाती है।

### एनटीपीसी विंध्याचल में संविधान दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में हर साल 26 नवंबर को भारत में संविधान दिवस मनाया जाता है। भारतीय संविधान को औपचारिक रूप से संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था और 26 जनवरी 1950 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर लागू हुआ था। इसी कड़ी मे एनटीपीसी विंध्याचल मे संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीव कुमार साहा ने परियोजना के प्रशासनिक भवन मे दिनांक 26.11.2024 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सुनाई। एनटीपीसी विंध्याचल के कर्मचारियों ने संविधान में निहित मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने और राष्ट्र के कानून का पालन करने वाले नागरिकों के रूप में नेतृत्व करने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त संविधान दिवस के अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक(चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी एवं अन्य विभागाध्यक्षों ने भी अपने-अपने विभागो मे शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस एवं एडीएम) ए जे राजकुमार, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा एवं अन्य अपर महाप्रबंधकगण के साथ-साथ यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# जनपद में संविधान दिवस का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में एक भव्य कार्यक्रम/ गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसी प्रकार का कार्यक्रम विकास भवन सहित जनपद के विभिन्न कार्यालयों में पूरी भव्यता के साथ आयोजित किया गया। संविधान दिवस के इस मौके पर लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण देखा गया तथा मा मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को सुना गया। इस मौके पर संविधान दिवस पर प्रसारित डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म का भी अवलोकन किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को संविधान की उद्देशिका का पाठ कराया। उन्होंने जनपद वासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी। संविधान दिवस के मौके पर आयोजित गोष्ठी में जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान है। इसे आज ही के दिन अंगीकृत किया गया था। कहा कि हमारा संविधान क्रांतिकारियों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महान विभूतियों की वर्षो की तपस्या का प्रतिफल है इसमे समय के अनुसार होने वाले परिवर्तनों को आत्मसात करने की प्रवृत्ति है जो किसी भी संविधान की जीवंतता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संविधान की उद्देशिका संविधान की आत्मा/मूल है। जिलाधिकारी ने कहा कि संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी जाने और उनको माने व उनका पालन करें। कहा कि जो जहां पर है वह अपने कार्यों को अच्छे ढंग से संपादित करें तथा देश को तरक्की के मार्ग पर ले जाने में अपना सक्रिय सहयोग करें। इस दौरान सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर ,एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ,एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, प्रशासनिक अधिकारी राज कुमार त्रिवेदी, नाजिर सफी मुहम्मद सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एनसीएल ब्लॉक-बी परियोजना ने पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन




**सोनभद्र/सिंगरौली।** सोमवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की ब्लॉकङ्कबी परियोजना एवं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डी. ए. वी. विद्यालय, ब्लॉकङ्कबी में आयोजित हुआ। इस दौरान श्री संजीव मेहरा, क्षेत्रीय अधिकारी, मध्य प्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड, सिंगरौली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में उपस्थित विद्यार्थियों को प्रदूषण के हानिकारक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी से अपनेङ्कपास के क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए जन मानस को जागरूक करने हेतु आह्वान भी किया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण विषय पर क्विज, पेंटिंग एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी एवं विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी (ब्लॉक-बी), समीर कुमार कुंडू बतौर विशिष्ट अतिथि एवं स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मोहम्मद फहद, नोडल अधिकारी (पर्यावरण), तथा नोडल अधिकारी (सीएसआर) भी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की लापरवाह कर्मचारियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

○ डीएम के आदेश पर लापरवाह दो ग्राम पंचायत अधिकारी सस्पेंड

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनपद में जब से कार्यभार ग्रहण किया है, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए तथा विकास कार्यों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए भ्रष्टाचारियो/विभागीय कार्यो में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर लगातार कार्यवाही कर रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड कुरारा के ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र प्रताप एवं विकासखंड सरीला के ग्राम पंचायत अधिकारी रामू अहिरवार को विभागीय कार्यो में लापरवाही बरतने ,समय से शासकीय कार्यों का संपादन न करने तथा विभागीय योजनाओं में जनपद में सर्वाधिक खराब प्रगति होने के कारण जिलाधिकारी के आदेश पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने आज निलंबित कर दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं एवं विकास कार्यो में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों द्वारा पूरे मनोयोग के साथ शासन की मंशानुरूप कार्य किया जाए। इसी प्रकार बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति इंगोहटा में कार्यरत आंकिक सुरेंद्र तिवारी द्वारा समिति में उर्वरक प्राप्त होने पर भी किसानों को उर्वरक का वितरण न करने व समिति का ताला बंद करके अपना मोबाइल स्विच ऑफ करके बिना किसी सूचना के समिति से गायब होने के कारण किसानों द्वारा सागर कानपुर नेशनल हाईवे जाम किया गया। जिसमें सूचना मिलने पर एसडीएम सदर व अपर जिला सहकारी अधिकारी हमीरपुर को मौके पर जाना पड़ा, बुवाई के महत्वपूर्ण समय में किसानों को उर्वरक वितरण न करने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिसके लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर समिति के आंकिक सुरेंद्र तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा समिति में कार्यरत दो अन्य कर्मचारी सहायक आंकिक शुभकरण यादव व सहायक आंकिक मैयादीन धुरिया को उक्त कृत्य के लिए चेतावनी निर्गत करते हुए अग्रिम आदेशों तक वेतन रोक दिया गया है। इस संबंध में इनसे लिखित स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# विधायक के प्रयासों से बांदा को मिले दो विद्युत सब-स्टेशन

○ नगर वासियों को मिलेगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के प्रयासों से बांदा नगर के अन्तर्गत जहीर क्लब एवं नवाब टैंक, अतर्रा रोड में दो नवीन विद्युत उपकेन्द्र शासन द्वारा बिजनेश प्लान योजना (2024-25) के अन्तर्गत स्वीकृत किये गये है एवं सब-स्टेशनों के निर्माण हेतु कार्यालय अधिक्षण अभियन्ता, विद्युत माध्यमिक कार्य मण्डल द्वारा ई-निविदा जारी की गयी है एवं इन निविदाओं को दिनांक 3.दिसंबर को खोला जायेगा तत्पश्चात् इनके निर्माण का कार्य चालू होगा। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि इन पावर हाउसों के निर्माण से वर्तमान में अतिभारित चिल्ला रोड उपकेन्द्र एवं भूरागढ उपकेन्द्र को विद्युत मॉग के अधिभार से निजात मिल सकेगी। पूर्व में इन दोनो पावर हाउसों अत्याधिक ओवर लोडिंग होने के कारण नगर वासियों को विद्युत कटौती, लो-वोल्टेज एवं ब्रेक डाउन की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा। जहाँ जहीर क्लब पावर हाउस के निर्माण से शम्भू नगर, सर्वोदय नगर, जवाहर नगर, जरैली कोठी, संकट मोचन, केन रोड, डीएम कालोनी, बिजली खेडा, झील का पुरवा, किलेदार का पुरवा, खुटला मढिया नाका, खिन्नी नाका, निम्नीपार आदि क्षेत्रों को विद्युत संकट से निजात मिलेगा वहीं नवाब टैंक, अतर्रा रोड सबस्टेशन के निर्माण से अवन्ती नगर, अतर्रा रोड, अलीगंज, खूटी चैराहा नवाब टैंक, एवं ग्राम हटेटी पुरवा, गंछा, कहला, ग्योडीबाबा, बजरंग पुरवा, कैत का पुरवा, बीच का पुरवा प्रागी तालाब, तिन्दवारा, रेउना, बडोखर, भरखरी आदि ग्रामों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी। सदर विधायक द्वारा बताया गया कि नगर वासियों को सरकार की मंशा के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है तथा अपने क्षेत्र की जनता के हितों के लिए वह सदैव तत्पर है।

# मौदहा में मनाया गया संविधान दिवस

○ बाबा साहब और संविधान की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा हमीरपुर।** आज ही के दिन दुनिया के सबसे बड़े संविधान का निर्माण पूरा हुआ था लेकिन मौजूदा सरकार द्वारा आएदिन किए जाने वाले संशोधनों से विभिन्न राजनीतिक और गैर राजनीतिक दलों ने संविधान पर खतरा बताते हुए संविधान बचाओ यात्रा निकाली जिसकी अगुवाई नगरपालिका अध्यक्ष रजामोहम्मद और भीम आर्मी के मण्डल संयोजक संदीप बाल्मीकि ने की। संविधान दिवस के मौके पर कस्बे में विशाल शोभायात्रा निकाली गई तो वहीं अलग अलग संगठनों और राजनीतिक दलों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया। संविधान निर्माता, भारत रत्न डा.भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को पूरा करने की तिथि को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया।जिसके चलते कस्बे में अलग अलग संगठनों ने अपने अपने तरीक़े से संविधान दिवस मनाया। भीम आर्मी के मण्डल संयोजक संदीप बाल्मीकि के नेतृत्व में कस्बे के कमेला मैदान से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो रहमानिया कालेज, मलीकुआ चौराहा, थाना चौराहा, नेशनल चौराहा, देबी चौराहा, कांजी हाउस, अरतरा तिराहा होकर रेलवे स्टेशन के निकट स्थित अम्बेडकर पार्क में सम्पन्न हुई जहां पर सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर संविधान दिवस मनाया।भीम आर्मी की शोभा यात्रा में डीजे की धुन पर बाबा साहब की प्रतिष्ठा में गीत बजते रहे जिनकी धुन पर युवा थिरकते दिखाई दिए।वहीं शोभायात्रा में संविधान और बाबा साहब की झांकी आकर्षक का केंद्र रही।इस दौरान लगभग पांच सौ लोग मौजूद रहे।इस दौरान संदीप बाल्मीकि ने कहा कि बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान के साथ आएदिन संशोधन के नाम पर मौजूदा सरकार छेड़छाड़ कर रही है जिससे संविधान को खतरा है जिसे बचाने के लिए आज बाईक और पैदल यात्रा निकाली गई है लेकिन अब भी सरकार अपना रवैया नहीं बदलती है तो भीम आर्मी बाबा साहब के संविधान को बचाने के लिए सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेगी। हालांकि नगरपालिका द्वारा सुंदरीकरण के नाम पर खोदी गई सड़क और उसमें निकलने वाली शोभायात्रा के कारण लम्बा जाम लगा रहा और आमजन के साथ उपजिलाधिकारी और पुलिस की गाडियां भी जाम के झाम में फंसकर हूटर बताती रहीं।जबकि कांग्रेसी नेताओं ने भी संविधान दिवस के मौके पर स्टेशन रोड स्थित अम्बेडकर पार्क में जाकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए संविधान दिवस मनाया, इस दौरान जगह जगह पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# तकनीकी परख से रुकेंगे साइबर फ्राड : मुख्यमंत्री

- प्रदेश के 18 रेंज में साइबर थानों की स्थापना की गयी
- प्रदेश के सभी 1775 थानों पर एक-एक साइबर हेल्प डेस्क संचालित हैं : योगी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि साइबर फ्रॉड्स और डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं को रोकने के लिए टेक्नोलॉजी का सकारात्मक इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के लोग टेक्नोलॉजी से भागेंगे तो नकारात्मक लोग उस पर हावी होंगे। ऐसे में हमे उन्हे हावी नहीं होने देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साइबर फ्राड्स से निपटने के लिए पहले चरण में प्रदेश के 18 रेंज में साइबर थानों की स्थापना की गयी है। इसके बाद 75 जिलों में स्थापना की गयी। वहीं आज प्रदेश के सभी 1775 थानों पर एक-एक साइबर हेल्प डेस्क संचालित हैं। इसी के तहत प्रदेश में पहला उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की स्थापना की गयी ताकि बच्चे से साइबर फ्राड्स की पढ़ाई कर इसे रोकने में अपना सहयोग करें। भारतीय संविधान को अंगीकृत किये जाने की 75वीं वर्षगांठ पर नवीन आपराधिक कानूनों के तहत न्याय प्रक्रिया में फॉरेंसिक विज्ञान एवं साइबर सिक्योरिटी की भूमिका विषयक राष्ट्रीय कांफ्रेंस (26-27 नवंबर) के शुभारंभ पर उन्होने कहा कि पिछली एक जुलाई को लागू किये गये तीन नए कानूनो का भाव आपराधिक संहिता और दंड संहिता नहीं है बल्कि न्याय संहिता है। यह नागरिक सुरक्षा की संहिता है।



इसके तहत पहले साक्ष्य जुटाए जाएंगे, उसके बाद अपराधी को कटघरे में खड़ा किया जाएगा। सुशासन की पहली शर्त कानून का राज स्थापित करना होता है। पिछले साढ़े सात वर्षों से प्रदेश में कानून का राज दृढ़ता से स्थापित है। वहीं देश विदेश में प्रदेश के कानून के राज की चर्चा हो रही है।

> समाजवादी पार्टी (सपा) की पिछली सरकार पर निशाना साधते हुये उन्होने कहा कि अधंकार युग में इंस्टीट्यूट की जमीन पर प्रदेश के दुर्दांत भू माफिया ने कब्जा कर लिया था। ऐसे में भू माफिया के खिलाफ कार्रवाई कर जमीन को खाली कराया गया और आज उसी जमीन पर भव्य इंस्टीट्यूट खड़ा है, जहां विभिन्न पाठ्यक्रम की पढ़ाई हो रही है। योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति क्या थी, यह किसी से छुपी नहीं है। प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त थी। उस दौरान गुंडागर्दी चरम पर थी। एक शरीफ व्यक्ति सड़कों पर नहीं आ सकता था। वह घर से बाहर आने में डरता था। दुर्दांत अपराधी और माफिया स्वच्छंद होकर पैरेलल समानांतर सरकारें संचालित करते थे।
>
> उसका दुष्परिणाम यह था कि प्रदेश के नौजवानों और नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया। वहीं आज प्रदेश दंगा मुक्त, गुंडा मुक्त और माफिया मुक्त है। सरकार ने पिछले साढ़े सात वर्षों में पुलिस में खाली पदों पर बड़े पैमाने पर भर्ती की है। उन्होने कहा कि इस दौरान 1,54,000 से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती पारदर्शी तरीके से की गयी। वहीं हाल ही में 60,200 पुलिस कार्मिकों की नई भर्ती की प्रक्रिया संचालित है, जिसका रिजल्ट भी आ गया है। सीएम योगी ने युवाओं को टेक्नोलॉजी से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विधायक राजेश्वर सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, एडीजी जीके गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

# अमृत सरोवर स्थलों पर मनाया गया संविधान दिवस

अवधनामा ब्यूरो

- अमृत सरोवर स्थलों पर हुआ प्रस्तावना का सामूहिक पाठ
- बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आज, 26 नवंबर 2024 को प्रदेश की ग्राम पंचायतों में बने अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। संविधान दिवस के अवसर पर गांवों में बने अमृत सरोवर स्थलों पर पर भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को नमन कर सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। जानकारी दें कि प्रदेश भर में मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में अब तक 18 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर बनाये जा चुके हैं, और इन सभी अमृत सरोवर पर संविधान दिवस मनाने के निर्देश निर्गत किये गये थे। ग्राम्य विकास, द्वारा समस्त जनपदों को संविधान दिवस मनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश पहले ही जारी कर दिये गये थे। संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर समस्त अमृत सरोवर स्थलों पर आज यानि 26 नवंबर 2024 को सुबह से ही जनभागीदारी कराते हुए सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। इसमें प्रदेश भर में गांवों में अमृत सरोवर उपयोगकर्ता समूह, सरकारी अधिकारी/कर्मचारी एवं स्थानीय समुदाय के हजारों लोग शामिल शामिल हुए और कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# वर्दी पहनकर बस संचालन की अनिवार्यता एक जनवरी 2025 से



अवधनामा ब्यूरो

- वर्दी नहीं पहनने वाले कर्मियों से जुर्माना वसूलने का भी प्रावधान

**लखनऊ।** वर्दी पहनकर बस संचालन की अनिवार्यता एक जनवरी 2025 से लागू होगी। वर्दी नहीं पहनने वाले कर्मियों से जुर्माना वसूलने का भी प्रावधान तय कर दिया गया है। यूपी रोडवेज के चालक परिचालक वर्दी में नजर आयेंगे। इसके लिए रोडवेज के नियमित और संविदा कर्मचारी मिलाकर 37 हजार 273 लोगों की सूची बनी है। सूची के मुताबिक हर कर्मियों के खाते में 1800 रुपये भेजा गया है। इन पैसों से खुद कपड़ा खरीदने और सिलाई कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रोडवेज के नियमित चालक 3390, परिचालक 2370, रोडवेज के संविदा चालक 14794, परिचालक 16719 हैं। वर्दी नहीं पहनने पर लगेगा जुर्माना भी लगेगा। पहली बार 50 रुपये का जुर्माना और दूसरी बार 100 रुपये, तीसरी बार 150 रुपये और इसके बाद सौ रुपये की बढ़ोत्तरी करते हुए वेतन से रिकवरी की जायेगी। उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने सभी अधिकारियों को वर्दी के मद में तय की गई धनराशि भेजने के निर्देश दिए हैं। वर्दी पर करीब पौने सात करोड़ का खर्च आयेगा।

## महिला जनसुनवाई आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक, आवेदिकाओं की सुगमता के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जनपदों में आयोग के पदाधिकारियों की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई के पश्चात् महिला बंदी गृह, बालिका एवं महिला गृहों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण आयोग के पदाधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के सदस्य सचिव ने बताया कि प्रदेश के जनपद गोरखपुर, बहराइच, आजमगढ़, बस्ती, श्रावस्ती, गाजियाबाद, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर व प्रयागराज में 27 नवम्बर, 2024 को पूर्वान्ह् 11 बजे संबंधित जनपदों के गेस्ट हाउसों में महिला जनसुनवाई के पश्चात् महिला बंदी गृहों, बालिका/महिला गृहों व आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण भी आयोग के पदाधिकारियों द्वारा किया जायेगा।

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया 68 वीं राष्ट्रीय स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारम्भ

# स्वर्ण उत्तराखण्ड, रजत झारखण्ड और कांस्य उत्तराखण्ड के नाम

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अंडर-17 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की 68वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 26 से 30 नवम्बर तक गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज कुर्सी रोड लखनऊ में कराया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा संदीप सिंह उपस्थित रहे। शुभारंभ कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्यपाल के द्वारा सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से आई हुई टीमों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि द्वारा प्रेम, उम्मीद और प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में गुब्बारे उड़ाये गये। उसके पश्चात् खेल की सद्भावना को बनाए रखने के प्रतीक मशाल को राष्ट्रीय पदक विजेता शिवानी सिंह, अनीश यादव, राष्ट्रीय खिलाड़ी खुशबू पटेल एवं अन्डर-14 हैडेल विजेता अतुल यादव द्वारा प्रज्ज्वलित किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रीय पदक विजेता सी.आई.एस.सी.ई. के छात्र अर्जुन देश पाण्डेय द्वारा सभी खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाई गई। प्रतियोगिता के आधिकारिक प्रारंभ की घोषणा के पश्चात मैदान पर सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए जिसमें राजकीय बालिका इण्टर कालेज, सिंगारनगर, लखनऊ की छात्राओं द्वारा भारत वन्दना और वैदिक कन्या इण्टर कालेज, गनेशगंज, लखनऊ की छात्राओं द्वारा नमामि गंगे नृत्य (महाकुंभ थीम) पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा संदीप सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हार और जीत की ना सोचें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का प्रयास करें। उन्होंने कहा प्रतिस्पर्धी बने परन्तु मनोबल न गिराये और खेल के माध्यम से राष्ट्र को गौरवान्वित करें। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात अपर मुख्य सचिव वित्त एवं माध्यमिक शिक्षा एवं अध्यक्ष स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया दीपक कुमार ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि यह प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित हो रही है जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय स्तर का खेल संगठन है जिसका मुख्य उद्देश विद्यालय छात्रों के बीच खेल और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर फिटनेस को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए मंच प्रदान करना है।



## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम लॉ आफ द लैंड पर व्याख्यान का आयोजन



**लखनऊ।** महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग ने संविधान दिवस के अवसर पर सुप्रीम लॉ आफ द लैंड पर महाविद्यालय में एक व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ डॉ सुमन गुप्ता प्राचार्या के उद्बोधन से हुआ जिसमें उन्होंने संविधान दिवस के महत्त्व को चिन्हित करते हुए भारतीय संविधान की विशेषताओं से छात्रों को अवगत कराया। इस अवसर पर प्रबुद्ध अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ सुश्री अलीना मसूदी ने छात्र छात्रों एवं महाविद्यालय के शिक्षकगणों को सम्बोधित करते हुए संवैधानिक मूल्यों, संविधान का महत्त्व एवं वर्तमान युग में संविधान में उल्लिखित संविधानिक कर्तव्यों एवं अधिकारों के पारम्परिक सामंजस्य के महत्त्व को समझाते हुए महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को उनके कर्तव्यों के प्रति सजग किया एवं देश की सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण से जुडी विधियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में इतिहास विभाग की सहायक प्रोफ़ेसर डॉ सनोबर हैदर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### उत्तर रेलवे ने शपथ समारोह के साथ मनाया संविधान दिवस



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आज संविधान दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय में एक शपथ समारोह में भाग लिया। समारोह में भारत के संविधान की प्रस्तावना को पढ़ना शामिल था, जो संविधान में निहित मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। महाप्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारियों ने बड़ौदा हाउस में सम्पन्न एक कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना पढ़ी, जिसमें राष्ट्र के शासन में संविधान के महत्व पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने की शपथ ली, जो राष्ट्र के संस्थापक दस्तावेज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस वर्ष का समारोह विशेष महत्व रखता है क्योंकि उत्तर रेलवे न्याय, समानता और स्वतंत्रता के सिद्धांतों के प्रति अपने समर्पण की पुष्टि करता है।

### 28 से 30 नवम्बर तक इंडिया 2024 इंटरनेशनल एग्जिबिशन का आयोजन

**लखनऊ।** आरडीएसओ में 28 से 30 नवम्बर तक इनो रेल इंडिया 2024 इंटरनेशनल एग्जिबिशन का आयोजन किया जायेगा। इस इनो रेल इंडिया 2024 इंटरनेशनल एग्जिबिशन में रेलवे की उन्नत तकनीकों की प्रदर्शनी और हाईस्पीड रेल सेवाओं पर मंथन होगा। गुरुवार को इस एग्जिबिशन का उद्घाटन केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह करेंगे। जिसमें दुनिया भर की कम्पनियां अपने नये उत्पादों के बारे में जानकारी देंगी। आरडीएसओ के स्टेडियम में होने वाले इस आयोजन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। इनो रेल इंडिया के आयोजन यह छठवां संस्करण है। हर दो साल पर आयोजित होने वाले इस आयोजन का पहला संस्करण 2014 में आयोजित हुआ था। इस बार रेलवे के विभिन्न विभागों के इंजीनियर इसमें अपनी नई तकनीकों के बारे में बतायेंगे। साल 2022 में भी आरडीएसओ में ही इसका आयोजन हुआ था। जिसमें 12000 से ज्यादा मेहमानों ने शिरकत की थी। भारत के अलावा ऑस्ट्रिया, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, कोरिया, रूस, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान, यूक्रेन, यूके और यूएसए की 200 से अधिक कम्पनियों ने भाग लिया था।

# भारतीय संविधान अधिकार ही नहीं बल्कि दायित्व का बोध भी कराता है

- भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधाभूत दस्तावेज है

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय संविधान केवल अधिकार ही नहीं प्रदान करता बल्कि कर्तव्यों के दायित्व का बोध भी कराता है। आज हम 75वां संविधान दिवस मना रहे हैं जो कि संविधान का अमृत काल है। आजादी के बाद हमारा संविधान लिखा गया इसमें विभिन्न प्रकार के परिवर्तन किये गए और जो स्वरूप हमें आज मिला है उसने हमें जीने की कला सिखाई है। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधाभूत दस्तावेज है। भारतीय संविधान अपने नागरिको के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सुनिश्चित करता है। ये बातें समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के फलस्वरूप संविधान को अंगीकृत किए जाने की तिथि 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की विशिष्टताओं एवं उनमें वर्णित मौलिक कर्तव्यों की महत्ता के प्रति भागीदारी भवन स्थित छत्रपति साहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा ट्राइब्स इंडिया में कार्यरत समस्त अधिकारी/ कर्मचारी एवं संस्थान में पढ़ रहें छात्रों को जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहीं। संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। साथ ही भारतीय संविधान की विशिष्टताओं एवं उनमें वर्णित मौलिक कर्तव्यों की महत्ता पर संस्थान के छात्रों द्वारा निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार रखे।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने किया भोजन कार्यक्रम शुभारंभ

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अपने दूरदर्शी संस्थापक, श्री सेठ सीताराम पोद्दार जी की जयंती मनाई गई, जिसमें उन्होंने सामुदायिक कल्याण और संवहनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस अवसर पर, बैंक ने केंद्रीय कार्यालय में अपना निःशुल्क भोजन कार्यक्रम आरंभ किया। इस पहल का उद्घाटन प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, ए. मणिमेखलै द्वारा सभी कार्यपालक निदेशकों, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया, जो समुदाय की सेवा और उत्थान के लिए बैंक के समर्पण का प्रतीक है। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय के जरूरतमंद व्यक्तियों को ताज़ा भोजन और फल उपलब्ध कराना है, जो बैंक के सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को दर्शाता है। इस अवसर पर, बैंक की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, ए. मणिमेखलै ने बताया, यूनियन बैंक में, हम मानते हैं कि समुदाय को वापस देना न केवल एक जिम्मेदारी है, बल्कि एक विशेषाधिकार है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, हम उन लोगों तक पहुँचने का प्रयास करते हैं जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है और एक संवहनीय भविष्य के लिए सार्थक योगदान देते हैं। यह पहल यूनियन बैंक के उन समुदायों के पोषण और उत्थान के प्रति समर्पण को रेखांकित करती है, जिनकी वह सेवा करता है, और यह सुनिश्चित करता है कि प्रगति और संवहनीयता की ओर अपनी यात्रा में कोई भी पीछे न छूटे।

# धर्मपाल सिंह ने सभी को दी संविधान दिवस की बधाई



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में जिला स्तर पर संविधान दिवस मनाकर संविधान के प्रति प्रतिबद्धता के साथ बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जी को कृतज्ञ नमन किया। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सभी को संविधान दिवस की बधाई देते हुए संविधान का पूजन कर नमन किया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में संविधान दिवस पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत का आधुनिक लोकतंत्र 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूर्ण करके आगे बढ़ रहा है। आज ही के दिन 1949 में संविधान देश की जनता को समर्पित किया गया। गणतंत्र, पंथनिरपेक्षता, सशक्त निर्वाचन पद्धति, संघीय ढांचा, मौलिक अधिकर, मूलभूत कर्तव्य, सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय संविधान के कीर्तिमान है। संविधान भारत में सभी नागरिकों के लिए दिग्दर्शक तत्व है। हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के संविधान के सिद्धान्तों और आर्दशों से सदैव प्रेरणा ली है और संविधान के मूल्यों को सभी लोककल्याणकारी योजनाओं में समाहित किया है।

## परिवहन विभाग की 16 और सेवाएं फेसलेस

**लखनऊ।** परिवहन विभाग की 16 और सेवाएं मंगलवार से फेसलेस कर दी गई हैं। अब इन सुविधाओं के लिए आवेदक को आरटीओ कार्यालय के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब तक परिवहन विभाग की 37 सेवाएं फेसलेस की जा चुकी है। इनमें वाहन पोर्टल की 15 और सारथी पोर्टल की 22 सेवाएं हैं। जल्दी ही कई और सुविधाएं ऑनलाइन मिलने लगेगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि अधिक से अधिक सेवाएं लोगों को घर बैठे ही मिले जायें, इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। परिवहन विभाग अब 37 सेवाओं को फेसलेस कर चुका है। परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह ने कहा कि लर्निंग लाइसेंस, लाइसेंस में कोई भी परिवर्तन, डुप्लीकेट ड्राइविंग लाइसेंस, हेजार्डस मैटेरियल, डीएल का रिनीव्यूल, बायोमेट्रिक में परिवर्तन, लर्निंग लाइसेंस का डुप्लीकेट, विभिन्न दस्तावेजों में मोबाइल नम्बर अपडेट, इंटरनेशल ड्राइविंग लाइसेंस परमिट, वाहन परमिट, सीएल में नाम परिवर्तन समेत कई सेवाएं फेसलेस की जा चुकी है।

# इंटरसिटी एक्सप्रेस का नम्बर बदला

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ और वाराणसी के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस का नम्बर बदल दिया गया है। ट्रेन का नया नम्बर 24203 एवं 24204 हो जायेगा। यह ट्रेन अब एक्सप्रेस मेल की जगह सुपरफास्ट बन गई है। इसके संचालन में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह ट्रेन पहले की तरह निर्धारित समय सारिणी के अनुसार चलेगी और तय स्टेशनों पर ही रुकेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि यह ट्रेन एक्सप्रेस व मेल की जगह सुपरफास्ट बनेगी। ट्रेन का नया नम्बर 26 नवम्बर से लागू होकर सुपरफास्ट बनकर चलेगी। इस ट्रेन में थर्ड एसी का एक कोच बढ़ाया जायेगा। ट्रेन नम्बर 14203 वाराणसी लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस शाम को और ट्रेन नम्बर 14204 लखनऊ वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस सुबह चलती है। यह ट्रेन रायबरेली और बछरावां समेत रास्ते के सभी प्रमुख स्टेशनों पर रुकती है। इस ट्रेन में अभी 10 कोच लगते हैं जिनमें एक चेयरकार और बाकी सामान्य कोच हैं। सुपरफास्ट बनने के बाद इसमें थर्ड एसी का एक वातानुकूलित कोच बढ़ाया जायेगा। चेयरकार और थर्ड एसी कोच में सीटों का आरक्षण शुरू हो चुका है।




### लखनऊ रायबरेली रेलखंड का किया रात्रिकालीन निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के मण्डल रेल प्रबंधक एसएम. शर्मा के निर्देशन में विभिन्न प्रकार के संरक्षा सम्बंधी कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत मण्डल रेल प्रबंधक ने लखनऊ रायबरेली रेलखंड का रात्रिकालीन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक ने रेलपथ की संरक्षा, फुटप्लेट, ट्रैक के आसपास की स्थितियां, समपारों की कार्य प्रणाली, सिग्नलिंग प्रणाली, मार्ग में पड़ने वाले रेलपुल, विभिन्न प्रकार के संकेतकों सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने अपने आवश्यक निर्देश पारित करते हुए डीआरएम ने शीतऋतु के दौरान कोहरे और धुंध के चलते कार्यरत कर्मचारियों को अतिरिक्त सजगता, सतर्कता और सावधानी बरतते हुए ट्रेनों के संरक्षित और समयबद्ध परिचालन की बात कही। उन्होंने संरक्षा सम्बंधी सभी आवश्यक संयंत्रों की उपलब्धता तथा उनके उचित रखरखाव तथा समयानुसार प्रयोग करने पर विशेष बल दिया।

### देश की अखंडता में संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के डीआरएम एसएम.शर्मा और पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में रेलकर्मियों ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता तथा मौलिक कर्तव्यों को सुनिश्चित करने के लिए संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान के प्रति अपनी आस्था एवं प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक एसएम. शर्मा की उपस्थिति में देश की अखंडता, एकता एवं समरसता को स्थापित कराने में संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उद्देशिका का पठन किया गया। अपने विचार व्यक्त करते हुए मण्डल रेल प्रबंधक ने भारतीय संविधान की अनगिनत विशेषताओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विविधताओं के बाद भी भारत वर्ष को एकसूत्र में पिरोने का महत्वपूर्ण कार्य हमारा संविधान करता है। पूर्वोत्तर रेलवे में सहायक कार्मिक अधिकारी रंजीत कुमार ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता तथा मौलिक कर्तव्यों को सुनिश्चित करने के लिए संविधान की प्रस्तावना पढ़ाई। संविधान दिवस पर रेलवे लखनऊ मण्डल के विभिन्न स्टेशनों, कार्यालयों, हेल्थ यूनिटों, कोचिंग डिपों आदि स्थानों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मौलिक कर्तव्यों की सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना पढ़ाई गई।